WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 304 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

न्यूज गैलरी

20 हजार से ज्यादा किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस साल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। प्रदेश में लगभग 25 लाख से अधिक किसान धान बेचने के पात्र हैं और सरकार ने इस बार 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का लक्ष्य तय किया है।

लेकिन रायपुर जिले में अब भी 20 हजार से ज्यादा किसान ऐसे हैं जिनका एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन नहीं हो पाया है, जिसके कारण वे धान नहीं बेच पा रहे हैं, क्योंकि पोर्टल पर पंजीयन न होने से इन किसानों की जमीन का रिकॉर्ड भी सिस्टम में दिखाई नहीं दे रहा, जिसके बाद समिति किसानों का धान नहीं खरीद पाएगी। सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का प्रावधान रखा है, ऐसे में हजारों किसानों की खरीदी न होने से कई टन धान का संकट खड़ा हो सकता है। पंजीयन न होने से किसानों में भारी बेचैनी है। धान की फसल कटकर तैयार हो चुकी है, लेकिन खरीदी प्रक्रिया से बाहर होने के कारण किसानों को नुकसान का डर है। दतरेंगा में रहने वाले जीवन लाल का कहना है कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करते वक्त कई तरह की परेशिानयां हो रहीं थीं जिसमें कई किसानों के पास मोबाइल न होना, सर्वर की समस्या, कभी ओटीपी नहीं पहुंच रहा है। इस तरह की कई समस्या किसानों के सामने आ गई थी। जिसके कारण कई किसानों का पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया था।

बीएसपी के मुद्दों पर विधायक देवेंद्र यादव अनशन पर

भिलाईनगर/नवप्रदेश। बीएसपी के रिटेंशन स्कीम के नियमों में बदलाव को वापस लेने, कार्मिकों के मिनिमम वेज, दुकानों के लीज नवीनीकरण आदि मांगों को लेकर विधायक देवेन्द्र यादव शनिवार को बेरोजगार चौक के समीप मैदान में दो दिवसीय सत्याग्रह पर बैठ गए। उन्होंने आज कहा कि सरकार और सेल बीएसपी को निजी हाथों में सौंपने के लिए उतारू हो गई है। यह हम सभी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है। आज हम यदि निजीकरण के खिलाफआवाज बुलंद नहीं करेंगे, तो भविष्य हमें माफनहीं करेगा। पत्रकारों से विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि बीएसपी के हम दुश्मन नहीं हैं केवल मनमाने तरीके से स्कूल, अस्पताल, मनोरंजन के केंद्र मैत्रीबाग जू को सरकार के इशारे पर निजी हाथों में देने के फैसले का विरोध कर रहे हैं जिसका भिलाईवासियों पर बुरा असर होगा। आज सत्याग्रह में महापौर परिषद के प्रभारी लालचंद वर्मा एवं वरिष्ठ कांग्रेसी जग्गा राव में भी बैठे। उन्होंने कहा कि हम बीएसपी के कार्यों में बाधा नहीं डालना चाहते बल्कि बीएसपी की तरक्की के लिए जो समर्थन चाहिए हम देंगे, लेकिन शहर की बर्बादी होते हुए नहीं देख सकते हैं।

निर्भीक होकर कोचियों, बिचौलियों पर करें कार्रवाई: कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की बैठक ली। उन्होंने कहा कि किसानों को एग्रीस्टेक में आने वाली दिक्कतों का प्राथमिकता से समाधान करें। कलेक्टर ने मेढ़ा, मुरमुंदा सहित ऐसे स्थान जहां एग्रीटेक पोर्टल में तकनीकी समस्या आ रही है। उसके लिए समन्वय करते हुए अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत एवं निष्ठापूर्वक उत्कृष्ट कार्य करें और फील्ड में निरीक्षण करते रहे । जिससे वस्तुस्थिति की जानकारी से अपडेट रहेंगे। उन्होंने कहा कि धान का अवैध परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई जारी रखें तथा धान उपार्जन केन्द्रों की सतत मानिटरिंग करते रहे। उन्होंने सभी से कहा कि निर्भीक होकर कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करें तथा इसके संबंध में जानकारी देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी देने वालों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। जिससे स्टेकिंग सही तरीके से होगा तथा भौतिक सत्यापन अच्छे से होगा। उन्होंने समिति प्रबंधकों से कहा कि सजग रहते हुए ईमानदारी से कार्य करें।

5वीं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का शुभारंभ आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 5वीं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आज भव्य उद्घाटन समारोह राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश एवं देश की नामचीन टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ। रमन सिंह होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे शहर के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति भी मंच की गरिमा को बढ़ाएगी।

एनएमडीसी ने पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में 7 प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और एक जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन का विषय ÷सशक्त विकास, जड़ों का संरक्षण÷ रहा, जिसमें जनसंपर्क और रणनीतिक संचार में उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण पहल, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुसंधान एवं विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच तथा कॉर्पोरेट संचार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान के लिए एनएमडीसी की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया, जो सतत विकास और राष्ट्र-निर्माण के प्रति संगठन के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है।

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड के जैव प्रौद्योगिकी मंत्री गणेश जोशी, सांसद श्री नरेश बंसल तथा स्वामी चिदानंद जी सरस्वती महाराज सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पुरस्कार मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा, उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. प्रसाद गौरीनेनी सहित उद्योग जगत की अन्य विशिष्ट हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से श्री च. श्रीनिवास राव, उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) ने संगठन की ओर से सम्मान ग्रहण किया। एनएमडीसी को सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्ट तथा गृह पत्रिका (हिंदी) के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने हेतु सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान एवं विकास प्रयास तथा महिला विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ सीएसआर परियोजना के लिए द्वितीय पुरस्कार, जबकि सीएसआर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ पीएसयूऔर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली उत्कृष्ट पहलों के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। टीम को बधाई देते हुए सुश्री जी. प्रियदर्शिनी, निदेशक (कार्मिक) ने कहा, ÷ये सम्मान इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि सार्थक प्रगति तब हासिल होती है जब प्रदर्शन उद्देश्य से निर्देशित हो और स्पष्टता के साथ संप्रेषित किया जाए। हमारी यात्रा खनन से आगे बढ़कर समुदायों को सशक्त बनाने, कौशल को पोषित करने, नवाचार को आगे बढ़ाने और राष्ट्र के विकास में जिम्मेदारीपूर्वक योगदान देने तक विस्तृत है। ये पुरस्कार हमारी टीम की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके माध्यम से वे एनएमडीसी के इतिहास को प्रामाणिकता, प्रभाव और गर्व के साथ प्रस्तुत करते हुए सभी हितधारकों के साथ विश्वास को सुदृढ़ कर रहे हैं।÷

अपने नेतृत्व को और मजबूत करते हुए, एनएमडीसी पीआरएसआईद्वारा मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रों में व्यापक पहलों को आगे बढ़ा रहा है। संरचित कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से एनएमडीसी भविष्य के लिए प्रतिभाओं का निर्माण कर रहा है तथा युवाओं में रोजगार क्षमता को बढ़ा रहा है।

जिले में होंगे विविध कार्यक्रम, जनभागीदारी पर रहेगा विशेष जोर

अटल जन्म शताब्दी वर्ष: बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में कार्यशाला आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलेभर में व्यापक एवं बहुआयामी कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी की गई है। इसी क्रम में आज बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कान्दाडोंगर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अटल जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने राजनीति को शालीनता, संवाद और राष्ट्रहित की दिशा दी। उन्होंने कहा कि जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अटल जी के विचारों और मूल्यों से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी एवं अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोगकैबिनेट मंत्री दर्जा नेहरू निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल जन्म शताब्दी वर्ष केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उनके सुशासन, अंत्योदय और राष्ट्रप्रथम की भावना को जीवन में उतारने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर जनभागीदारी के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा कि अटल जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सूचना दी कि सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे युवा वर्ग को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया जा सके। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में देश ने विकास, सुरक्षा और सामाजिक समरसता के नए आयाम स्थापित किए। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

भाजपा जिला संगठन के अनुसार 25 दिसंबर 2025 को अटल जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर जिले के प्रमुख स्थलों पर स्थित उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके पूर्व 24 दिसंबर को स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्वलन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे। शताब्दी वर्ष के तहत जिले में 'अटल सम्मेलन', विचार प्रदर्शनी, स्कूल-कॉलेजों में निबंध, भाषण, चित्रकला, रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिला नेतृत्व ने बताया कि यह अभियान जिले के प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अटल जी के विचार और आदर्श समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकें। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा एव आभार पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने किया। कार्यक्रम में मुरलीधर सिन्हा चंद्रशेखर सोनवानी गुरुनारायण तिवारी पदुलोचन जगत सरिता ठाकुर सुरेंद्र सोनटेके मनीष सिन्हा श्रुती ध्रुवा नूरमती मांझी राधेश्याम सोनवानी धनराज विश्वकर्मा शिवशंकर जायसवाल संतोष यादव नवीन मांझी भगवानों बेहरा भोजराज सिन्हा जगमोहन पटेल कुंजबिहारी बेहरा योगेश शर्मा शोभचंद्र पात्र हेमंत नागेश सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ाया फर्जी बीएसएफ जवान

■ **कार पर लिखवा रखा था पुलिस, दिखाया फेक आईडी**

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलिस ने 20 दिसंबर को ग्रीन चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने फर्जी BSF को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम सिमरनजीत है, जो पंजाब का रहने वाला है। वह दुर्ग में किराए के मकान से रह रहा था। उसने अपना खुद का फर्जी पहचान पत्र बनवाया है और अपनी कार में पुलिस लिखवाया है।

कार पर लिखवा रखा था पुलिस, दिखाया फेक आईडी: वाहन चालक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम सिमरनजीत सिंह निवासी सुंदरनगर मीराकोट चौक एयरपोर्ट रोड, थाना कम्बोज, जिला अमृतसर बताया। वर्तमान में वह सिंधिया नगर स्थित सेंगर हाउस, दुर्ग में किराये के मकान में रहना बता रहा था। आरोपी ने खुद को बीएसएफ में पदस्थ होना बताया और पुलिस को एक बीएसएफ का आईडी कार्ड दिखाया। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले की सूचना संबंधित मजिस्ट्रेट को भेज दी गई है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी कब से फर्जी पहचान के सहारे घूम रहा था और कहीं उसने किसी अन्य वारदात को अंजाम तो नहीं दिया है।

पेट्रोलिंग स्टाफने सिंधिया नगर से आ रही कार की जांच की

मोहन नगर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अपनी पेट्रोलिंग टीम के साथ ग्रीन चौक दुर्ग में आने-जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पेट्रोलिंग स्टाफने सिंधिया नगर दुर्ग की ओर से आ रही डिजायर कार (क्रमांक ष्टत्र 07 ष्टक्र9095) को रोककर जांच की।

यौन उत्पीड़न में फंसे पुलिस अफसर की जमानत नामंजूर

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। यौन उत्पीड़न के आरोप में फंसे पुलिस अधिकारी की अग्रिम जमानत याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आरोपित पुलिस अफसर है, अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार करने की स्थिति में वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। आरोप को प्रकृति गंभीर है। सिंगल बेंच ने इन टिप्पणियों के साथ पुलिस अफसर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

दुर्ग जिले के पुराना भिलाई थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला की शिकायत पर पुलिस ने पुलिस अधिकारी अरविंद कुमार मेढे पर यौन उत्पीड़न का अपराध दर्ज किया है। पीड़िता ने दर्ज कराई एफआइआर में आरोप लगाया है कि उसका बेटा पाक्सो एक्ट के प्रकरण में जेल में बंद है। पुलिस अधिकारी ने बेटे की जमानत कराने का झांसा देकर उससे संपर्क किया फिर लगातार संपर्क करने लगा और मिलने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता महिला के अनुसार 18 नवंबर 2025 की शाम तकरीबन 6:10 बजे उसे थाने बुलाया। थाना पहुंचने पर महिला पुलिसकर्मियों ने कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए। इसके बाद आरोपित पुलिस अफसर ने फोन कर उसे चरोदा बस स्टैंड बुलाया। वहां से उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर एक सुनसान जंगल बाले इलाके में ले गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वहां आरोपित पुलिस अफसर ने शारीरिक संबंध बनाने दबाव डाला। इस बीच उसे गले लगाया और अश्लील हरकतें कीं। पीड़ित महिला के अनुसार मासिक धर्म की बात बताने पर आरोपित ने उसे छोड़ दिया और दो दिन बाद फिर मिलने को कहा।

मंदिरों में चोरी करने वाला सीरियल चोर गिरोह पकड़ाया

भिलाईनगर/नवप्रदेश। पांच मंदिरों में चोरी करने वाले सीरियल चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपी सहित छत्र मुकुट खरीददार अनूपपुर का ज्वेलर्स संचालक गिरफ्तार है। आरोपी मध्यप्रदेश, मुंगेली से हैं। आरोपी चोरी एवं दुष्कर्म के आरोप में पहले भी बिलासपुर में जेल काट चुके हैं।

सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में एएसपी सुखनंदन राठौर ने पत्रवार्ता में बताया कि 7 अगस्त की रात फल मंडी पावर हाउस हनुमान मंदिर, 5 नवंबर को सेक्टर 5 कांचीकमाधी मंदिर, 14 दिसंबर को काली मंदिर सुपेला, 12 नवंबर को फरीद नगर दुर्गा मंदिर में मंदिर का ताला दान पेटी चोरी तथा 15-16 दिसंबर की रात सेक्टर 6 स्थित बालाजी मंदिर में चोरी का प्रयास किया गया था।

भिलाई शहर में लगातार मंदिर में हो रही चोरी पुलिस के लिये चनौतीपूर्ण थी। इसी क्रम में सपना टॉकिज पावर हाउस के पीछे दो लड़कों के संबंध में जानकारी मिली कि ये दिन-रात में मुंगेली आरटीओ से रजिस्टर्ड बाइक में घूमते हैं, और दिन भर घर के अन्दर रहते हैं।

उक्त संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम रामचंद राठौर निवासी गोरसी अनूपपुर मध्यप्रदेश तथा मुकेश जायसवात ग्राम जोगीपुर थाना तखतपुर जिला मुंगेली का होना बताया। इनकी बाइक होण्डा साइन सीजी 28 एल 4683 की तलाशी लेने पर मोटर साइकिल की डिक्की में एक सब्बल मिला। आरोपियों से सघन पूछताछ करने पर रामचंद राठौर ने बताया कि वह पूर्व में करगी रोड कोटा की जेवलरी दुकान और बिलासपुर के मकानों में चोरी कर चुका है। पुलिस द्वारा पकड़ा भी गया था। जेल से जमानत पर छूटा है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि आरोपी मुकेश जायसवाल ने पूछताछ पर बताया कि वह थाना तखतपुर से दुष्कर्म के मामले में बिलासपुर जेल गया था। जेल में ही इसकी पहचान रामचंद राठौर से हुई थी। जेल से छूटने पर ये दोनों आकाश गंगा भिलाई फल मण्डी में हमाली करने लगे थे और सपना टाकिज पावर हाउस के पीछे पानी टंकी के पास किराये के मकान में रहते थे।

दोनों ने मंदिरों में चोरी करने की योजना बनाई और मंदिरों की रेकी कर मंदिर में चोरी करने लगे। चोरी में प्राप्त चांदी का छत्र मुकुट मुखौटा, चांदी का चम्मच जिते राम चंद राठौर ने अनूपपुर के ज्वेलर्स विकास सोनी को बेच दिया था आरोपियों से पूछताछ पर कुल 5 चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी में प्रयुक्त बाइक, एक सब्बल, एक मोबाइल, एक टेबलेट एक सिक्का जब्त किया है।

महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

गरियाबंद/नवप्रदेश। जे.के.एस. मार्केटिंग साइबर ऑफटेक्नोलॉजी प्रायवेट लिमिटेड के तत्वावधान में महिलाओं को स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करने तथा उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज गरियाबंद सीटी स्थित जायका रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप के पास किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। इस दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से महिलाओं की दैनिक उपयोग की वस्तुओं, जैसे सेनेटरी पैड, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। महिलाओं को सेनेटरी पैड के सही उपयोग, उसके महत्व, स्वच्छता बनाए रखने तथा इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक किया गया।

इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर डॉ कैलाश साहू साइबर एक्सपर्ट जे.के. एस.मार्केटिंग प्रायवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। आत्मरक्षा के उपाय, सामाजिक जागरूकता तथा विपरीत परिस्थितियों में सतर्क रहने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। वहीं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों, कौशल विकास तथा आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई।

कार्यशाला के अंत में उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक महिलाओं तक जागरूकता पहुँचाने की बात कही गई। उक्त आयोजन में विशेष कर नेकराम सिन्हा जी ,पवन मरकाम पार्वती उईके, त्रिवेणी दीवान, देवंतीन डहरिया, नूतन नेताम,रिंकी सेंद्र इत्यादि उपस्थित रहे।

जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की ख़ूराक

छूटे बच्चों को घर-घर जाकर पिलाया जाएगा पोलियो ड्रॉप

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में 21 दिसंबर रविवार को पल्स पोलियो अभियान का सफल आयोजन किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए पोलियो बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के हजारों बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और स्वयंसेवकों की टीम ने अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।



अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान जो बच्चे किसी कारणवश पोलियो ड्रॉप से वंचित रह गए हैं, उन्हें आगामी दिनों में घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलवाएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें, ताकि गरियाबंद जिला पूरी तरह पोलियो मुक्त बन सके। जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन रविवार 21 दिसंबर को किया गया, जिसमें पहले दिन बूथों पर तथा 22 से 23 दिसंबर को मॉप-अप अभियान के तहत घर-घर भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत लिटिपारा व पीपरछेड़ी में भी 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बच्चों को उनके निकटतम निर्धारित पोलियो बूथ पर दवा पिलाई गई। बता दें कि जिले में कुल 830 पोलियो बूथों के माध्यम से 91 हजार 115 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 1 हजार 835 टीम सदस्यों का गठन किया गया है।

WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर...
2 | छत्तीसगढ़
4 | अभिव्यक्ति
8 | छत्तीसगढ़
11 | कारोबार

रायपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025 | कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 | अंक- 304 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

टेक्स चोरी का खेला-स्वदेशी मेला: खुलेआम हो रही करों की चोरी

मेला घूमने आए लोगों के 100 रु डूबने की और स्टॉल लगाने वाले की हर दिन हजारों रुपए ठगी से कमाने की गारंटी, क्योंकि जिस राड से पकड़कर सिर्फ 2 मिनट लटकना है वह घूमती रहती है जो अंधेरे में दिखाई नहीं देता।

■ शासन को लाखों का चूना, जीएसटी नम्बर कही प्रदर्शित नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के साईंस कालेज मैदान में एक सप्ताह के लिए लगे स्वदेशी मेला में शासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। स्वदेशी को बढ़ावा देने के नाम पर जमकर टेक्सफ्री व्यापार किया जा रहा है। मेले में स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री को प्रोत्याहित करने वाला स्टाल इक्का-दुक्का ही कही कही नजर आता है। विशाल मैदान में फैले मेला एरिया में 90 प्रतिशत दुकानें पूर्णतः कमर्शियल वस्तुओं की है। एक तरह से मीना बाजार को स्वदेशी मेला नाम देकर चलाया जा रहा है। मेला ग्राउंड में भीतर घुसते ही हवाई झूला, टाय ट्रेन, हारर शो जैसे कई तरह के गेम नजर आते है। सभी में झूलने के लिए महंगा टिकट रखा गया है। परिवार सहित आने वाले लोग अक्सर इन झूलों में झूलने का मौका नहीं छोड़ते। खासकर छोटे बच्चे तो हर तरह के झूलों में बैठना पसंद करते है। उनकी खुशी को ध्यान में रखते हुए माता-पिता हजारों रुपए इन झूलों में सिर्फ कुछ मिनट की खुशी के लिए खर्च करते है। हवाई झूला टाय ट्रेन सहित कई तरह की झूलों में बैठने के लिए जो टिकट संचालकों द्वारा दिया जाता है उनमें न तो कम्पनी का कोई नाम होता है और न ही कोई जीएसटी नम्बर। केवल स्वदेशी मेला के आयोजकों को स्टाल लगाने के नाम पर मनमाना किराया देकर लगता है सभी तरह के नियम कानून से छूट मिल जाती है। मनमानी देखकर मेला आने वाले लोगों से खुलेआम लूट का लाईसेंस मिल गया है, ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता है।

बाल फेको एलईडी टीवी जीतो। ठगी के धंधे का नायाब नमूना क्योंकि एलईडी वाले नंबर पर बाल कभी गिरेगी नहीं, ऐसी सेटिंग फिक्स है।

वाहन पार्किंग में हर दिन बेहिसाब व्यापार : स्वदेशी मेला के दो एंट्री गेट है। एक जीई रोड में यूनिवर्सिटी मोड़ के बाजू से और दूसरा खेल संचालनालय वाली साईड से। दोनों ही गेट से भीतर प्रवेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ठगी करने वाले स्टाल की भरमार

मेले में जिस तरह से ठगी करने वाले स्टालों को जगह दी गई है उसे देखकर लगता है कि आयोजकों ने स्टाल लगाने हेतु मनमाना किराया वसूलने के बाद स्थानीय लोगों से ठगी करने की पूरी छूट दे दी है। ठगी कर रहे लोगों की मनमानी देखकर लगता है मानों उन्हें इस तरह के गलत कार्य करने आयोजकों की ओर से अभयदान मिला हो। इस तरह के स्टालों में वे स्टाल शामिल है जिन पर प्रशासन की ओर से रोक है लेकिन यहां सब कुछ निर्बाध रुप से चल रहा है। भोले-भाले लोगों से ठगी कर रहे स्टालों में 100 रुपए देने पर एक हजार रुपए देने का हैंग चैलेंज, फुटबाल से एक साथ छः गिलास एक साथ गिराने पर इनाम, बाल निर्धारित खाने में गिरने पर एलईडी टीवी इनाम जैसे गोरखधंधे वाले गेम शामिल है।

आज बेबाक

जिनकी राजनीतिक दुकानदारी की वाट लग जाती है वो मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए बाबा बेंगा बनकर भविष्यवाणी करते हैं। लंबी-लंबी छोडऩे लगते हैं। उत्तरप्रदेश के कांग्रेस नेता अजय राय ने भविष्यवाणी की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बनारस से बोरिया बिस्तर बंध जाएगा। वहीं शिवसेना यूबीटी के बड़बोले नेता संजय राउत ने भविष्यवाणी की थी कि 19 दिसंबर को बड़ा राजनीतिक धमाका होगा और पीएम मोदी की कुर्सी हिल जाएगी लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। ऐसा लगता है कि संजय राउत का ऊपरी माला ही हिल गया है।

कांग्रेस ने हमेशा असम, नॉर्थ-ईस्ट के विकास का विरोध किया : मोदी

गुवाहाटी (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के नामरूप में फर्टिलाइजर यूनिट का उद्घाटन करने के बाद कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा असम और नॉर्थ-ईस्ट के विकास का विरोध किया है। उन्होंने कहा, जब भाजपा सरकार ने संगीतकार भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया, तो कांग्रेस ने असम के इस महान व्यक्ति का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी ने असम के नगांव जिले में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के हमारे फैसले का भी विरोध किया। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस को असम के लोगों से कोई प्यार और सम्मान नहीं है, बल्कि वे घुसपैठियों के प्रति पक्षपाती हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने उन घुसपैठियों का समर्थन किया जिन्होंने असम की आबादी को बर्बाद कर दिया क्योंकि वे घुसपैठिए विपक्षी पार्टी के वोट बैंक हैं। इसके विपरीत, भाजपा ने हमेशा असम के लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा सरकार राज्य के मूल निवासियों की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रही है।

इससे पहले, पीएम मोदी ने गुवाहाटी में शहीद स्मारक क्षेत्र में ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जो राज्य के लोगों के लिए एक बहुत ही भावुक क्षण था। प्रधानमंत्री ने फूल चढ़ाए और 1979 में शुरू हुए छह साल लंबे विदेशी विरोधी आंदोलन के पहले शहीद खर्गेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला पहनाई और असम की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों को याद किया। शहीद स्मारक क्षेत्र उन 860 लोगों को समर्पित है जिन्होंने असम आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाई थी। अपनी यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने शहीदों की गैलरी का भी दौरा किया, जहां सभी शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित हैं और सभी को सम्मान दिया। प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर क्रूज जहाज चराइदेव पर असम के विभिन्न हिस्सों से चुने गए 25 छात्रों के साथ एक विशेष और प्रेरणादायक बातचीत भी की, जो राज्य की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान एक अनोखी मुलाकात थी।

पीएम मोदी के घुसपैठिए वाले बयान पर कांग्रेस का पलटवार, कहा- नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष पर मढ़ रहे दोष

असम दौरे पर पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा, केंद्र में उनकी सरकार है और असम में भी उनकी सरकार है, जिसे वे डबल-इंजन सरकार कहते हैं। अगर वे सुरक्षा देने में असफल हो जाते हैं, तो वे विपक्षी पार्टियों पर आरोप कैसे लगा सकते हैं? जब सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहती है, तो सारा दोष विपक्ष पर मढ़ देती है। मैं ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं। खडग़े ने आगे कहा, वे देशद्रोही हैं, हम नहीं। हम देश के हित में जो भी अच्छा होगा, वह करेंगे, लेकिन हम आतंकवादियों, घुसपैठियों या किसी और का समर्थन नहीं करेंगे। वह सिर्फ दोष दूसरों पर डाल रहे हैं क्योंकि वे उन्हें रोकने में नाकाम रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि असल में सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप कर रही है।

राष्ट्र नायकों की प्रतिमाओं का निर्माण पूरा, पीएम करेंगे अनावरण

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना को प्रज्वलित करने वाला एक अनूठा केंद्र होगा। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रवाद के प्रतीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य कांस्य प्रतिमाओं का अनावरण 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। राष्ट्र नायकों की इन 65 फुट ऊंची और 32 टन वजनी कांस्य प्रतिमाओं का निर्माण राज्य ललित कला अकादमी ने करवाया है। इन प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण फसाड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग के माध्यम से किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में गोलीबारी

शराबखाने में अंधाधुंध फायरिंग; नौ की मौत

जोहानिसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में रविवार को भीषण गोलीकांड की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक जोहानिसबर्ग के पश्चिम में स्थित बेकर्सडाल टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में नौ लोगों के मारे जाने की आशंका हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है।

एसएबीसी न्यूज़ के अनुसार रविवार को जोहानिसबर्ग में हुई सामूहिक गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने एक अवैध शराबखाने में घुसकर बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे दहशत और अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पहले इस गोलीबारी में 10 लोगों के मारे जाने की बात कही जा रही थी।

गोलीबारी पर क्या बोली पुलिस?- पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो गाडिय़ों में सवार हमलावरों ने शराबखाने में मौजूद लोगों पर गोलियां चलाईं और घटनास्थल से भागते समय भी अंधाधुंध फायरिंग करते रहे। प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन से कहा कि मृतकों में एक ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर मौजूद था।

बढ़ सकता है मरने वालों का आंकड़ा: पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने हमले की जांच शुरू कर दी है।

दिसंबर में गोलीबारी की दूसरी घटना

दक्षिण अफ्रीका में यह इस महीने की दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। हालिया घटना के बाद से ही देश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। बेकर्सडाल टाउनशिप में अवैध रूप से शराब परोसे जाने की बात सामने आई है। गौरतलब है कि दिसंबर महीने की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के पास गोलीबारी की घटना हुई थी। यहां एक हॉस्टल में बंदूकधारियों के हमले में तीन साल के एक बच्चे समेत 12 लोगों की मौत हो गई थी।

कोहरे के कारण दिल्ली में 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण रविवार को 80 से ज्यादा उड़ाने अब तक रद्द हो गई है। हवाई अड्डे पर शनिवार रात आठ बजे के बाद ही घने कोहरे के कारण कम दृश्यता की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ी जो आज सुबह तक जारी रही। एयरपोर्ट की ओर से सोशल मीडिया पर बताया कि अब परिचालन सामान्य है। दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट के अनुसार आज 40 से अधिक प्रस्थान की उड़ानें और लगभग इतनी ही आने वाली उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा कई उड़ानों में देरी भी हुई। उत्तर भारत के दूसरे हिस्सों से भी घने कोहरे की खबर है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में इस पूरे सप्ताह सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से उड़ानों पर काफी ज्यादा प्रभाव पड़ा है।

मस्क 700 अरब डॉलर से ज़्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने

वॉशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए है। फोब्र्स मैगज़ीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोब्र्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल सम्पति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से ज़्यादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी।

निकाय चुनाव में बंपर जीत की ओर महायुति

मुंबई(वार्ता)। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव 2025 के तहत 23 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के नतीजे आज घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न निकायों में खाली पड़े 143 सदस्य पदों के परिणाम भी सामने आएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, सभी मतगणना केंद्रों पर सुबह 10 बजे से वोटों की गिनती शुरू हुई।

'परीक्षा पे चर्चा' का हिस्सा बनने के लिए अभी तक 1.54 करोड़ रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली (आईएएनएस) केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बार फिर से जानकारी साझा करते हुए बताया कि परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन अब ओपन है। क्लास 6 से 12 तक के छात्र इसमें शामिल होने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। अभी तक कुल 1 करोड़ 54 लाख 33,285 रजिस्ट्रेशन करवाए जा चुके हैं। इनमें से 1 करोड़ 43 लाख 40,916 रजिस्ट्रेशन छात्रों द्वारा करवाए गए हैं। 9,41,515 पंजीकरण शिक्षकों ने कराए हैं और 1,50,854 अभिभावक भी अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

गौरतलब है कि परीक्षा पे चर्चा के लिए छात्रों के साथ-साथ शिक्षक और अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। इस संवाद के माध्यम से छात्र परीक्षा के भय व तनाव को दूर कर सकते हैं जिससे वे परीक्षा के लिए आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ तैयार हो सकेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संवाद कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी), अपने 9वें संस्करण में पहुंच गया है। यह संवाद जनवरी 2026 में होना है। इस दौरान भारत समेत विश्व के कई देशों के छात्र, अभिभावक और शिक्षक जुड़ेंगे। प्रतिभागियों के चयन के लिए, माइ गॅव पोर्टल पर एक ऑनलाइन एमसीक्?यू-आधारित प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र, शिक्षक और अभिभावक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस गतिविधि को पूरा करने वाले सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को माई गॅव की ओर से भागीदारी प्रमाण पत्र दिया जाएगा। बीते साल परीक्षा पे चर्चा का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संघ मुसलमानों का विरोधी नहीं: भागवत

कोलकाता (आईएएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत 4 दिवसीय पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने कोलकाता के साइंस सिटी सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आरएसएस मुस्लिम विरोधी नहीं है। जो देखना चाहते हैं, वे आकर देख सकते हैं। आरएसएस का दरवाजा हमेशा खुला रहा है।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 'कोलकाता व्याख्यानमाला तृतीय सत्र– 100 वर्ष की संघ यात्राः नए क्षितिजÓ कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धारणा है कि संघ मुस्लिम विरोधी है, जबकि संघ में कोई दरवाजा बंद नहीं है। कभी आकर आरएसएस को देखिए। अगर लगता है कि हम मुस्लिम विरोधी हैं, तो ऐसी धारणा बनाइए। उन्होंने आगे कहा कि अगर आपको संघ मुस्लिम विरोधी लगता है, तो आप अपनी धारणा बदलिए। मैं कहता हूं कि अब समझाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि समझने के लिए आपके सामने बहुत कुछ मौजूद है और जिसे नहीं समझना है, उसे समझाकर कोई फायदा नहीं है।

राष्ट्रपति ने 'जी राम जी विधेयक' को दी मंजूरी, अब रोजगार गारंटी 125 दिन

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण): वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी।

राष्ट्रपति के इस मंजूरी के साथ ही यह विधेयक कानून का रूप ले चुका है, जो दो दशक पुरानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लेगा। नया कानून केंद्र सरकार के 'विकसित भारत-2047 के विजन से पूरी तरह जुड़ा हुआ है और ग्रामीण भारत में रोजगार को अधिक उत्पादक, टिकाऊ तथा अवसंरचना निर्माण से जोडऩे का प्रयास करता है।

नए अधिनियम की मुख्य विशेषता ग्रामीण परिवारों को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी है, जो मनरेगा के 100 दिनों से 25 दिन अधिक है। सरकार का दावा है कि इससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा मजबूत होगी और वे राष्ट्रीय विकास में बड़ा योगदान दे सकेंगे।

जहां एक ओर सरकार ने इसे ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक कदम बताया, वहीं विपक्ष ने मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने और राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालने का आरोप लगाया है। विधेयक में मजदूरी भुगतान को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरमा

मौसम का कहर..

छत्तीसगढ़ की 'मिनी शिमला' में ठिठुरन बढ़ी, जनजीवन प्रभावित

कड़ाके की ठंड, चिल्फी घाटी ने ओढ़ी बर्फ की चादर

कवर्धा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की मिनी शिमला के नाम से प्रसिद्ध कबीरधाम जिले की चिल्फी घाटी ने कड़ाके की ठंड से जमी बर्फ की चादर ओढ़ ली है।

बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे देर रात और तड़के सुबह पूरा इलाका घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आ रहा है। पेड़-पौधों की पत्तियों, घास, खेतों और छतों पर ओस की बूंदें बर्फ के रूप में जमती दिखाई दे रही हैं, मानो प्रकृति ने सफेद चादर ओढ़ा दी हो। हर साल चिल्फी घाटी में तेज ठंड पड़ती है, लेकिन इस बार ठंड का असर कुछ अधिक और पहले देखने को मिल रहा है। बादल छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में रोजाना गिरावट हो रही है। शनिवार को चिल्फी घाटी का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड का असर अब सिर्फ रात तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दिन में भी ठिठुरन महसूस की जा रही है।

वनांचल में सबसे ज्यादा असर

बोड़ला विकासखंड के वनांचल क्षेत्रों—चिल्फी घाटी, तरेगांव जंगल, आमानारा, लरबी, दलदली, कुकरापानी, बनगौरा, सुकझर, पीपरखूंटा, साजपानी, चेंद्रा दादर, बाकी, मुंडादादार, सहित रेंगाखार, झलमला, समनापुर, बहनाखोदरा, सिवनी, धवईपानी और बोड़ाखार क्षेत्र में ठंड का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है।

पिछले दो-चार दिनों से इन इलाकों में ठंड अचानक बढ़ी है। सुबह 8 बजे तक भी कोहरा छाया रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई मार्गों पर दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ रही है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नज़ारे हुए मनमोहक

सुबह-सुबह सूखी घास, हरी पत्तियां, धान के खेतों में रखे पैरा, फसलें, गांवों की घास-फूस की झोपडिय़ां और मकानों की छतें बर्फीली ओस से ढंकी नजर आ रही हैं। यह दृश्य पर्यटकों के लिए भले ही मनमोहक हो, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों के लिए यह ठंड परेशानी का सबब बनती जा रही है।

सुविचार

दुनिया में सबसे ज्यादा नफरत का सामना उन्हें करना पड़ता है जो कटू सत्य बोलने का दुःसाहस करते हैं। - अज्ञात

प्रियंका गांधी ने दिखाई परिपक्वता

संसद का शीतकालीन सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। हर सत्र की तरह ही इस बार भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद सत्र की समाप्ति के बाद भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रमुख नेताओं को टी-पार्टी दी। जिसमें कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल हुई। अन्य विपक्षी नेता भी इस टी-पार्टी में सम्मिलित हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के बीच बड़े ही खुशनुमा माहौल में बातचीत हुई दोनों ही किसी बात पर ठहाके भी लगाते नजर आये। इस टी-पार्टी में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच हल्की फुल्की बातचीत भी हुई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी ने उनसे आग्रह किया कि हम सबको चाहिए कि संसद के आगामी सत्रों में हम ज्यादा से ज्यादा काम करें। विपक्ष अपने मुद्दों को लेकर बेशक आंदोलन करें। लेकिन संसद का कार्य सुचारू रूप से चले इसका हम सबको ध्यान रखना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा दी गई टी-पार्टी में शामिल होकर प्रियंका गांधी ने जो राजनीतिक परिपक्वता दिखाई है उसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। गौरतलब है कि इसके पहले भी जब संसद सत्र की समाप्ति के बाद लोकसभा अध्यक्ष परंपरा का निर्वहन करते हुए टी-पार्टी देते थे तो उसका लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बहिष्कार कर देते थे। राहुल गांधी की देखादेखी अन्य विपक्षी नेता भी टी-पार्टी में शामिल होने से परहेज करते थे। किन्तु इस बार संसद सत्र चलने के ही दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेश यात्रा पर चले गये तो कांग्रेस नेता के रूप में प्रियंका गांधी में टी -पार्टी में शिरकत कर नई मिसाल पेश कर दी। इसके पूर्व प्रियंका गांधी ने जब संसद में अपने उद्बबोधन के दौरान केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी से हंसते हुए यह शिकायत की थी कि वे उन्हें मिलने का समय क्यों नहीं दे रहे हैं तो नीतिन गडकरी ने उन्हें उसी दिन मिलने का समय दे दिया और उनसे 15 मिनट तक न सिर्फ चर्चा की बल्कि प्रियंका गांधी को नितिन गडकरी ने अपने हाथों से बनाया हुआ नाश्ता भी कराया। वह चित्र भी सोशल मीडिया पर खूब सराहा गया है। प्रियंका गांधी की यह सरलता और सहजता उन्हें सर्वप्रिय नेता के रूप में प्रतिष्ठित कर रही है। ऐसी बात नहीं है कि लोकसभा में उन्होंने सरकार के खिलाफ तीखे तेवर नहीं दिखाए हों। उन्होंने जमकर सरकार को घेरा और संसद के बाहर भी प्रदर्शन के दौरान अपना विरोध जताया। लेकिन संसद सत्र की समाप्ति के बाद उन्होंने टी-पार्टी में सहभागिता दर्ज कराकर एक नई लकीर खींच दी है। इसके बाद से ही अब कांग्रेस पार्टी के भीतर यह मांग तेज होने लगी है कि प्रियंका गांधी को कांग्रेस की कमान सौंपी जायें।

साउथ अफ्रीका पर टीम इंडिया की धमाकेदार जीत

भारत दौरे पर आई साउथ अफ्रीका की टीम ने भले ही भारत को टेस्ट सीरिज में हरा दिया हो लेकिन इसके बाद खेले गये वन-डे मैचों में भारत ने साउथ अफ्रिका को हराकर वन-डे सीरिज अपने नाम करके हिसाब बराबर कर दिया था। उसके बाद अब टी-20 सीरिज में भी टीम इंडिया ने धमाकेदार जीत दर्ज करके साउथ अफ्रीका को धूल चटा दी। टी-20 सीरिज में टीम इंडिया ने आखिरी मैच जीतकर यह श्रृंखला 3-1 से अपने नाम कर ली। इसी के साथ टीम इंडिया ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में लगातार आठ टी-20 श्रृंखला जीतने का भी नया रिकॉर्ड कायम कर दिया जिसमें टी-20 एशिया कप और टी-20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। इस तरह भारत ने शानदार जीत के साथ 2025 को बिदाई दी है। अंतिम मैच में हार्दिक पांडया ने ताबड़तोड बल्लेबाजी कर मात्र 16 गेंदों पर अर्धशतक ठोंकर भारतीय क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। टी-20 मैंचो में युवराज सिंह के बाद दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले हार्दिक पांडया दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। तिलक वर्मा ने भी धुंआधार अर्धशतक जड़ा और टीम इंडिया ने 232 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका 201 रनों पर ही सिमट गई। टीम इंडिया ने टी-20 मैंचों की इस श्रृंखला में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों में ही कमाल का प्रदर्शन दिखाया है जिसे देखते हुए यह लगता है कि टीम इंडिया आगमी टी-20 वर्ल्ड कप में भी इसी तरह का प्रदर्शन कर एक बार फिर टी-20 वर्ल्ड कप जीतने में सफल होगी।

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

सद्गुरू बोधामृतम्

◆ जैसे पानी को गर्म करने पर वह गर्म तो हो जाती है और फिर ठंडा हो जाती है क्योंकि पानी का स्वभाव शीतल है।

◆ अगर जन्म लेकर मनुष्य के रूप में आए हैं तो आनंद के लिए ही जन्म हुआ है और ये विषय इच्छागत नहीं है, अनिवार्य है।

◆ तुम अच्छे हो पर तुम्हारी संगति बेवकूफहोती है तो उनकी बेवकूफी तुम्हारे ऊपर भारी पड़ेगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1241 - मंगोल के प्रमुख लेफ्टीनेंट बहादुर तैर हुलागु खान ने लाहौर पर कब्जा किया। 1843 - रवीन्द्रनाथ टैगोर के पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ब्रह्म समाज में शामिल हुए। 1851 - भारत में पहली मालगाड़ी रुड़की से पिरन के बीच चलाई गई। 1882 - थामस एडीसन द्वारा बनाए गए बल्बों से पहली बार क्रिसमस ट्री सजाया गया। 1910 - अमेरिका में पहली बार डाक बचत पत्र जारी। 1940 - मानवेंद्र नाथ राय ने रेडीकल डेमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना की घोषणा की। 1941 - यूगोस्लाविया में मार्शल टीटो ने सेना की नई ब्रिगेड का गठन किया। 1941 - अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रुजवेल्ट और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विस्टन चर्चिल दूसरे विश्व युद्ध के दौरान चर्चा करने के लिए वॉशिंगटन में मिले।1947 - इटली की संसद ने नया संविधान अंगीकार किया। 1957 - ओहायो के कोलंबो चिड़िया घर में कोलो नामक गुरिल्ला के बच्चे का जन्म हुआ जो चिड़िया घर में पैदा होने वाला पहला गुरिल्ला था।

राजीव खंडेलवाल

मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2025) केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह ग्रामीण भारत के लिए रोजगार की सवैधानिक गारंटी, पंचायती राज की आत्मा उसकी स्वायत्तता को मजबूती प्रदान करना और राज्य-केंद्र के सहकारी संघवाद का आदेश प्रतीक थी इस अधिनियम ने उक्त भावार्थ को चरितार्थ कर 2005 के कानून को लगभग सब गुड़-गोबर कर दिया।

अब उक्त ग्रामीण रोजगार को लाने के लिये लाया गया नया अधिनियम अपने नाम, स्वरूप और प्रावधानों से ही कई गंभीर प्रश्न खड़े कर देता है।

मनरेगा से "VB-GRAMG" तक नाम बदलने से क्या 'नीति' 'बेहतर' हो जाती है?

1. नाम ही पहली ''विफलता''?

'गांधीवाद' को अपनाने वाली और महात्मा गांधी को मानने वाली भाजपा द्वारा महात्मा गांधी का नाम हटाना आश्चर्यजनक होकर दुर्भाग्यपूर्ण है।

अधिनियम का नामः''भाषाई अराजकता'' का उदाहरण।

शायद यह भारत की पहली सरकारी योजना है, जिसके जलेबी की तरह सीधे नाम बोलने, समझने और याद रखने के लिए प्रत्येक नागरिक सहित कानून निर्माताओं तक को ''अनुभवी प्रशिक्षित अध्यापक की कक्षा ज्वाइन करनी पड़े''? जिसे याद करना मुश्किल है, उसे झेलना कितना मुश्किल होगा?

हिंदी- अंग्रेजी और रोमन लिपि का ऐसा स्वादहीन (खिचड़ी) मिश्रण?

''विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025''

यह न तो किसी प्रशासनिक विवेक का उदाहरण है, न जनसामान्य की समझ का सम्मान।

प्रश्न यह है कि- इस जटिल नाम की आवश्यकता क्या थी? क्या इससे योजना अधिक प्रभावी हो जाएगी? या फिर उद्देश्य केवल ''मनरेगा'' जैसे स्थापित सहज प्रचलित नाम को मिटा कर अपनी कागज के नांव चलाना जैसा है?

गांधी जी का अंतिम शब्द हे राम, शिष्टाचार का कथन जय श्री राम से रोजगार दिलाने वाले ''जी राम जी'' की ओर जाने का सरल व सुगम रास्ता भी सरकार को मालूम नहीं है। अधिनियम का नाम उन महात्मा गांधी के नाम से था जिनके जीवन के अंतिम शब्द है राम थे। अधिनियम में नाम की एक धारा जोड़कर योजना का नाम ''जी राम जी'' अधिनियम के नाम में संशोधन किये बिना, किया जा सकता था। इस प्रकार महात्मा गांधी और राम जी दोनों के नाम रह सकते थे। वैसे तो महात्मा गांधी की जीवन पद्धति, विचार,

सोच में किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में सबसे ज्यादा ÷राम की छाप÷ थी। परन्तु यह सरकार 'सलाह' लेती किससे है?

2. 'रोजगार' और 'आजीविका' शब्दों का अनावश्यक (युग्मक) प्रयोग।

योजना के नाम में ही 'रोजगार' और 'आजीविका' दोनों शब्दों का एक साथ प्रयोग किया गया है, जबकि व्यवहारिक और भाषाई दृष्टि से दोनों का अर्थ लगभग समान है।

यदि दोनों में कोई मौलिक अंतर है- तो सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि रोजगार क्या देगा और आजीविका क्या? और यदि अंतर नहीं है, तो यह शब्दाडंबर क्यों? नीति निर्माण में यह अस्पष्टता गंभीर संकेत देती है। लेकिन सरकार तो ÷सूरदास की काली कमरी ओढ़े बैठी है, जिस पर चले ना दूजा रंग।÷

3. गांधी नाम से परहेज, संयोग या विचारधारात्मक आग्रह?

देश में पिछले कुछ वर्षों से- गांधी, नेहरू और अन्य स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े नामों को योजनाओं और संस्थानों से हटाने का एक मौन अभियान चल रहा है।

प्रश्न स्वाभाविक है- क्या 'महात्मा गांधी' का नाम इसलिए हटाया गया क्योंकि उनके आगे 'गांधी' लिखा है?

मनरेगा केवल एक नाम नहीं था, वह ग्राम स्वराज, श्रम की गरिमा और राज्य की जवाबदेही का प्रतीक था।

4. राज्य का अंशदान 10% से 40% -योजना को 'वेंटिलेटर' पर डालने जैसा?

नई योजना में राज्यों का अंशदान-

10% से बिना किसी कारणवश चार गुना बढ़ाकर 40% कर दिया गया है।

आज जब अधिकांश राज्य पहले से भारी वित्तीय संकट में हैं। केंद्र की देनदारियों का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में यह प्रावधान योजना को कागज पर जीवित और जमीन पर मृत -प्राय बना देगा।

5. पंचायती राज पर सीधा प्रहार अधिकार छीने, राज्य पर जिम्मेदारी ज्यादा थोप दी।

एक ओर सरकार केन्द्रीकृत राज के सिद्धांत (Centralization) की ओर बढा रही है,

दूसरी ओर राज्यों और ग्राम पंचायतों के अधिकार समाप्त कर रही है।

अब तक-ग्राम पंचायतों को यह अधिकार था कि वे अपने क्षेत्र में कौन से कार्य होंगे, यह तय करें जो व्यवहारिक था क्योंकि इससे ग्रामीण विकास का नक्शा ज्यादा अच्छे तरीके से बन पाता।

नई योजना में-रोजगार केवल ''केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में ही'' उपलब्ध होगा।

यह सीधे.सीधे- ''पंचायती राज व्यवस्था की स्वायत्तता पर डाका है''।

6. 100 दिन से 125 दिनः जमीनी हकीकत से कटा 'आभासी सपना'।

वर्तमान स्थिति यह है कि- फरवरी 2006 को जब यह मनरेगा कानून लागू किया गया था तब प्रारंभिक 10 वर्षों को छोड़ दें जब यह योजना चरणबद्ध तरीके से लागू की गई थी और कोरोना काल की 'आसमानी आफत' को छोड़ दें तो 100 दिन की 'सुल्तानी' गारंटी का औसत 50 दिन से भी आता है।

बृजमोहन अग्रवाल
रायपुर सांसद

राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लोकसभा में विशेष चर्चा आयोजित की गई। चर्चा में 65 सदस्यों ने भाग लिया और सदन 11 घंटे 32 मिनट तक चला। राज्यसभा में 81 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया और सदन कुल 12 घंटे 49 मिनट तक चला। इसके अलावा लोकसभा और राज्यसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। चर्चा में 62 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सदन 12 घंटे 59 मिनट तक चला। राज्यसभा की चर्चा में 57 सदस्यों ने भाग लिया, चर्चा कुल 10 घंटे 37 मिनट तक चली। वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की पूरक मांगों के पहले बैच पर पूर्ण रूप से चर्चा और मतदान हुआ तथा संबंधित विनियोग विधेयक को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया, विचार किया गया और पारित किया गया तथा राज्यसभा ने भी इसे पारित कर वापस लोकसभा को भेज दिया।

काफ़ी कुछ दे गया शीतकालीन सत्र

लोकसभा की उत्पादकता111 प्रतिशत और राज्यसभा की 121 प्रतिशत रही

18वीं लोकसभा के छठवें सत्र और राज्यसभा के 269 वें सत्र में कुल 15 बैठकों का आयोजन किया गया। 1 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक चले शीतकालीन सत्र के दौरान विभिन्न विधायी और अन्य कार्यों के फलस्वरूप लोकसभा की उत्पादकता लगभग 111 प्रतिशत और राज्यसभा की उत्पादकता लगभग 121 प्रतिशत रही है। सत्र के दौरान, लोकसभा में 10 विधेयक पेश किए गए और उनमें से 8 विधेयक लोकसभा द्वारा पारित किए गए, साथ ही राज्यसभा द्वारा भी 8 विधेयक पारित किए गए। राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लोकसभा में विशेष चर्चा आयोजित की गई। चर्चा में 65 सदस्यों ने भाग लिया और सदन 11 घंटे 32 मिनट तक चला। राज्यसभा में 81 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया और सदन कुल 12 घंटे 49 मिनट तक चला। इसके अलावा लोकसभा और राज्यसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। चर्चा में 62 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सदन 12 घंटे 59 मिनट तक चला। राज्यसभा की

चर्चा में 57 सदस्यों ने भाग लिया, चर्चा कुल 10 घंटे 37 मिनट तक चली। वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की पूरक मांगों के पहले बैच पर पूर्ण रूप से चर्चा और मतदान हुआ तथा संबंधित विनियोग विधेयक को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया, विचार किया गया और पारित किया गया तथा राज्यसभा ने भी इसे पारित कर वापस लोकसभा को भेज दिया। राष्ट्रपति द्वारा मानसून सत्र 2025 के बाद जारी किए गए अध्यादेश, मणिपुर वस्तु और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (संख्या 2 वर्ष 2025) के स्थान पर एक विधेयक पर संसद के दोनों सदनों में इस सत्र के दौरान विचार किया गया और उसे पारित किया गया। मणिपुर राज्य में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण)

संशोधन अधिनियम 2024 को अपनाने संबंधी वैधानिक प्रस्ताव को राज्यसभा में स्वीकृत किया गया।

विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को लोकसभा में प्रस्तुत किए जाने के बाद संसद के दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया। इस सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा 8 विधेयक पारित किए गए हैं, जिनमें से कुछ का विकसित भारत के उद्देश्यों को प्राप्त करने पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। इनमें से कुछ विधेयक इस प्रकार हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा उपकर विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए संसाधनों को बढ़ाना और निर्दिष्ट वस्तुओं के निर्माण या उत्पादन के लिए स्थापित मशीनों या अपनाई गई अन्य प्रक्रियाओं पर उपकर लगाना तथा उससे संबंधित मामलों के लिए उपकर लगाना है। परमाणु ऊर्जा का टिकाऊ उपयोग और विकास विधेयक, 2025 का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा उत्पादन, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य, जल, कृषि, उद्योग, अनुसंधान, पर्यावरण में अनुप्रयोग, परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार, भारत की जनता के कल्याण के लिए परमाणु ऊर्जा और आयनीकरण विकिरण के संवर्धन और इसके सुरक्षित तथा संरक्षित उपयोग के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा और उससे संबंधित मामलों के लिए प्रावधान करना है। विकसित भारत ङ्क रोजगार एवं आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) : वीबी - जी राम जी विधेयक, 2025 में विकसित भारत -2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करने का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, एक सौ पच्चीस दिनों के मजदूरी रोजगार के लिए वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नेह नदी अब

नेह नदी अब सूख रहल बा नफरत से सभ हिया भरल बा अब दानवता बा रोज बढ़त मानवता ई आजु मरल बा मारत बा अदमी अदमी के अदमी अदमी देख डरल बा बँटवारा आँगन के होता भाई भाई खूब लड़ल बा पाखंडी बा रोजे पूजात दुनिया में ई कब सुधरल बा पेट अउर पीठ भइल बा एक देख गरीबी आँख भरल बा अखबारन के लाली देखीं केकर आजु लहू पसरल बा प्रेम - पुजारी मारल जइहें 'ऐनुल' साँचे बात कहल बा। - **'ऐनुल' बरौलवी**

पंछियों की उड़ान के

पंछियों की उड़ान के लिए हवा का रुख और इंसानों की उड़ान के लिए दुख,दोनों सीमित और संतुलित होना बेहद जरूरी है....दुख तकलीफ तो आनी जानी है...मुझे नहीं लगता कोई भी इंसान ऐसा हो दुनिया में जिसने दुख न देखा हो या सिर्फ सुख ही सुख पाया हो अपने जीवन में शुरू से अंत तक... आप सब खुश रहे,स्वस्थ्य रहे,मस्त रहे इसी कामना के साथ

- **शत्रुंजय तिवारी**

एक टीचर ने इलेक्शन में किस्मत

एक टीचर ने इलेक्शन में किस्मत आजमाई.. वोट मिले सिर्फदो... अब उसने सरकार से जेड प्लस सुरक्षा की मांग की.. कलेक्टर साहेब ने समझाते हुए कहा आपको सिर्फदो वोट मिले हैं। आपको जेड प्लस कैसे दे सकते हैं? टीचर बोलीः- "जिस शहर में इतने लोग मेरे खिलाफ हों तो मुझे सुरक्षा मिलनी ही चाहिए।" - **रेनु जैन**

मेरे सीने में दिल तुम्हारा है हाय कितना

मेरे सीने में दिल तुम्हारा है हाय कितना हसीं नज़ारा है ख़ौफ़क्यों हो मुझे अंधेरों से मेरी क़िस्मत का तू सितारा है तुझ तलक बार बार आती हूँ मैं लहर और तू किनारा है तेरा मेरा नहीं है अब तो कुछ पास जो भी है सब हमारा है। - **आरती कुमारी**

तालियों की गूंज में सच अक्सर

तालियों की गूंज में सच अक्सर दब जाता है, पुरस्कार मिलते हीं सवाल पीछे छूट जाता है. कभी मेहनत को मेडल नहीं मिलता, कभी मेडल को मेहनत नहीं चाहिए होता। मंच पर चमकता है नाम किसी और का, और पसीना किसी गुमनाम का बह जाता है। फिर भी जो चुपचाप ईमानदारी से चलता है, असल सपुरस्कार उसी के भीतर पलता है। - **मिनाक्षी सिंह**

तुम्हें लगता है हम इतने बुरे हैं ? मुहब्बत

तुम्हें लगता है हम इतने बुरे हैं ? मुहब्बत फिर हुई कैसे ? बताओ बुरे लोगों से चाहत में मिला क्या ज़माने भर को अब तुम ये बताओ चलो माना तुम्हें अफ़सोस है अब तो हम से दूर जा कर के.. बताओ। - **ममता लड़ीवाल**

हम तुम्हारी आस्थाओं के पोषक, फिर

हम तुम्हारी आस्थाओं के पोषक, फिर भी कहते नीच हो हम तुम्हारी जड़ रहे हैं , झूठी आस्थाओं का हम क्या करें मूर्ख, अधम, नीच, अछूत, हम इस हेयता में क्या-क्या रहे नोंचते कीड़े रहे औ पूज्य, हम आंखवाले जुबां का क्या करें। - **केदार शब्द मसीहा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज दिन का पहला भाग सुख-शांति से व्यतीत करेंगे आलस्य के कारण घरेलु कार्यो को अनदेखा करेंगे जिससे मामूली नोकझोंक हो सकती है।

वृषः आज के दिन आपको विविध उलझनों का सामना करना पड़ेगा खासकर पारिवारिक उलझने अकस्मात गंभीर रूप धारण कर सकती है।

मिथुनः आज के दिन आपको घर अथवा व्यावसायिक क्षेत्र पर कुछ विशेष कार्य सौपे जा सकते है इन्हें यथा शीघ्र पूर्ण कर लेंगे।

कर्कः आज आप अधिकांश समय आराम में बिताना पसंद करेंगे। स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायत पेट सम्बंधित समस्या मुख्यतः रहेगी। आकस्मिक कार्य आने से यात्रा करनी पड़ सकती है।

सिंहः आज आप कई दिनों से टल रही घरेलु उलझनों को सुलझाने में व्यस्त रहेंगे घर के सभी सदस्य बैठ कर महत्त्वपूर्ण विषयो पर चर्चा कर सकते है।

कन्याः आज के दिन गृहक्लेश के कारण वातावरण कलुषित होगा। भाई-बंधू वैरभाव रखेंगे परिवार के अन्य सदस्य भी आपका पक्ष लेने से बचेंगे। जमीन जायदाद सम्बंधित कार्य जल्दबाजी अथवा भावुकता में ना करें।

तुलाः आपका आज का दिन साधारण रहेगा फिर भी मानसिक रूप से प्रसन्न रहने के वातावरण बनते रहेंगे। सेहत में थोड़ी खराबी रह सकती है गले अथवा छाती सम्बंधित रोग से कष्ट होगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप प्रत्येक कार्यो में आलस्य-प्रमाद के कारण लाभ के अवसर हाथ से गवां सकते है। परिवार अथवा सहकर्मियो पर नाजायज अधिकार चलाने के कारण उग्र वातावरण बनेगा। वाणी में भी कड़वाहट रहने से लोग दूरी बनाएंगे।

धनुः आज का दिन आप आनंद के साथ व्यतीत करेंगे। घर बाहर का वातावरण सहयोगी रहने से समस्त कार्य आसान बनेंगे फिर भी कुछ कार्य आज अधूरे भी रह सकते है। सामाजिक कार्यो में सहभागिता बढ़ने से मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

मकरः आज के दिन भी अधिकांश समय परिस्तिथियां आपकी आशाओं के विपरीत रहेंगी। पारिवारिक उलझनों के चलते अपने आपको बंधन में अनुभव करेंगे। प्रियजनों के विषय में आप के विचार बदल जाएंगे।

कुंभः आज के दिन का पूर्वार्ध कुछ ख़ास नहीं रहेगा दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर विलम्ब के कारण व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

मीनः आज का दिन आपको पुराने परिश्रम का फल देगा। व्यवहारिकता से बनाये सम्बन्धों से लाभ की संभावनाएं बनेगी। व्यवसाय से भी मध्यान तक प्रचुर मात्रा में लाभ अर्जित कर पाएंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) 2025 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा चांगी किस देश में स्थित है?

2) प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के कार्यकाल में भारत में रोलिंग प्लान कब शुरू हुआ था?

3) हिमाचल प्रदेश में थोड़ा मार्शल आर्ट किसका हिस्सा है?

4) कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक प्रतियोगी के रूप में भारत का स्थान क्या है?

5) महिला भारतीय सैन्य अकादमी से स्नातक होने वाली पहली महिला अधिकारी कौन बनी हैं?

उत्तरमाला-(1) सिंगापुर (2) 1978 (3) महाभारत (4) तीसरा (5) सई जाधव

शब्द सागर

■ न्यूज गैलरी

मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

दुर्ग। भारतीय राजनीति में मर्यादा, संतुलन और मानवीय संवेदना के प्रतीक रहे मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि के अवसर पर आज शिवनाथ नदी तट स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता व उनके अनुयायी उपस्थित रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों और नागरिकों ने स्व. मोतीलाल वोरा के आदर्शों पर चलने और उनके दिखाए मार्ग को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। **श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे अमित जोगी**- इधर जनता कांग्रेस नेता अमित जोगी भी आज दुर्ग पहुंचे और मोतीलाल वोरा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वोरा निवास में अमित जोगी ने अपने पिता अजीत जोगी के साथ मोतीलाल वोरा के आत्मीय संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य स्थापना के बाद सभी प्रमुख नेताओं ने मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। अमित जोगी ने कहा कि ऊंचा राजनीतिक मुकाम हासिल करने के बावजूद बाबूजी का सीधा सरल व्यवहार उनके दिव्य व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल व रेस्टोरेंट्स से लिये सैंपल

दुर्ग। जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न होटल व रेस्टोरेंट्स में जांच कर खाद्य नमूने संकलित किए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार नेहरू नगर स्क्वेयर स्थित होटल ग्रैंड ढिल्लन रेस्टोरेंट से ग्रीन चटनी व ब्रेड, झरोखा पैलेस से ओनियन ग्रेवी और चिकन बिरयानी और रेलवे स्टेशन स्थित सागर इंटरनेशनल से मिक्स वेज व टोमेटो सूप के नमूने लिए गए हैं। सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

निधन - शांति निरंकारी

दुर्ग। निरंकारी फर्नीचर के संचालक सर्वजीत निरंकारी व इंद्रजीत निरंकारी की माता शांति निरंकारी का देहांत हो गया। वे भिलाई निगम एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी व नवदीप निरंकारी के बड़ी मां थी। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया।

भूपेश बघेल की गिरफ्तारी का सर्वे करने यूपी से आई टीम कांग्रेसियों ने 6 को पकड़ा, थाने में किया जमकर हंगामा

भिलाई/नवप्रदेश। गाजियाबाद की कंपनी वाट्स इंडिया थिंक्स के 6 कर्मचारियों को कांग्रेस नेताओं ने आज पकड़ लिया। सभी लोग पूर्व सीएम भूपेश बघेल की गिरफ्तारी को लेकर पब्लिक से सवाल कर रहे थे। वाट्स इंडिया थिंग्स की टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा था कि भूपेश की गिरफ्तारी होनी चाहिए या नहीं। इसके अलावा भी कई सवाल किये जा रहे थे। इस मामले को लेकर कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया।

शराब घोटाला केस में भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल से जुड़े सवालों को लेकर कांग्रेसियों ने आपत्ति जताई। महापौर नीरज पाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर समेत कांग्रेसी भट्ठी थाने पहुंचे।

थाने के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की भीड़ जमा हो गई है। कांग्रेसजनों की भीड़ देखकर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया।

दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यूपी से आकर सर्वे टीम यह काम कर रही है। भिलाई में टीम आकर सर्वे कर रही थी।

सर्वे फॉर्म में 24 प्रश्न पूछे जा रहे हैं। वर्तमान सरकार की योजनाओं के अलावा पूर्व सरकार के शराब घोटाले, पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को जेल भेजने के संबंध में सवाल किये गए। सवाल किया जा रहा था कि शराब घोटाले में क्या पूर्व सीएम को भी जेल जाना चाहिए।

सर्वे करने वाले लोगों को हिरासत में लिया जाना चाहिए। इन्हीं सवालों पर कांग्रेसी आपत्ति दर्ज कराने थाने पहुंचे थे।

टाउनशिप के भट्ठी थाना में शनिवार को रात तक जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल सहित कांग्रेसियों का प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने सर्वे टीम पर कांग्रेस पार्टी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल की छवि खराब करने का काम करने के आरोप लगाए। उन्होंने सर्वे टीम के लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर लिखित आवेदन दिया।

अमित शाह जी, डरूंगा नहीं : भूपेश

भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अमित शाह जी! डरूंगा नहीं। तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर मुझे बदनाम करने की कोशिशों के बाद अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सर्वे करवा रहे हैं। सर्वे एजेंसी की 70 टीमें छत्तीसगढ़ में लोगों से पूछ रही हैं कि क्या भूपेश बघेल को गिरफ्तार किया जाना चाहिए? आज भिलाई में एक टीम के सदस्यों को मेरे साथियों ने पकड़ा तो राज खुला। गजब के गृहमंत्री हैं। विधि सम्मत कार्रवाई करने की जगह सर्वेक्षण करवा रहे हैं। पहले महादेव सट्टा ऐप में मुझ पर अनर्गल आरोप लगाए। अब चर्चा चल रही है कि पीएमओ के अधिकारी ही सट्टेबाजी में फंसे हैं। इसी वजह से शराब घोटाले में घसीटने की कोशिश की जा रही है। अमित शाह चाहे जो हथकंडा अपनाएं, छत्तीसगढ़ की जनता मेरे और कांग्रेस के साथ खड़ी है।

जारी रहेगा विधायक देवेंद्र यादव का उपवास

शासन और प्रबंधन से जब तक चर्चा नहीं होगी, तब तक जारी रहेगा आंदोलन

■ **अब तक 10 हजार से ज्यादा लोगों ने दिया जनसमर्थन**

भिलाई/नवप्रदेश। विधायक देवेंद्र यादव आज भी सत्याग्रह स्थल पर टेंट में ही रात बिताएंगे। सेल बीएसपी के कर्मचारियों और अधिकारियों के हक की लड़ाई लड़ रहे विधायक देवेंद्र यादव ने दो दिवसीय सत्याग्रह का ऐलान किया था। 20 दिसंबर से सत्याग्रह की शुरुआत की गई। आज 21 दिसंबर को शाम 5 बजे देवेंद्र ने कहा कि जब तक शासन या बीएसपी प्रबंधन से इन मुद्दों को लेकर चर्चा नहीं होगी, तब तक उपवास जारी रहेगा। दो दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन को सभी ट्रेड यूनियनों ने समर्थन दिया।

मां आई समर्थन देने, भावुक हुए देवेंद्र

आज देवेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भिलाई सत्याग्रह के दूसरे दिन उनकी माँ हौसला बढ़ाने आई। देवेंद्र ने कहा कि उनके लिय यह भावनात्मक क्षण था। माँ ने कहा कि वे रात में आई थी। देवेंद्र को सोते हुए देखने के वापस चली गई। माँ ने कहा कि भिलाई हमारा परिवार है और इस परिवार के लिए जो कर सकते हो करो।

रात भर कड़कड़ाती ठंड में टेंट में जारी रहा सत्याग्रह

20 दिसंबर को सुबह से शाम तक सत्याग्रह पर बैठे विधायक देवेंद्र यादव ने कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे टेंट पर रात बिताई। देर रात तक उनके समर्थक सत्याग्रह स्थल पर डटे रहे। 21 दिसंबर को सुबह मार्निंग वॉक ग्रुप्स अलग-अलग जत्थे में सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे और विधायक देवेंद्र यादव के सत्याग्रह आंदोलन को समर्थन दिया।

ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया

सरकार और सेल प्रबंधन की नीतियों, रिटेंशन स्कीम, निजीकरण, सेक्टर 9 हॉस्पिटल, आवास, न्यूनतम वेतन, बकाया 39 माह का एरियर, बोनस आदि विषयों को लेकर विधायक देवेंद्र यादव के सत्याग्रह आंदोलन को सभी ट्रेड यूनियनों ने समर्थन दिया। बीएसपी की पूर्व मान्यता प्राप्त यूनियन इंटक के महासचिव व एनजेसीएस सदस्य वंश बहादुर सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों से सेल प्रबंधन का मनोबल बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। विधायक देवेंद्र यादव ने कर्मचारियों के हक की आवाज को उठाया है। आंदोलन को आगे भी रखने की जरूरत पड़ी तो यूनियन साथ रहेगी। पूर्व मान्यता प्राप्त यूनियन सीटू के उपाध्यक्ष डीवीएस रेड्डी ने केंद्र सरकार को कोसते हुए कहा कि मोदी सरकार हिटलर को फॉलो करती है। सरकार जनता को उनके हक से वंचित कर रही है। आज सेल के कर्मचारी त्रस्त हो चुके हैं। भिलाई की बसाहट को बर्बाद करने का खेल हो रहा है। इसे किसी कीमत पर भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हमें परिवार सहित सड़क पर उतरना पड़ेगा।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज, पूर्व विधायक वोरा ने भी दिया समर्थन

विधायक देवेंद्र के सत्याग्रह को समर्थन देने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर नीरज पाल, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, लालचंद वर्मा, राजेंद्र सिंह परगनिहा, योगेश सोनी, टी जोगा राव, लक्ष्मीपति राजू, श्याम लाल साहू, जय प्रकाश नायर ,संजय साहू इंटक ठेका श्रमिक, फौजी अरुण सिसोदिया,अतुल श्रीवास्तव, सीजू एंथनी, गुड्डू खान, भोलू श्रीवास्तव, मनोज पांडे, अली हुसैन सिद्दीकी, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, सुमित पवार, आशीष यादव, शरद मिश्र, हरीश सिंह आदि मौजूद रहे। अलग-अलग क्षेत्र से महिलाओं के जत्थे भी सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे।

वाहन चेकिंग में फर्जी बीएसएफ जवान गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना के अंतर्गत पुलिस ने एक फर्जी बीएसएफ जवान को हिरासत में लिया गया है। आरोपी सिमरनजीत सिंह (31 साल) दुर्ग में किराए के मकान से रह रहा था। उसने अपना खुद का फर्जी पहचान पत्र बनवाया। 20 दिसंबर को शहीद चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से बीएसएफ का फर्जी आईडेंटिटी कार्ड भी मिला है।

आरोपी सफेद रंग की डिजायर कार में घूम रहा था। कार में पुलिस लिखा था। वह खुद का बीएसएफ का जवान बताता था। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मोहन नगर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक पेट्रोलिंग टीम के साथ शहीद चौक दुर्ग में आने-जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पेट्रोलिंग स्टाफ ने सिंधिया नगर दुर्ग की ओर से आ रही डिजायर कार (क्रमांक सीजी 07 सीआर 9095) को रोककर जांच की। वाहन चालक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम सिमरनजीत सिंह (31 साल) निवासी सुंदरनगर मीराकोट चौक एयरपोर्ट रोड, थाना कम्बोज, जिला अमृतसर (पंजाब) बताया। वर्तमान में वह सिंधिया नगर स्थित सेंगर हाउस, दुर्ग में किराये के मकान में रह रहा था। आरोपी ने खुद को बीएसएफ में पदस्थ होना बताया और पुलिस को बीएसएफका आईडी कार्ड भी दिखाया। पुलिस को आईडी कार्ड पर संदेह हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने पर वह गोलमोल जवाब देने लगा। जांच में पता चला कि उसके पास मौजूद बीएसएफ पहचान पत्र फर्जी है।

बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह 'अभिव्यंजना' सम्पन्न

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग अंतर्गत सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में दिनांक 20 दिसंबर को वार्षिक समारोह (अभिव्यंजना) का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र चित्त रंजन महापात्र थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ (माइन्स) कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ (रावघाट) अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ एवं सीएसआर) उत्पल दत्ता तथा महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दूबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों, पालको, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात पालक/शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिक जॉर्ज द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सरकार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह.शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। प्राचार्य ने उद्बोधन में बताया कि इस वर्ष कक्षा 10 वीं में 18 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, वहीं कक्षा 12वी में 13 छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक आए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालय के 03 भूतपूर्व विद्यार्थियों का चयन इस वर्ष छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में भी हुआ। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सत्र के शिक्षक पुरस्कार विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि चित्तरंजन महापात्र ने सभी उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के संतुलित समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रिदम रहा। विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता एवं सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन प्रस्तुत किया। शालेय छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीतों की प्रस्तुति दी।

प्रशासन शहर की ओर अभियान आज

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीपीआरजी) द्वारा संचालित सुशासन सप्ताह प्रशासन शहर की ओर 2025 अभियान के अंतर्गत नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में 22 दिसम्बर को आदित्य नगर जोन कार्यालय में सुबह 9.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शहर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करना है।

अभियान के दौरान आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सुशासन सप्ताह के क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त मोहेन्द्र साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सरपंचों ने ग्राम पंचायतों में तालाबंदी की दी चेतावनी

दुर्ग/नवप्रदेश। सरपंचों ने 15वें वित्त की राशि अभी तक पंचायतों में नहीं पहुंचने रोष रोष जताया है। जनपद सभागार दुर्ग में सरपंच संघ की बैठक के बाद सरपंचों ने संघ के अध्यक्ष युगल किशोर आडिल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने 15 दिवस के भीतर पंद्रहवें वित्त की राशि पंचायतों को प्रदान ना करने पर ग्राम पंचायतों में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है।

सरपंचों ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि 15वें वित्त की राशि अभी तक नहीं मिली है, जिससे गांवों में मूलभूत सुविधा जल, सफाई, बिजली आदि कार्य नही हो रहे है। 15 दिवस के भीतर राशि पंचायतों को ना मिलने पर तालाबंदी किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष युगल किशोर साहू, उपाध्यक्ष अरुण गौतम, सचिव अनिल बंजारे, मीडिया प्रभारी कीर्तन साहू, सरपंचगण रोशन लाल साहू, दिग्विजय सिन्हा, चुम्मन यादव, मीना यादव, भूपेंद्र टंडन, गंगिया रावते, माधो लाल देवांगन, इंद्रजीत साहू, दुष्यंत कुमार साहू, कमल देवांगन, माखन साहू आदि उपस्थित रहे।

मुस्कुराना स्ट्रेस की सबसे बड़ी एंटीडोज है : प्रोफेसर गिरीश

■ **दूसरों के प्रति हमारी एक्सपेक्टेशन जितनी कम होगी, हम उतना ही तनाव रहित रह पाएंगे**

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा, दुर्ग के कमला दीदी सभागार में आज वाह जिंदगी वाह शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रख्यात वक्ता प्रोफेसर ईवी गिरीश ने कहा कि तनाव को कम करने के लिए मुस्कुराना सबसे बड़ी रामबाण दवा है। स्ट्रेस की सबसे बड़ी एंटीडोज है। ईश्वर ने सभी प्राणियों में, पशु-पक्षियों में मुस्कुराने की कला केवल मनुष्य को दी है। हम सबको हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो मुस्कुरा कर खुद भी खुश रह सकता है और दूसरों को भी खुशी दे सकता है। एक वैज्ञानिक तथ्य है कि 1 साल का बच्चा 24 घंटे में लगभग 300 बार मुस्कुराता है। हम जैसे-जैसे बड़े होते जाते हैं, हमारी मुस्कुराहट कम होती जाती है। हमें खुद से पूछना चाहिए कि हमारी जिंदगी मुस्कुराने के मामले में पहले से बेहतर हुई है या बदतर हुई है। प्रो गिरीश ने कहा कि तनाव का लेन-देन हमेशा मानसिक, शारीरिक, व्यवहारिक, पारिवारिक समस्या को क्रिएट ही करता है। दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने तनाव के कारणों को जानने का प्रयास किया और उन्होंने आठ ब्राड क्लासिफिकेशन बताए हैं, जिसके कारण से लोगों को तनाव होता है। फाइनेंस यानी पैसों के कारण तनाव होता है। हम जल्दी धनवान बनना चाहते हैं। हर काम में जल्दी चाहते हैं। हम अपने बच्चों को सुबह से शाम तक हर काम जल्दी करने के लिए कहते हैं। बड़ा प्रश्न यह है कि हमारे अंदर का पैशन या सब्र क्यों खत्म हो रहा हैं। वैश्विक लेवल पर टेंशन को लेकर दूसरा मुख्य कारण है संबंधों का है। तनाव का एक कारण दूसरों से अपेक्षा रखना है। दूसरों के प्रति हमारी अपेक्षाएं या एक्सपेक्टेशन जितना कम होगा, उतना ही हम तनाव रहित रह पाएंगे।

शहरी क्षेत्रों में मंत्री, विधायक, कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई

पल्स पोलियो अभियान: 0 से 5 वर्ष आयु के 85 प्रतिशत बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप

■ **जिला अस्पताल में आज जन्मे 9 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई**

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चक्र के पहले दिन 21 दिसम्बर को नगर निगम क्षेत्र दुर्ग के अंतर्गत स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला चिकित्सालय दुर्ग में पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया।

लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई में विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन, विकासखंड पाटन अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पोलियो बूथ में अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन योगेश (निक्की) भाले, विकासखंड धमधा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पोलियो बूथ में उपाध्यक्ष नगर पंचायत धमधा बृजेन्द्र दानी, विकासखंड निकुम दुर्ग अंतर्गत पुरानी बस्ती जीडी नगर निकुम में जनपद सदस्य लीलावती देशमुख, सरपंच व विधायक प्रतिनिधि भागवत पटेल ने टीकाकरण बूथों में उपस्थित होकर पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया।

पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चरण में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी डॉ. मनोज दानी व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले में 21 दिसम्बर को निर्धारित आयु वर्ग के लगभग 85 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया।

जिला स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम अधिकारियों ने सुबह 8 बजे से टीकाकरण बूथों में मॉनिटरिंग की।

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि अभियान के द्वितीय व तृतीय दिवस 22 व 23 दिसंबर को टीकाकरण दलों में शामिल स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, कोटवार आदि द्वारा जिले के कुल 3.45 लाख घरों का भ्रमण कर अभियान के प्रथम दिन निर्धारित बूथ में न आने वाले बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा। 21 दिसम्बर को सिविल सर्जन डॉ. आशीष मिंज ने बताया कि जिला अस्पताल दुर्ग में आज जन्म लिए 9 नवजात शिशुओं को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। सेक्टर 9 बीएसपी अस्पताल, निजी नर्सिंग होम में नवजात बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया।

दुर्ग व भिलाई के रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, टेम्पो स्टैण्ड में ट्रांजिट टीम व ओवरब्रिज के आसपास के झुग्गी झोपड़ी में मोबाईल टीम ने विशेष रूप से भ्रमण किया।

ग्रामीण क्षेत्रों के मेले व मड़ई स्थलों, प्रवचन स्थलों, ईट भट्ठी व फैक्ट्री क्षेत्र के आसपास, बाड़ी, नदी के किनारे की बसाहट में टीकाकरण दल द्वारा भ्रमण कर पोलियो खुराक पिलाई गई। 22 व 23 दिसंबर को भी इन क्षेत्रों में पिलाई जाएगी।

भिलाई और वैशाली नगर विधानसभा में विकास कार्य के लिए 93 लाख स्वीकृत

भिलाई/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत 5 विकास कार्यों के लिए 23 लाख 48 हजार 274 रुपए की स्वीकृति दी है।

विधानसभा भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी नगर निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा।

भिलाई नगर वार्ड 63 सड़क नंबर 67 व 68 के मध्य सेक्टर 6 भिलाई में सार्वजनिक डोम शेड कार्य के लिये फेस 1 कार्य फाउण्डेशन कार्य व टाईल्सयुक्त मंच निर्माण के लिए 9 लाख 99 हजार 24 रुपए, सेक्टर 6 भिलाई में बाके बिहारी डोम शेड के पास 1 नग बोर खनन व सार्वजनिक महिला-पुरुष शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए, सार्वजनिक दुर्गोत्सव जेपी सीमेंट रोड सड़क नं. 3, सेक्टर-5 भिलाई के पास 1 नगर बोर खनन कार्य के लिए 99 हजार 413 रुपए की राशि स्वीकृत की है।

वही वार्ड 48 जोन 3, खुर्सीपार के पास पम्प हाउस मैदान में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण, शेड निर्माण, चेनलिंग फेंसिंग कार्य व कक्ष निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रुपए और सेक्टर-7 भिलाई कूर्मि भवन के पास सार्वजनिक डोम शेड का विस्तारीकरण व संधारण कार्य के लिए 3 लाख 99 हजार 837 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत विकास कार्य के लिए 70 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वैशाली नगर की लाल मैदान पावर हाउस में सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 70 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

ऑनलाइन टोकन से धान खरीदी व्यवस्था हुई सरल और पारदर्शी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में किसानों को मिल रहा सीधा लाभ

■ 'टोकन तुहर हाथ' ऐप से निरंजन साहू को मिली घर बैठे सुविधा, 36 क्विंटल धान विक्रय कर हुए लाभान्वित

कवर्धा /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी व्यवस्था को लगातार अधिक सरल, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया जा रहा है। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा 'टोकन तुहर हाथ' ऐप के माध्यम से 24म7 ऑनलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसान घर बैठे अपनी सुविधा अनुसार टोकन प्राप्त कर पा रहे हैं। इस डिजिटल पहल से धान खरीदी की प्रक्रिया समयबद्ध होने के साथ-साथ खरीदी केंद्रों पर भीड़ नियंत्रण में भी प्रभावी सिद्ध हो रही है। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को निर्धारित तिथि एवं समय पर धान विक्रय का अवसर मिल रहा है।

इसी सुव्यवस्थित और डिजिटल व्यवस्था का लाभ कबीरधाम जिले के ग्राम खैरबाना कला के किसान श्री निरंजन साहू को मिला।

जिले में धान खरीदी सुचारू, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी ढंग से हो रही संचालित

■ जिले के 39 हजार से अधिक किसानों ने 1,92,763 मीट्रिक टन बेचा धान

कवर्धा /नवप्रदेश। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025 -26 के अंतर्गत धान खरीदी अभियान पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी 108 धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। किसान अपने-अपने उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर आसानी से धान का विक्रय कर रहे हैं, जिससे उनमें संतोष और विश्वास का निर्मित हुआ है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मानक सीमा के अनुसार धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के प्रभावी निर्देशन एवं सतत निगरानी में धान खरीदी व्यवस्था को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया गया है।

धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बायोमेट्रिक डिवाइस, आर्द्रता मापी यंत्र, पेयजल, छांव, श्रमिकों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। किसानों के धान की गुणवत्ता जांच आर्द्रता मापी यंत्र के माध्यम से की जा रही है, जिससे खरीदी प्रक्रिया निष्पक्ष और मानकों के अनुरूप सुनिश्चित हो रही है। जिले में अब तक 39,198 किसानों ने अपना धान विक्रय कर लिया है। किसानों से कुल 1,92,763 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में अब तक 45,474.05 लाख रुपये का भुगतान किसानों को सीधे उनके खातों में किया जा चुका है, जिससे किसानों को समय पर आर्थिक लाभ मिल रहा है। धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव कार्य भी लगातार जारी है। अब तक उपार्जन केंद्रों से 12,665 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है

■ न्यूज गैलरी

शहर में मोटर चेकिंग प्वाइंट लगाकर ब्रेथ एनालाइजर से संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग की गई

राजनांदगांव / नव प्रदेश। आज पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी नववर्ष के आगमन के मद्देनज़र शहर के महावीर चौक, देशमुख होटल चिखली एवं गौरव पथ तिराहा में मोटर चेकिंग प्वाइंट लगाकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन (अल्कोहल मीटर) के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई।महावीर चौक में वाहन चेकिंग के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा की उपस्थिति में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप एवं यातायात टीम द्वारा चेकिंग की कार्यवाही की गई।देशमुख होटल, चिखली में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, तथा पुलिस चौकी चिखली प्रभारी कैलाशचंद मरई द्वारा वाहन चेकिंग की गई।

उच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया

कवर्धा / नव प्रदेश। । राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन पर द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन 18 दिसम्बर, 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में अत्यंत गरिमामय रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए उपलब्धियों की समीक्षा एवं प्रदर्शन का मूल्यांकन करना था। इस राज्य स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई। सम्मेलन की सह-अध्यक्षता माननीय श्री न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा माननीय श्री न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा की गई।

माननीय श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने अभिभाषण में इस बात पर विशेष बल दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालतें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39-क में निहित समान न्याय की परिकल्पना को साकार करने का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरी हैं। उन्होंने व्यक्त किया कि विगत नौ राष्ट्रीय लोक अदालतों के दौरान कुल 2,27,18,454 मामलों का अभूतपूर्व निपटारा किया गया है तथा कुल प्रकरणों के निस्तारण के संदर्भ में छत्तीसगढ़ निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पाँच राज्यों में स्थान प्राप्त करता रहा है।

- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

हॉकी राजनांदगांव की खेल चेतना एवं युवा ऊर्जा के सजीव उत्सव : डॉ. रमन सिंह

■ राजनांदगांव के खिलाड़ी देश-प्रदेश एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे नाम रोशन

राजनांदगांव / नव प्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रूद्राक्षम् वेलफेयर सोसायटी द्वारा पटरी पार चिखली स्कूल मैदान राजनांदगांव में आयोजित 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 21 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2025 तक आयोजित की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हॉकी खिलाडिय़ों के लिए हॉकी किट रखने के लिए 5 लाख रूपए तथा जिम सामग्री क्रय करने के लिए 5 लाख रूपए की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि हॉकी का खेल राजनांदगांव की खेल चेतना, सामाजिक सहभागिता और युवा ऊर्जा के सजीव उत्सव है। उन्होंने रूद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा निरंतर 5 वर्षों तक सफ्लतापूर्वक प्रतियोगिता आयोजन करने के लिए हार्दिक बधाई दी। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता को अधिक भव्य, अनुशासित, उद्देश्यपूर्ण बनाने की दिशा में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, हमारी खेल परंपरा और हॉकी का गौरवशाली स्थान रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की मिट्टी में हॉकी का बीज छुपा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज यहां बीज का रोपण हुआ है। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी देश के हॉकी जगत में कहीं ना कहीं, किसी न किसी स्थान में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए भी दिखेंगे। राजनांदगांव से अधिक से अधिक बच्चे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे जैसे खिलाड़ी निकलेंगे और आगे बढ़ेंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश-प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यों से श्रेष्ठ टीम यहां आई है, राजनांदगांव को अच्छा हॉकी देखने और बच्चों को सीखने के लिए मिलेगा। उन्होंने कहा कि मार्चपास्ट के दौरान बच्चों में उत्साह, ऊर्जा और ताकत दिखाई दी है। उन्होंने सभी खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खिलाडिय़ों को खेल भावना से खेलने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पार्षद श्री शिव वर्मा और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर श्री कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ श्री फिरोज अंसारी, श्री ऋषि चौधरी, श्री सुमित भाटिया, श्री विष्णु नंद, श्री प्रिंस भाटिया, श्री सुनील साहू, ऋतु जैन, श्री विजय शर्मा, श्री प्रेम रजक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, नगरवासी और खिलाड़ी उपस्थित थे

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से प्रकाशित हुआ प्रीति का घर

बिजली बिल शून्य बिजली के खर्च से मिली बड़ी राहत

राजनांदगांव / नव प्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जिले में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिसके सकारात्मक परिणाम उपभोक्ताओं के जीवन में स्पष्ट रूप से देखने मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से उपभोक्ताओं को न केवल बिजली बिल में राहत मिल रही है, बल्कि स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेते हुए राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम लिटिया निवासी श्रीमती प्रीति वर्मा ने 6 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफ्टॉप पावर प्लांट अपने घर के छत पर स्थापित किया है। श्रीमती प्रीति वर्मा ने बताया कि सोलर पैनल स्थापित होने से पहले उनका मासिक बिजली बिल लगभग 7 हजार रूपए से 10 हजार रूपए के बीच आता था। सोलर पैनल स्थापना के बाद लगातार 6 माह तक उनका बिजली बिल शून्य अथवा माइनस में आया। जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिली। इसके अतिरिक्त उन्हें 2900 रूपए का सोलर रिबेट प्राप्त हुआ है, जबकि उसी माह उनका बिजली बिल मात्र 190 रूपए आया है। जिससे बिजली के खर्च से बड़ी बचत मिल रही है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान हो रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना स्वच्छ, हरित एवं आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होकर सौर ऊर्जा को अपना रहे हैं।

विस अध्यक्ष ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

राजनांदगांव /नव प्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर सघन पल्स पोलियो अभियान 2025 का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 0 से 5 वर्ष तक के नन्हें बच्चों के सभी अभिभावकों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, एसपी श्रीमती अंकिता शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ बीएल तुलावी, डब्लूएचओ सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर श्री आसिम रियाज खान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप ताम्रकार, जिला डाटा प्रबंधक श्री अखिलेश चोपड़ा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री पूजा मेश्राम, जिला डाटा मैनेजर आईडीएसपी श्री अखिलेश नारायण सिंह, वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर, श्री हितेश कुल्हाड़े एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सघन पल्स पोलियो अभियान 2025 अंतर्गत जिले के ग्रामों के अलावा शहरी क्षेत्रों में बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में पोलियो बूथ बनाने के साथ ट्रांजिट टीमों के द्वारा खदानों, ईटा भट्ठा, छात्रावास, मदरसा एवं छूटे क्षेत्रों में पोलियों की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीमों एवं मोबाइल टीमों का गठन किया गया था। प्रथम दिवस बूथ में पोलियो की दवा पिलाने के बाद 22 एवं 23 दिसम्बर 2025 को सभी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

प्रबंधन की लापरवाही से पेराई बंद गन्ने से लदी सैकड़ों गाड़ियां जाम

5 दिन पहले पूजा पाठ कर शुरू किया गया कारखाना, प्रबंधन की लापरवाही से पेराई बंद, गन्ने से लदी सैकड़ो गाड़ियां हुई जाम

बालोद । बालोद जिले के एकमात्र मां दंतेश्वरी सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में लगभग एक हफ्ते पहले ही कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर इस सत्र का पेराई सीजन शुरू किया गया था। लेकिन क्या खामियां रह गई कि एक हफ्ते के भीतर ही पेराई बंद करनी पड़ गई है। इधर पेराई शुरू होने के बाद गांव में मुनादी करवाने के साथ गन्ना लगाने वाले किसान अपनी अपनी उपज लेकर यहां पहुंच चुके हैं। सैकड़ो गाड़ियों की कतार और जाम लगी है। पर गन्ना पेराई बंद हो गया है। तकनीकी खराबी के चलते यह स्थिति देखने को मिल रही है। कारखाना प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इस समस्या की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा भी रविवार को कारखाना परिसर में किसानों से मिलने के लिए पहुंचे और वस्तुस्थिति की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि 2 दिन से ज्यादा हो गए हैं हमारी गाड़ियां खड़ी हुई है पेराई बंद हो गया है। यहां गन्ना रखने के लिए जगह ही नहीं है। ऐसे में गन्ना को कहां रखें, ना वापस ले जा सकते हैं। गाड़ी का किराया अलग किसानों को प्रतिदिन के हिसाब से देना पड़ रहा है और वे अपनी उपज भी बेच नहीं पा रहे हैं। इधर प्रबंधन द्वारा अब तक व्यवस्था सुधारा नहीं जा सका है। जिसके चलते किसानों में आक्रोश है। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक संगीता सिन्हा ने भी कहा है कि अगर जल्द से जल्द किसानों की समस्या हल नहीं हुई तो हम इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करेंगे। पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा ने जब पेराई बंद होने के कारणों के बारे में पूछा तो अधिकारियों से जवाब मिला कि तकनीकी दिक्कत है, कारखाना के मशीनों की पूरी चेकिंग एक बार और होगी। बाहर से इंजीनियर आएगा तभी कारखाना में पेराई शुरू हो पाएगा तो सवाल यही उठता है कि पेराई सीजन का शुभारंभ जब 5 दिन पहले शुरू किया गया तो क्या इन दिक्कतों पर ध्यान नहीं दिया गया। अगर ऐसा ही था तो पूरी व्यवस्था बन जाने के बाद पेराई शुरू कराते, इस तरह किसानों को परेशान नहीं होना पड़ता। पर जिस तरह से किसान अपनी उपज बेचने के लिए आज भटक रहे हैं यह प्रबंधन की लापरवाही को उजागर करता है। किसानों ने कहा कि एक तो क्षेत्र में कारखाना होने के बावजूद गन्ना का रकबा कम है। प्रबंधन की लापरवाही और उदासीनता के चलते गन्ने की खेती में कई किसान दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। पर जो लोग धान के बजाय गन्ने की खेती कर रहे हैं, उन्हें अपनी उपज को बेचने में इस तरह परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।

दिसंबर 2009 से संचालित है यहां कारखाना

बालोद जिले में मां दंतेश्वरी सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में स्थित है, जो दिसंबर 2009 से संचालित है। यह कृषि-आधारित उद्योग है और इस क्षेत्र के किसानों के लिए गन्ने की खेती को बढ़ावा देता है, लेकिन गन्ने की कमी और धान की खेती के प्रति किसानों के झुकाव के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है। पर जो किसान गन्ना लगा रहे हैं उनकी उपज समय पर भी प्रबंधन खरीद नहीं पा रहा है।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती रजन्तीन बाई जैन उम्र 45 वर्ष पति रामकुमार जैन निवासी मकान नं. 21 नयापारा उत्तामार पंचायत जातावाड़ा तहसील दुर्ग कोंदल जिला कांकेर छ.ग. का रहने वाली हूं जो कि नीचे लिखे शपथपूर्वक कथन करती हूं कि यह कि मेरा नाम एवं पता ऊपर नामांकित अनुसार है। यह कि मुझ शपथकर्ती के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम दुर्ग में एक पॉलिसी क्रमांक 386834332 संचालित है जिसमें मेरा नाम राजनरी पाण्डेय दर्ज है। जिस समय पॉलिसी संचालित किया था उस समय मुझ शपतकर्ती के द्वारा अपना मतदाता सूची प्रस्तुत किया था इस आधार से पॉलिसी चालू हुआ था। यह कि मेरा आधार कार्ड क्रमांक 302199832397 में मेरा नाम रजन्तीन बाई जैन दर्ज है और मेरा अंकसूची में मेरा नाम रजन्तीन है और मेरा बैक पासबुक में रजन्तीन जैन दर्ज है। यह कि रजन्तीन बाई जैन और राजनरी पाण्डेय दोनों नाम मुझ शपथकर्ती का ही नाम है और दोनो नाम से जाने एवं पहचाने जाते है। अगर उक्त नाम के संबंध में भविष्य में वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो इस सब की जवाबदारी मुझ शपथकर्ती की होगी।

शपथकर्ती
रजन्तीन बाई जैन
पति रामकुमार जैन
निवासी मकान नं. 21 नयापारा
उत्तामार पंचायत जातावाड़ा तहसील दुर्ग
कोंदल जिला कांकेर छ.ग. सुपेला भिलाई,
जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)

पेज 1 का शेष

टेक्स चोरी का खेला-स्वदेशी...

करने से पहले वाहन पार्कि ग में तैनात कर्मचारियों द्वारा किराया वसूलने की पर्ची थमा दी जाती है। इसमें भी ठेकेदार का नाम या जीएसटी नम्बर का कोई उल्लेख नहीं होता। केवल खानापूर्ति वाली पर्ची दी जाती है। हर दिन हजारों की संख्या में लोग मेला घूमने चौपहिया और दुपहिया वाहनों में आ रहे है। इस तरह लाखों की कमाई बगैर शासन को टेक्स दिए हो रही है। हर जगह हो रही टेक्स चोरी को देखकर हींग लगे न फिटकरी रंग चोखा कहावत चरितार्थ होता नजर आ रहा है।

टायलेट कही नजर नहीं आता

मेला में हर दिन परिवार सहित आने वाले लोगों के लिए इतने बड़े एरिया में केवल इक्का दुक्का टायलेट बनाएं गए है। काफी दूर में बने टायलेट खोजने के लिए लोग भटकते नजर आते है। कई स्थानों पर बिजली के तार भी असुरक्षित ढंग से बेतरतीब फैले नजर आते है। इस कारण जानमाल के नुकसान की भी आशंका है।

'परीक्षा पे चर्चा' का हिस्सा ...

आठवां संस्करण 10 फरवरी को आयोजित किया गया था। पिछले साल यह चर्चा नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में एक नए और अभिनव प्रारूप में आयोजित की गई थी। प्रधानमंत्री के इस संवाद कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के छात्र शामिल हुए थे। इनमें सरकारी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सीबीएसई से संबद्ध स्कूल और नवोदय विद्यालय के छात्र शामिल थे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस वर्ष के संस्करण में शामिल होने के लिए 11 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। गौरतलब है कि परीक्षा पे चर्चा एक वार्षिक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से परीक्षा-संबंधित तनाव, तैयारी, सीख एवं मानसिक दृष्टिकोण पर संवाद करते हैं। वह यह संवाद करते हैं ताकि परीक्षा को उत्सव और सकारात्मक अनुभव के रूप में देखा जा सके।

बीते वर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में 245 से ज्यादा देशों के छात्रों, 153 देशों के शिक्षकों और 149 देशों के अभिभावकों की भागीदारी रही थी। तब इस व्यापक भागीदारी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख?या में असाधारण वृद्धि देखी गई है। 2018 में हुए पहले संस्करण में जहां केवल 22,000 प्रतिभागी थे। वहीं 2025 के आठवें संस्करण में पंजीकरण की संख्या 3.56 करोड़ तक पहुंच गई। इसके साथ ही, परीक्षा पे चर्चा 2025 से संबंधित राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन गतिविधियों में 1.55 करोड़ लोगों ने भाग लिया जिससे इसमें कुल भागीदारी लगभग 5 करोड़ हो गई।

राष्ट्रपति ने 'जी राम जी विधेयक' ...

साप्ताहिक या अधिकतम 15 दिनों में अनिवार्य किया गया है और विलंब पर मुआवजा भी मिलेगा। कृषि मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्यों को 60 दिनों की विराम अवधि का प्रावधान है, ताकि श्रमिक बुवाई-कटाई में उपलब्ध रहें। इसमें मिलने वाले कार्य चार प्रमुख क्षेत्रों से जुड़े होंगे, जिनमें जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका अवसंरचना, और मौसम प्रतिकूलता से निपटने के उपाय शामिल हैं।

वित्तीय ढांचे में केंद्र-राज्य साझेदारी 60:40 होगी, जबकि पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए यह साझेदारी 90:10 की होगी। प्रशासनिक व्यय सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत की गई है। सरकार का दावा है कि यह कानून ग्रामीण रोजगार को कल्याण से आगे ले जाकर दीर्घकालिक विकास का माध्यम बनाएगा।

बता दें कि विधेयक को संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष के भारी विरोध के बीच पारित किया गया था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इसे ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर हमला बताया। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया कि रोजगार का अधिकार मजबूत हुआ है और परिसंपत्ति निर्माण पर फोकस से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

कड़ाके की ठंड, चिल्फी ...

जनजीवन प्रभावित

चिल्फी घाटी के वनांचल में हाड़ कंपा देने वाली ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। ग्रामीण अलाव का सहारा ले रहे हैं, वहीं बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत पड़ रही है। शहर कवर्धा में भी ठंड का असर बढने् लगा है।

मौसम विभाग के संकेतों के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट संभव है। ऐसे में चिल्फी घाटी समेत पूरे कबीरधाम जिले में ठंड का असर और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

सियार का शिकार करने वाले 5 गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। वन अमला ने शनिवार को गश्त के दौरान वन परिक्षेत्र पिथौरा अंतर्गत कक्ष क्रमांक 206, सोहागपुर बीट में वृक्षों की अवैध कटाई, वन अधिकार मान्यता अधिनियम अंतर्गत प्राप्त पट्टाशुदा भूमि में नया अतिक्रमण, जंगल के भीतर डबरी में मछली जाल डालने तथा विद्युत तार प्रवाहित करने जैसी गंभीर अवैध गतिविधियाँ पाईं। मौके से तीन आरोपियों रामाधीन गोंड़, ढोमसिंह, संतोष को गिरफ्तार किया गया। इनके विरुद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 51 सहपठित धारा 9 एवं 2(16), भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 तथा लोकसंपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त कार्रवाई उप वनमण्डलाधिकारी पिथौरा डिम्पी बैस, वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा सालिकराम डड़सेना, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बुंदेली छबिराम साहू, परिसर रक्षी सोहागपुर एवं सुरक्षा श्रमिकों ने की।

इसी तरह सांकरा परिक्षेत्र के बड़े टेमरी क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 258 में सियार का फंदा लगाकर शिकार कर ले जाते हुए आरोपी फगूलाल एवं कुमार पारधी को पकड़ा। दोनों के विरुद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 51 सहपठित धारा 9 एवं 2(16) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई सहायक परिक्षेत्र अधिकारी सांकरा राजकुमार साहू, परिसर रक्षी सांकरा दीपक जेन्ड्रे एवं सुरक्षा श्रमिकों द्वारा की गई। गश्त के दौरान ही बागबाहरा परिक्षेत्र अंतर्गत जुनवानी बीट के कक्ष क्रमांक 128, संरक्षित वन से संलग्न राजस्व क्षेत्र में चेतन बरिहा के खेत में वन्यप्राणी नील गाय का एक शावक पाया गया।

आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, बिंधनखोल नाला किनारे महुआ लाहन बरामद

पिथौरा/नवप्रदेश। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध अपनी मुस्तैदी बढ़ा दी है। कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में पिथौरा वृत्त के अंतर्गत विभाग ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया, जिससे अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

नाले के किनारे चल रही थी शराब बनाने की तैयारी

आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पिथौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोपालपुर बिंधनखोल नाला के पास बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही विवेचक अधिकारी नीरज कुमार साहू एवं पिथौरा स्टाफकी टीम ने मौके पर घेराबंदी की।

विभाग की दबिश के दौरान मौके से भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की गई, जहा कुल ?10 लीटर कच्ची हाथभट्टी महुआ शराब ?16 बोरों में भरा हुआ 800 किलोग्राम महुआ लाहन (जिसे शराब बनाने के लिए तैयार किया गया था)। जप्त किए गए माल की कुल अनुमानित कीमत लगभग 42,000 रुपये बताई जा रही है

आरोपी फरार, मामला दर्ज

आपका अधिकारी नीरज साहू ने बताया ?छापेमारी के दौरान आरोपी पुलिस और आबकारी टीम की भनक लगते ही मौके से फरार होने में कामयाब रहा। विभाग ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(क)(च), 34(2) और 59(क) के तहत प्रकरण संख्या 01 कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। जप्त किए गए महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

कोचियों को सख्त चेतावनी

कार्रवाई के बाद आबकारी अधिकारी नीरज साहू ने स्पष्ट संदेश दिया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध शराब का व्यापार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने 'कोचियों' को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अवैध शराब और महुआ लाहन के विरुद्ध यह ताबड़तोड़ अभियान निरंतर जारी रहेगा। अवैध शराब के नेटवर्क को ध्वस्त करना हमारी प्राथमिकता है। गोपालपुर में हुई यह कार्रवाई इसी कड़ी का हिस्सा है। आने वाले दिनों में गश्त और मुखबिर तंत्र को और मजबूत किया जाएगा।

हिंदू जागरण मंच ने मनाया गुरु घासीदास बाबा जयंती

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शहर के छीरपानी वार्ड नंबर 8 में हिंदू जागरण मंच द्वारा गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश आज के समाज के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। इस दौरान भाजपा महिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ शहर भाजपा मंत्री अलका सहारे लक्ष्मी यादव अजय शर्मा और निखिल शर्मा परदेसी टंडन शांति बंजारे कलाबाई मारकंडे ओम प्रकाश टंडन कन्हैया जांगड़े सुरेश बंजारे श्याम कुटेल राजकुमार टंडन हिरौंदी बाई नवरंगी टिकेश्वरी टंडनसुशीला जांगड़े ग्रामीण व हिंदू जागरण मंच के सदस्य उपस्थित थे

विधायक हर्षिता ने 4 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछोली डोंगरगढ़ में अपनें बच्चों के साथ क्षेत्रीय विधायिका हर्षिता बघेल जी ने चार नवजात बच्चों जिसमें बेबी ज्योति, बेबी निकिता बसोड़, बेबी कोमल,बेबी निकिता खोपरागड़े को अपने हाथों से लाड-दुलार करते हुए पल्स पोलियो के दो बूंद की दवा पिलाकर केंद्र का उद्घाटन किया, उन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी मातृशक्ति से आवाहन किया है कि समय से अपने बच्चों को पल्स पोलियो केंद्र में ले जाकर इस जीवन रक्षक दवा को अवश्य पिलाएं तथा अपने घर को पोलियो मुक्त घर बनाएं,इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुचिता श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी द्वारा केंद्र में उपस्थित बच्चों, दिलेश्वर,इशिता,लावण्या, खुशी, नव्या, सोनम,पल्लवी, मानसी, मानवी, शैलेश, यासना आदि को भी दवा पिलाई गई, उद्घाटन के इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विजय राज सिंह चौहान , बीपीएम मुक्ता, सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, सम्राट जैन,ज्योति काड़े, सरिता दुबे, देवोतिन साहू,जयेश चावड़ा, तारिका यादव,राजू डकहा,प्रेमलाल, टिकेश एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं मातृशक्ति अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहे।

15 सौ किलो रोस्टेड चना जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला अभिहित अधिकारी उमेश कुमार ने महासमुंद जिले में बिक रहे फूटे चना-मटर में औरामाइन ओ अथवा अन्य अखाद्य रंगों की मिलावट न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच कराई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सरायपाली स्थित नव दुर्गा ट्रेडर्स, बागबाहरा के अम्बे ट्रेडर्स एवं महासमुंद के श्री राम चना मुर्रा उद्योग से रोस्टेड चना के खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच के दौरान श्री राम चना, मुर्रा उद्योग में विक्रय के लिए रखे गए लगभग 1500 किलो रोस्टेड चना को सीज किया है।

शराब पीने की सुविधा दे रहीं महिला पर कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रही एक महिला के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पेट्रोल पंप के सामने चखना दुकान में एक महिला आने जाने वाले लोगों को बिठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रही है।

पहली बार कांग्रेस-बीजेपी से अलग दिखी किसानों की एकजुट ताकत, ज्वलंत मुद्दों पर प्रशासन को चेतावनी: टेकसिह चंदेल

किसानों की आवाज बना किसान बंधु संगठन

- **धमधा के हीरेतरा में लगभग 5000 किसानों का ऐतिहासिक सम्मेलन**

धमधा/नवप्रदेश। दुर्ग जिले में किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ता किसान बंधु संगठन तेजी से किसानों की मजबूत आवाज बनकर उभर रहा है। ग्राम हीरेतरा में आयोजित धमधा ब्लॉक के 23 वें स्थापना दिवस पर हुए विशाल किसान सम्मेलन ने इसे पूरी तरह साबित कर दिया। सम्मेलन में करीब 5000 किसानों की मौजूदगी रही, जहां क्षेत्रभर से पहुंचे किसानों ने एकजुट होकर अपनी समस्याएं बुलंद आवाज में रखीं।

इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यह पूरी तरह गैर-राजनीतिक रहा। किसानों ने बताया कि पहली बार ऐसा दृश्य देखने को मिला, जहां कांग्रेस, बीजेपी या किसी अन्य राजनीतिक दल के झंडे नहीं थे, बल्कि केवल किसान, उनके मुद्दे और उनके अधिकारों की चर्चा थी।

सम्मेलन में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने भूमि रकबा त्रुटि सुधार, धान खरीदी केंद्रों में टोकन व्यवस्था को दुरुस्त करने और वर्तमान में 2000 से 2300 कट्टा की सीमा को बढ़ाकर 4000 कट्टा धान खरीदी करने की मांग रखी।

ग्राम परसकोल के किसानों ने बताया कि उन्हें पिछले 30 से 35 वर्षों से मुआवजा नहीं मिला, जिससे वे लगातार परेशान हैं। वहीं ग्राम धूमा सहित पूरे क्षेत्र के किसानों ने बिजली कटौती और बिजली बिलों में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी पर नाराजगी जाहिर की।

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि अछोली शराब दुकान फर्जी प्रस्ताव मामला, धमधा जनपद सीईओ के विरोध में जांच की मांग, तथा ठेलका सब स्टेशन में पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर पूर्व में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापनों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा किसान अब सिर्फ सुनता नहीं रहेगा। जमीन, धान, बिजली और मुआवजे से जुड़े मुद्दों को अगर जल्द नहीं सुलझाया गया तो किसान बंधु संगठन सड़क से सदन तक आंदोलन करेगा। यह लड़ाई किसी दल की नहीं, किसान के हक की है।

कार्यक्रम में अन्य किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने भी किसानों को संबोधित किया। इनमें राजकुमार गुप्ता (संयोजक, प्रगतिशील किसान संगठन), आई.के. वर्मा (प्रांतीय अध्यक्ष, प्रगतिशील किसान संगठन), सुदेश टीकम (जिला किसान संघ, राजनांदगांव), रवि ताम्रकार (संयुक्त किसान मोर्चा), ढालेस साहू (जनपद सदस्य दुर्ग), डालू वर्मा (अध्यक्ष, लोधी समाज धमधा सर्किल), जय प्रकाश विश्वकर्मा, सहित कई नेताओं ने किसानों की एकता और संघर्ष को मजबूती देने की बात कही।

कार्यक्रम में आत्मा साहू (अध्यक्ष, किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक), मोती वर्मा (सरपंच प्रतिनिधि), देवेंद्र चंदेल (पूर्व सरपंच), तामेश्वर चंदेल, इंदूर प्रसाद चंदेल, भुनेश्वर नेताम, भवानी सिन्हा, परमेश्वर साहू, नूतन यादव, महेंद्र वर्मा, लेखराम वर्मा, देवेंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, चंद्रकांता राजपूत, पेखन यादव, दादू शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

शराब परिवहन करते दो धराए

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने इलेक्ट्रिक स्कूटर से अंग्रेजी शराब का परिवहन कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 19 दिसंबर को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में शराब परिवहन करते हुए केंद्रीय विद्यालय की ओर से बालसी की ओर जा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद दो व्यक्ति एक बिना नंबर के इलेक्ट्रिक स्कूटर में आए, जिन्हें रोका गया। पूछताछ में स्कूटर चालक ने अपना नाम संतराम साहू (55) एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम-पता लोहरीनडीपा निवासी कन्हैया साहू (46) बताया। तलाशी के दौरान संदेहियों के कब्जे से 30 नग शोले प्लेन देशी शराब (कीमत 2400 रुपए), वहीं एक अन्य प्लास्टिक थैल में 30 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब (कीमत 3600 रुपए) व इलेक्ट्रिक स्कूटर बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

अर्धवार्षिक परीक्षा का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित अर्धवार्षिक परीक्षा का सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा ने निरीक्षण किया। परीक्षा कुल 17 कमरों में संचालित था। सभी कक्षों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाई गई। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य तोषण गिरि गोस्वामी, परीक्षा प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा, विमल मन्नाडे उपस्थित रहे।

गलियों की नाली तोड़कर एक व्यक्ति ने बनाया निजी मकान, प्रशासन मौन

वही पंचायत विभाग निर्माण कार्य नहीं रोक रहे

नगरी/नवप्रदेश। नगरी क्षेत्र के ग्राम भीतरराज के बीच पारा में गलियों के एक व्यक्ति द्वारा नाली तोड़कर निजी मकान निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत द्वारा पहले से ही उक्त स्थान पर नाली का निर्माण किया गया था, जिससे गलियों से वर्षा एवं गंदा पानी बहकर बाहर निकलता था।

बताया जा रहा है कि उसी स्थान पर एक व्यक्ति द्वारा निजी मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण के दौरान संबंधित व्यक्ति ने पंचायत की पूर्व निर्मित नाली को तोड़कर उस पर कॉलम (स्तंभ) खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि उसने आगे नाली बनाने की बात कही है, परंतु नई बनाई गई नाली टेढ़ी-मेढ़ी तथा असमंजस रूप में बनाई गई है, जिससे जल निकासी में बाधा उत्पन्न होने की संभावना बनी रहेगी दिखाई दे रहा है।

जब मकान मालिक से इस संबंध में जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि पंचायत ने जब नाली निर्माण किया था, आम के पेड़ के कारण तब हमारे निजी भूमि में बना दिया गया था। इसलिए अब मैं अपने ही स्थान पर मकान निर्माण कर रहा हूं।

वहीं, ग्राम पंचायत की सरपंच ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही निर्माण कार्य को तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए हैं, और स्थिति का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

कुछ ग्रामीणों का कहना है इस ओर से वाहन का आना जाना होता था बड़े वाहन आवागमन अब बंद हो जायेगा साथ नाली में बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। अत: उन्होंने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।

जनपद पंचायत बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा

संचार संकर्म सभापति ने अनेक एजेंडा पर की चर्चा

महासमुंद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत के सभागार में आज आयोजित संचार संकर्म (निर्माण) सभापति सुधा योगेश्वर चंद्राकर की अध्यक्षता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बहुत से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

सभापति सुधा योगेश्वर चंद्राकर ने बैठक में कहा कि पंचायत स्तर के निर्माण कार्य निर्धारित एजेंसियों द्वारा ही हो इसका ध्यान रखा जाये। अनधिकृत रूप से प्रसाशनिक या राजनितिक दबाव में सरपंचों के अधिकार का हनन न हो। उन्होंने कहा निर्माण कार्यों में काम के अनुरूप पीपीसी, ओपीसी एवं निर्धारित ग्रेड के सीमेंट से गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो एवं पानी तराई की अनिवार्यता सुनिश्चित किया जाना चाहिए। गावों में सी सी निर्माण के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था एवं साइड सोल्डर निर्माण का ध्यान रखा जाये। निर्माण कार्य उपरांत 15 दिन के भीतर मूल्यांकन और सत्यापन उपरांत सरपंच एवं निर्माण एजेंसियों (ठेकेदार) का भुगतान किया जाए, टेस्ट रिपोर्ट के नाम पर वसूली एवं जल्द बिलिंग करने के नाम पर भ्रस्टाचार न हो इसका ध्यान रखने को कहा है। उन्होंने नहर नाली निर्माण के दौरान कार्योपरान्त अनुपयोगी सीमेंट मटेरियल का समुचित प्रबंधन हो, जिससे जल निकासी में अवरोध न हो। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाएं जा रहे तुमगांव महासमुंद सड़क में पुलिया निर्माण के दौरान एवं अन्य निर्माण कार्यों वाइब्रेटर का प्रयोग अनिवार्य रूप से हो, सरकारी निर्माण भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग एवं शौचालय निर्माण अनिवार्य रूप से हो, आंगनबाड़ी एवं स्कूल भवन, हॉस्टल निर्माण के दौरान विशेष रूप से स्थल परीक्षण, स्लेब की गुणवत्ता, जल तराई का ध्यान रखा जाये। इसके आलावा प्रतिमाह अनिवार्य रूप से संचार संकर्म मीटिंग में संबंधित विभाग पिछले माह एवं वर्तमान माह में निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहे। साथ ही मीटिंग में अनुपस्थित रहने कार्यों में लापरवाही बरतने एवं प्रथम क़िस्त प्राप्ति उपरांत एवं निर्धारित समय पर कार्य नहीं करने वाले सरपंचों कार्य एजेंसियों को विधिवत नोटिस प्रदाय उपरांत भी कार्य सम्पादित नहीं करने पर क़ानूनी वसूली की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाये।

सरपंच धरसीवां ने पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया

धरसीवां /नवप्रदेश। 21दिसंबर रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसीवा के अस्पताल में दिन रविवार को जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढिलेंद्र सेन एवं श्यामा कलानाथ गायकवाड़ सरपंच तिवरैया , साहिल खान सरपंच धरसीवां ने पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का उद्घाटन किया। इस मौके पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास तिवारी के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती जुबेदा खान , कोल्ड चेन हैंडलर रामजी साहू , पर्यवेक्षक श्री बी.के वर्मा , श्रीमती प्रतिमा डोंगरे भी मौजूद रहे। यह अभियान जिले में 21 से 23 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के तहत विकासखंड के सभी ग्रामों, मोहल्लों , बस स्टैंड , स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में बूथ बनाए गए हैं जहां पर मितानिन एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दवाइयां पिलाई जा रही है विकासखंड धरसीवा में कुल 30859 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी जिसके लिए 150 बूथ बनाए गए है , उसके अगले दो दिन , घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाया जाएगी ताकि कोई भी बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे।

धरना प्रदर्शन | **विधायक द्वारिकाधीश यादव ने केंद्र-राज्य सरकार की नीतियों पर साधा निशाना**

मनरेगा में नियमों बदलावों के विरोध में कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

महासमुंद/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में किए गए बदलावों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। यह धरना-प्रदर्शन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी विजय जांगिड की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर खल्लारी विधायक और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। विधायक यादव ने कहा कि मनरेगा योजना में अब लगभग 40 प्रतिशत राशि का भार राज्य सरकार पर डाला जा रहा है, जिससे राज्यों की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा मजदूरों को सौ दिन का रोजगार देने की कानूनी गारंटी दी गई थी। मौजूदा सरकार द्वारा उस अधिनियम में किया गया बदलाव उचित नहीं है। यादव ने आशंका जताई कि इस नई व्यवस्था में इतनी बड़ी कल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकारों के लिए संभव नहीं होगा। विधायक यादव ने कहा कि इससे मनरेगा के अंतर्गत पर्याप्त कार्य उपलब्ध नहीं हो पाएगा, जिसका सीधा नुकसान गरीब एवं ग्रामीण मजदूरों को होगा। उन्होंने चेताया कि पहले मनरेगा मजदूरों के लिए रोजगार की गारंटी थी, लेकिन वर्तमान बदलावों के बाद उन्हें काम मिलना लगभग बंद हो जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी बढ़ेगी और पलायन की समस्या गंभीर होगी। यादव ने इस फैसले को मजदूर-विरोधी और केंद्र सरकार की जनविरोधी सोच का परिचायक बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा में किए गए इन बदलावों को तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी तथा सड़क से लेकर सदन तक मजदूरों की आवाज बुलंद करेगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, खिलावन बघेल, अमरजीत चावल, आलोक चंद्राकर, समीम खान, गौरव चंद्राकर, अमर चंद्राकर, भूपेश ठाकुर, भरत सिंह ठाकुर, महेन्द्र चंद्राकर समेत कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पटेल समाज धूमधाम से मनाएगा मां शाकंभरी जयंती

40 गांवों के समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। कोसरिया मरार पटेल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक 21 दिसंबर को सिहावा स्थित मां शाकंभरी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक के पूर्व मां शाकंभरी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई, तत्पश्चात सिहावा राज पदाधिकारियों एवं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए समाज प्रमुखों का स्वागत सम्मान कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिहावा राज अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल कौशल ने की। बैठक में सिहावा राज अंतर्गत 09 क्षेत्रों के समाज प्रमुखों सहित लगभग 40 गांवों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अध्यक्ष कौशल ने कहा कि आगामी 03 जनवरी को मां शाकंभरी जयंती पटेल समाज द्वारा प्रत्येक गांव में पूरे विधि-विधान एवं भव्य रूप से मनाई जाएगी। इस अवसर पर समाज के प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। इस निर्णय पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। बैठक में समाज के वार्षिक आयव्यय पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा हुई। जिसमे बैठक में प्रमुख रूप से कोसरिया पटेल समाज राजा श्री लतखोर पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, सहसचिव राकेश पटेल, सलाहकार कुंजलाल पटेल, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी राजू पटेल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, सिहावा क्षेत्र ग्रामीण अध्यक्ष हरचंद पटेल, सचिव भूपेश पटेल, बेलर क्षेत्र अध्यक्ष हरिनाथ पटेल, नगरी क्षेत्र अध्यक्ष अघनू राम पटेल, मारागांव क्षेत्र अध्यक्ष बृजलाल पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भानू प्रताप पटेल, घठुला क्षेत्र कोषाध्यक्ष गुलाब पटेल, सांकरा क्षेत्र सचिव डिगेश पटेल, फरसिया क्षेत्र से रामभरोस पटेल, घुटकेल क्षेत्र अध्यक्ष चन्द्रभान पटेल, शाकंभरी मंदिर पुजारी गणेश पटेल, गोविंदपुर क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल सहित सभी क्षेत्रों के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

किसानों ने रबी के लिए कोडार से मांगा पानी

महासमुंद/नवप्रदेश। रबी फसल लगाने सिंचाई के लिए कोडार से पानी की मांग को लेकर बरोंडाबाजार के दर्जनों किसानों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कोडार बांध के निर्माण के बाद से अब तक जल संसाधन विभाग ने मात्र दो बार ही बरोंडाबाजार को पानी दिया है।

किसनों ने बताया कि बरोंडा बाजार सूखा क्षेत्र है, जिससे यहां ट्यूबवेल फेल हो जाता है। खरीफसीजन में तो किसान बारिश के पानी से धान की पैदावार कर ही लेते हैं। लेकिन, रबी सीजन में अत्यधिक गर्मी के कारण धान की फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि कई वर्षों से हम रबी फसल के लिए पानी की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन, इस इलाके में मात्र बरोंडाबाजार को ही पानी नहीं दिया जाता। किसानों ने कहा कि इस बार कोडार में भरपूर पानी है। वहीं, नहर कांक्रीटीकरण होने के बाद पानी दिया जा सकता है। कोडार से 12 ग्रामों के 15 सौ हेक्टेयर में लगी धान की फसल की सिंचाई की जा रही है। यदि, बरोंडाबाजार के भी किसानों को पानी दिया गया तो किसानों को सुविधा होगी।

गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए पूर्व नपा उपाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाज प्रमुख व नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग थे। अध्यक्षता सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेन्द्र चंद्राकर, पार्षद सूरज नायक रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महिलांग ने बाबा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए सत्य के मार्ग पर चलने प्रेरित किया। उन्होंने जयंती की शुभकामनाएं देते हुए बाबा के उपदेशों को वास्तविक जीवन में आत्मसात करने की बात कही। कर्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम के समाज अध्यक्ष चोवाराम पटेला, कमलेश चंद्राकर, पंचगण मनीष चंद्राकर, जीतू मानिकपुरी, महेंद्र सूर्यवंशी, सरिता ढीढी, राखी पटेला, लक्षवंतीन सूर्यवंशी, सुखचंद कुर्रे, परशु बंजारे, हीरो बघेल, बलदाऊ पुरेना, अंजोर दास पुरेना, रविश सूर्यवंशी, राहुल पटेला, पालदास बंजारे, रवि सूर्यवंशी, हेमंत ढीढी, कमला आदि उपस्थित रहे।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने चंद्रप्रकाश साहू

भाटापारा/नवप्रदेश। विकासखंड के ग्राम पंचायत टोनाटार निवासी पूर्व सरपंच एवं पूर्व जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर चंद्रप्रकाश साहू ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने मुझे पिछड़ा वर्ग मोर्चा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नवीन दायित्व सौप मुझे नई जिम्मेदारी दी है,मै पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ अपने दायित्वो का निर्वाह करूंगा। उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा जिला अध्यक्ष आनंद यादव के प्रति आभार जताया है।

तीस दिसंबर को होगा महाधिवेशन एवं श्रमिकों का सम्मान

सिमगा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया कि तीस दिसंबर को सिमगा में दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक महाधिवेशन एवं श्रमिकों सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस महाधिवेशन में श्रमिको का सम्मान,श्रमिको के हितों पर प्रस्ताव,श्रमिको के लिए लंगर,रक्तदान शिविर का आयोजन, एवं श्रमिको को श्रम किट प्रदान किया जाएगा।महाधिवेशन एवं श्रमिक सम्मान समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह सोलंकी जी की उपस्तिथि में होगी और छत्तीसगढ़ के सभी वरिष्ठ नेताओं भी मौजूद रहेंगे।

कांग्रेस का असली चेहरा एक बार फिर उजागर: ऐतराम

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही वैधानिक कार्रवाई से कांग्रेस पार्टी का असली चेहरा एक बार फिर देश के सामने उजागर हो गया है। यह मामला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किए गए गंभीर आर्थिक अनियमितताओं को दर्शाता है। स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत का हवाला देकर नेशनल हेराल्ड अखबार के नाम पर कांग्रेस नेताओं ने निजी लाभ के लिए करोड़ों रुपए की संपत्तियों पर कब्जा किया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस जांच एजेंसियों पर दबाव बनाने और राजनीतिक प्रतिशोध का झूठा आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि देश की जांच एजेंसियां पूरी स्वतंत्रता के साथ और कानून के दायरे में रहकर कार्य कर रही हैं।

आकलन शिविर का सफल आयोजन, शिविर में दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

प्रमाणीकरण तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना रहा

नगरी/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार विकासखंड नगरी, जिला धमतरी में दिन शुक्रवार को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए द्वितीय चरण स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रमाणीकरण आकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, प्रमाणीकरण तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना रहा।

शिविर में जिला एवं विकासखंड स्तर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में कुल 66 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें 30 बच्चे, 23 पालक तथा 13 शिक्षक शामिल रहे। परीक्षण के दौरान सिकल सेल से पीड़ित 6, मानसिक मंदता से ग्रसित 3 तथा बहु-दिव्यांगता से ग्रसित 1 बच्चे की पहचान की गई। शिविर में 6 बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया गया, वहीं 5 बच्चों को नवीन प्रमाण पत्र जारी किए गए।दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक सामग्री प्रदान की गई। साथ ही शिविर में उपस्थित सभी बच्चों एवं उनके पालकों को यात्रा भत्ता का भुगतान किया गया तथा सभी के लिए नाश्ता व चाय की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर डॉ. डी. एस. देव, डॉ. नरेश कामड़े, डॉ. अखिलेश देवांगन सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में बीआरसी प्रकाश साहू, सुरेन्द्र लोनहारे, नरेश कौशल, टिकेश साहू, रामकुमार साहू, दीपनारायण दुबे, नेकेश्वर साहू, सचिन सोनी, चंद्रभान गजपाल, शमा रिजवाना, अजीत मंडावी एवं दुगेश्वरी नाग का विशेष योगदान रहा।

पेंशनर्स समाज नगरी तहसील शाखा में चमरूराम नेताम ने ली सदस्यता

नगरी /नवप्रदेश। पेंशनर्स समाज, तहसील शाखा नगरी की दिन शनिवार को बैठक में धनोरा निवासी चमरूराम नेताम उपस्थित हुए, जहां उन्होंने औपचारिक रूप से समाज की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर पेंशनर्स समाज के तहसील अध्यक्ष आर. एल. देव नेताम का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें संगठन से जोड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक में उपस्थित सभी पेंशनर्स साथियों ने नेताम को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

रफ्तार का कहर

अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक चालक की दर्दनाक मौत, मां-बेटी घायल

शोक कार्यक्रम से लौट रहे परिवार पर टूटा कहर, कार चालक मौके से फरार

नगरी/नवप्रदेश। नगरी मुख्य मार्ग पर दुगली के समीप मंगलवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। धमतरी की ओर से आ रही कार क्रमांक छ्त्त 19 ब्क्त 4698 के चालक ने ओवरटेक करने के दौरान नगरी की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक छ्त्त 07 ‹क्त 4117 को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक चालक भुनेश्वर साहू (30 वर्ष), निवासी टेमरी जामगांव की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे में बाइक पर सवार मृतक की सास गीताबाई साहू (45 वर्ष) पति भानूराम साहू एवं सीमा साहू (16 वर्ष) पिता भानूराम साहू गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को दुगली अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि सभी शोक कार्यक्रम से लौट रहे थे।

घटना की सूचना मिलते ही दुगली थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र राज ध्रुव, यशवंत यादव, अमित सेन सहित अन्य राहगीरों ने 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना देकर सहयोग किया। 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाने पर नगरी निवासी कमलेश कुमार साहू ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी निजी वाहन से घायल मांङ्कबेटी को दुगली अस्पताल पहुंचाया।

उल्लेखनीय है कि धमतरी -नगरी राजमार्ग पर भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही रहती है। यह मार्ग जिला मुख्यालय, राजधानी एवं उड़ीसा प्रांत को जोड़ता है, जिसके कारण यहां बड़ी संख्या में मालवाहक वाहन गुजरते हैं। मार्ग से ब्रेकर हटाए जाने के बाद तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं और आए दिन आम नागरिक हादसों का शिकार हो रहे हैं।

वहीं दुर्घटना की स्थिति में 108 एंबुलेंस सेवा के लिए क्षेत्रवासियों को ब्लॉक या जिला मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ता है। दुगली से जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 47 किमी तथा ब्लॉक मुख्यालय 18 किमी होने के कारण एंबुलेंस पहुंचने में घंटों लग जाते हैं, जिससे गंभीर घायलों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से दुगली स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी रूप से 108 एंबुलेंस की व्यवस्था किए जाने की मांग की है, ताकि समय पर उपचार मिल सके और जानमाल की क्षति को रोका जा सके।

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, महासमुंद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में महिलाओं को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री टिक्केन्द्र जाटवर ने सखी वन स्टॉप सेंटर में अब तक प्राप्त प्रकरणों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगस्त 2017 से 20 दिसंबर 2025 तक कुल 1265 प्रकरणों पर कार्य किया गया है। वर्तमान में प्रतिमाह औसतन 15 से 20 प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं।

श्रीमती वर्मा ने कहा कि बालिकाओं एवं महिलाओं को हर स्थान पर सुरक्षा का एहसास होना चाहिए, इसके लिए अनुकूल वातावरण एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर में आने वाली महिलाओं को समय पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बताया कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता, पुलिस सहयोग, मनोवैज्ञानिक परामर्श, चिकित्सकीय सुविधा तथा अस्थायी आश्रय प्रदान किया जाता है। महिलाओं की सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 181 भी संचालित है।

निरीक्षण के दौरान सदस्य ने 'सखी' शब्द का वृहद् अर्थ समझाते हुए कहा कि यह प्रत्येक जिले में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल है, जहाँ उनकी समस्याओं का समाधान गोपनीयता के साथ किया जाता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत द्वितीय बैच का दो दिवसीय टोरेंट प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया। टेली-मेंटरिंग फॉर रूरल हेल्थ ऑर्गनाइजर ऑफ छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (एचआईएमएचएएनएस) बेंगलुरु के संयुक्त प्रयास से जिले में एक पहल है, जो महासमुंद के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के तौर पर विज्ञान संस्थान बेंगलुरु से नर्सिंग ट्यूटर रिया कुमारी ने द्वितीय बैच में 74 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य तथा मानसिक विकारों को विभिन्न श्रेणियों के बारे में जैसे कि (सामान्य, गंभीर, नशे से संबंधित, तंत्रिका संबंधी, बच्चों एवं किशोरों की मानसिक बीमारियों) के साथ ही मानसिक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग, पहचान, परामर्श, रेफरल और फॉलो-अप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में रामगोपाल खुंटे, खोमन लाल एवं टेकलाल नायक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आदर्श समाज निर्माण के लिए बाबा के संदेशों का अनुशरण आवश्यक : निखिलकांत

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम मुड़ागांव में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस दौरान श्री साहू ने बाबा घासीदास जी की पूजा कर समाज व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम स्थल पर समाज के युवा पदाधिकारियों ने पालिका अध्यक्ष का पारंपरिक रूप से स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि बाबा के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही एक आदर्श समाज का निर्माण किया जा सकता है। उनके विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। सत्य और धर्म के प्रतीक स्वरूप उनका जैतखाम समाज को प्रेरित करता रहेगा। यह जैतखाम सामाजिक समानता, एकता और नैतिकता का प्रतीक है। बाबा का जीवन स्वयं एक आदर्श था, जिससे समाज को प्रेरणा मिलती रही। आज जब समाज पुनः जाति, वर्ग और वैचारिक विभाजन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब संत गुरु घासीदास जी का मनखे-मनखे एक समान का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है।

अर्धवार्षिक परीक्षा का सहायक संचालक ने किया निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी अर्धवार्षिक परीक्षा के आज अंतिम दिन शिक्षा सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप से संचालित पायी गई। जिस पर श्री सिन्हा द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा संबंधित प्राचार्यों को सफल परीक्षा आयोजित करने के लिए बधाई दी। श्री सिन्हा ने शिक्षकों को नियमित रूप से छात्र छात्राओं को परीक्षा की तैयारी अनिवार्य रूप से कराने के साथ ही परीक्षा परिणाम में सुधार करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षा समाप्ति के उपरांत शीघ्र ही परीक्षा परिणाम जारी कर छात्रों को अवगत कराया जाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री सिन्हा द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ अंग्रेजी शिक्षकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में निरीक्षण के दौरान प्राचार्य हेमेन्द्र आचार्य एवं बी आर सी सी जागेश्वर सिन्हा भी उपस्थित रहे।

टिकट चेकिंग स्टाफ के लिए ग्राहक सेवा एवं सॉफ्ट स्किल्स पर प्रशिक्षण

सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने किया शुभारंभ

भाटापारा/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों से सीधे संपर्क में रहने वाले फ्रंटलाइन स्टाफ के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर, जो देश के अग्रणी प्रबंधन संस्थानों में से एक है, में 20 दिसंबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

रेलवे के टिकट चेकिंग स्टाफ के लिए ग्राहक सेवा एवं सॉफ्ट स्किल्स पर प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने रेल कर्मियों को प्रोत्साहित किया उन्होंने प्रशिक्षण लेने आए रेल कर्मियों का रेल प्रबंधन एवं रेल परिचालन विषय पर सेशन भी लिया। उन्होंने इस प्रशिक्षण को अपने आत्मसात करने, अपने व्यवहार से यात्रियों की संतुष्टि ही मुख्य ध्येय आपकी रेल सेवा का होना चाहिए। अपनी ड्यूटी को केवल ड्यूटी ना समझ कर यात्रियों के प्रति सेवाभाव से रेलवे के अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना चाहिए।

इस पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसंबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक आईआईएम, रायपुर में किया गया है। इस प्रशिक्षण में बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों के कुल 45 टिकट चेकिंग कर्मचारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और आईआईएम, रायपुर के बीच यह सहयोग न केवल दोनों संस्थानों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे यात्रियों के साथ व्यवहार और सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की अपेक्षा है।

श्री प्रवीण पाण्डेय, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, के निर्देशन में आयोजित इस सेमिनार से जनता से नियमित रूप से संवाद करने वाले रेलवे स्टाफ अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने से भारतीय रेल की छवि एवं सेवा मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

फैक्ट्री की चिमनी से निकलने वाले प्रदूषित धुएं से ग्रामीण परेशान

- **रायपुर बिलासपुर नेशनल हाइवे पर स्थित है फैक्ट्री**
- **प्रदेश के मंत्री नेताओं एवं वीआईपी लोगों के साथ हाईकोर्ट के चीफजस्टिस का आना जाना लगा रहता है**

सिमगा/नवप्रदेश। ब्लाक मुख्यालय सिमगा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम बैकोनी में मंडल एक्वाटेक एम एम फीश कंपनी स्थित है, जहां मछली दाना बनाया जाता है। उक्त फैक्ट्री की चिमनी से प्रतिदिन निकलने वाले काले रंग की प्रदूषित धुंआ के कारण बैकोनी व आसपास के गांव बनसांकरा चंदेरी में किसानों के खेतों में धुंआ के कण? की परतें खेतों व तालाब में जमा देखा जा सकता है। यही नहीं फैक्ट्री से बहुत ही गंदा बदबू निकलता है जो हवाओं के चलने से गांव तक आती है। साथ ही काले धुएं के साथ राख उड़ने से लोगों के आंखों में जलन व चुभन महसूस होती है। बैकोनी के सरपंच महेश मिरी,ने बताया कि हमने अनेक बार फैक्ट्री संचालक से इस संबंध में बात कर समस्याएं रखी है, किन्तु उनके द्वारा किसी भी प्रकार का सुधार नहीं किया गया है। फैक्ट्री के प्रदूषण से ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रबंधक द्वारा उचित कदम नहीं उठाया गया तो इसका जमकर विरोध किया जाएगा। इस मुद्दे को लेकर लगातार अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने कई बार कलेक्टर बलौदाबाजार, एसडीएम सिमगा, श्रम विभाग रायपुर को लिखित शिकायत की जा चुकी है फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ज्ञात हो कि यह फैक्ट्री रायपुर बिलासपुर नेशनल हाइवे पर स्थित है, जहां से हमेशा प्रदेश के मंत्री नेताओं एवं वीआईपी लोगों के साथ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का आना जाना लगा रहता है।

सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन 22 व 23 दिसंबर को

नगरी/नवप्रदेश। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन आगामी 22 एवं 23 दिसंबर 2025 को खेल मैदान छिपली में किया जाएगा। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ प्रात: 9 बजे से होगा। खेल एवं युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस आयोजन में क्षेत्र के खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भोजराज नाग, सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर अध्यक्षता अंबिका मरकाम, विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र करेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण साव (अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी), प्रकाश वैद्य (जिला अध्यक्ष भाजपा धमतरी), महेश गोटा (अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी), बलजीत छाबड़ा (अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी हृदय साहू (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी), विकास बोहरा (उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी), सहित जनपद पंचायत नगरी के समस्त सदस्य, लिखेश्वरी पोटाई (सरपंच ग्राम पंचायत छिपली) एवं जनपद पंचायत नगरी अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहेंगे। सांसद खेल महोत्सव के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों व खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।विनीत खेल विभाग, जिला प्रशासन, जिला धमतरी है।

खेल सामाजिक एकता और सद्भावना को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं : शिवरतन

भाटापारा/नवप्रदेश। जिंदगी और क्रिकेट मैच दोनों में कम से कम एक बात सामान्य होती है। यह दोनों ही रोमांच से भरपूर रहते हैं। बाजी कभी भी पलट सकती है। बस हमको नई ऊर्जा के साथ लगातार संघर्ष करते रहना है। उक्त बातें भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने शनिवार को नगर के रावणभाटा मैदान में चल रहे रात्रिकालनी क्रिकेट के समापन समारोह में कही।

क्रिकेट के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि खेल सामाजिक एकता और सद्भावना को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते ही हैं बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी यह जीवन की आवश्यकता है। खेल अनुशासन सीखता है और अनुशासित व्यक्ति को जिंदगी में हार, दुख, परेशानियां नहीं डरा सकती वो हर स्थिति का डट कर मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है। इसलिए सभी को खेलना भी चाहिए और खेलों से सीख भी लेनी चाहिए। शिवरतन शर्मा ने विनर टीम को ट्राफी एवं प्राइज राशि एवं उप विजेता को आगे और अच्छा प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनायें दी..

साथ ही उत्कृष्ट खिलाडियों को सम्मानित किया। शिवरतन शर्मा ने सभी खिलाडियों एवं आयोजकों को टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

समापन समारोह में जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुनील यदु, सभापति बाल गोविन्द पटेल, कमेंटिटर दुर्गेश यदु, योगेंद्र यदु, माखन साहू, नानक साहू, सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

आज रक्षा करें, कल सुरक्षित रहें पर्यावरण थीम पर शिविर

महासमुंद/नवप्रदेश। 'आज रक्षा करें, कल सुरक्षित रहें' पर्यावरण थीम पर आधारित जिले के अधिकार मित्रों द्वारा विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला एवं आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ सभी अधिकार मित्रों द्वारा स्कूलों एवं ग्रामों अथवा सार्वजनिक स्थानों में पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरूकता शिविरों का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण करने इत्यादि कार्यों की उपलब्धियों के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सर्दियों के महीनों में बढ़ते पर्यावरणीय प्रदूषण, विशेष रूप से देश के कई हिस्सों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने अखिल भारतीय पर्यावरण कानूनी साक्षरता और सामुदायिक संरक्षण पहल की शुरूआत को मंजूरी दी है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय कानूनी जागरूकता बढ़ाना, सरल और किफायती निवारक उपायों को बढ़ावा देना और समुदायों, विशेष रूप से कमजोर समूहों को उनके अधिकारों और उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्रों के बारे में जानकारी देकर सशक्त बनाना है।

पोलियो की दवा का खुराक पिलाने माताएं बच्चों को लेकर पहुंची पोलियो बूथ पर

पार्षद ने ड्राप पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव के प्रमुख प्रमुख स्थानों में और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोलियों अभियान के तहत 0- से 5 ? वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई गई । यह कार्यक्रम 21से 23 दिसम्बर चलेगा कल से घर घर जाकर बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जाएगी जहां आदर्श प्राथमिक शाला में, साईं मंदिर में इस अवसर पर आदर्श प्राथमिक शाला में

वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद लीलाधर वैष्णव ने स्वयं बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। जहां कार्यक्रम में सभी शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। वहीं पार्षद लीलाधर वैष्णव ने नगरवासियों, अभिभावकों से अपिल करते हुए कहा कि पोलियों जैसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है। आगे कहा कि सभी माता पिता अपने बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाए, जिससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित और स्वस्थ रह सके। जहां इस अवसर पुर्व पार्षद सुरेश रघु, तुलसी आदित्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जहां स्वास्थ्य कर्मचारी, आंगनबाड़ी, मितानिन सभी ने मिलकर घर - घर जाकर बच्चों को पोलियों की दवा पिलाने का संकल्प लिया। वहीं माता पिता में जागरूकता का माहौल देखने को मिला और लोगों ने अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेकर पोलियों बुथ पहुंचें और बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई।

पालिका अध्यक्ष ने भी बच्चों को पल्स पोलियो की ड्राप पिलाई

डोंगरगढ़/ रविवार को पोलियो दिवस के अवसर पर व्यापक रूप से शहर के

सभी आंगनबाड़ी केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो बूँद जिंदगी की ड्राप 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई गई। इस दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के द्वारा शहर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित होकर इस अभियान का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 10 आंगनबाड़ी और मितानिन लोगों के साथ उन्होंने पोलियो ड्राप पिलाया।

'दो बूंद जिंदगी की' से सुरक्षित हुआ बचपन!

देवकर। बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए आज देवकर में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान दो बूंद जिंदगी की के नारे के साथ शून्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति: अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रही। जिन्होंने उनके साथ आर.एच.ओ. कविता वानखेड़े ने भी कमान संभाली और सुचारू रूप से कार्य संपन्न कराया।

मितानिनों ने निभाया अपना दायित्व : क्षेत्र की मितानिनों ने इस अभियान में नींव के पत्थर की तरह काम किया।

नन्हे बच्चों को पिलाई गई खुराक: सुबह से ही केंद्रों पर पालकों का अपने बच्चों को लेकर पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

कौंदकेरा के ग्रामीणों का पैरा समर्पण की अनूठी पहल

महासमुंद/नवप्रदेश। सरकारी आदेश के बाद भी लोग खेतों में पराली जला रहे है, वहीं जिला मुख्यलय से 6 किलोमीटर की दुरी पर स्थित किसी सरकारी सहयोग के बिना जन सहयोग से गांव कौंदकेरा गौठान में गायों के लिए पैरा समर्पण की अनूठी पहल प्रस्तुत कर रहा है। स्थानीय ग्रामीण और प्रतिनिधि योगेश्वर चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया गांव के किसानों ने सामूहिक बैठक लेकर गोठान में पैरा समर्पण करने का प्रस्ताव किया।

इसमें सभी की सहमति से किसानों को इस बात के लिए तैयार किया गया कि, सभी किसानों को अपनी क्षमता अनुरूप गोठान में पैरा पहुँचाकर पैरा का भंडारण करना है। इसके लिए बाकायदा रजिस्टर एंट्री करने सदस्य भी नियुक्त किया गया। लोगों को इस बात के लिए भी जागरूक किया गया कि इससे न केवल गोठान जो की जाली फेंसिंग युक्त है उसमें खुले मवेशियों को रखने में सुविधा होगी बल्कि चारा और पानी की उपयुक्त व्यवस्था जो वर्तमान में ग्रामीणों द्वारा की जा रही है उसके फसल चरने की समस्या से भी किसानों को राहत मिलेगी। साथ ही गौ धन भी सुरक्षित रहेगा और आज इसी का परिणाम है कि गांव के गोठान में 107 ट्रैक्टर से भी ज्यादा पैरा का भंडारण सुरक्षित शेड में किसानों के सहयोग से किया गया है। ऐसा नहीं की यह पहली बार हो रहा है गोठान बनने के बाद बारिश और गर्मी के मौसम के लिए यहाँ हर वर्ष पैरा भंडारण किया जाता है, साथ ही पानी के लिए बने टंकियों में बोर के माध्यम से पानी भी नियमित भरा जाता है।

कलेक्टर एवं सीईओ ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धवलपुर पहुँचे। जहाँ कक्षा दसवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा संचालित की जा रही थी। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में इसी तरह से प्रश्न पत्र प्राप्त होते है। इसके लिए परीक्षा से पूर्व स्कूलों में त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक परीक्षा ली जाती है। ताकि विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में बेझिझक होकर परीक्षा दिला सके। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका में निर्धारित समय में उत्तर लिखने का अभ्यास भी हो जाता है। दसवीं कक्षा के विद्यार्थी अपने मनपसंद विषय लेकर पढ़ाई करते है जैसे आर्ट्स, कॉमर्स, मैथ्स, कृषि जैसे विषय ले सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को ध्यान पूर्वक प्रश्न पत्र हल करने को कहा। इसके उपरांत कलेक्टर श्री उइके ने कैंपस में बनने वाले छात्रावास का स्थल निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें।

दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। गोड़वाना समाज युवा प्रभाग उपक्षेत्र नगरी की ओर से एक बेहतरीन पहल किया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला युवा प्रभाग द्वारा पहली बार आयोजित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि गोडवाना समाज उपक्षेत्र नगरी के अन्तर्गत कुल 21 ग्राम आते हैं जहाँ निवासरत गोड़वाना समाज के युवा-युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने के लिए शीतकालीन सत्र् में 24 एवं 25 दिसम्बर को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुकुंदपुर मे किया जा रहा है। इस कार्यशाला में शामिल होकर संवैधानिक अधिकार, व्यापार के टिप्स और गोत्र ज्ञान की जानकारी ले सकते हैं। यह सामाजिक कार्यशाला है और केवल गोड़वाना समाज के युवा-युवतियों के लिए आयोजित की जा रही है।

भोरिंग में महतारी सदन के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम भोरिंग में महतारी सदन का भूमिपूजन कार्यक्रम विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विधायक श्री सिन्हा सहित अन्य अतिथियों ने विधि विधान से पूजन किया और कार्य का शुभारंभ किया।

बता दें कि महासमुंद विधानसभा अंतर्गत अब तक कुल 5 ग्रामों में महतारी सदन को स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें ग्राम खट्टी, पटेवा, झलप, बिरकोनी और भोरिंग शामिल हैं। शुरुआत में स्वीकृत ग्राम खट्टी में महतारी सदन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। वहीं ग्राम झलप और पटेवा में निर्माणाधीन है। दूसरे चरण में ग्राम बिरकोनी और भोरिंग में महतारी सदन स्वीकृत हुआ है। अब भूमिपूजन के पश्चात यहां भी निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रयास है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बना रही है। उन्होंने उपस्थित माताओं बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी इस योजना का लाभ अवश्य लेवें। आप सभी के लिए आपके गांव में ही रोजगार की सुविधा मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में विकास की गति लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है, हर वर्ग को लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, राजू साहू, तारेंद्र यादव, शशिकांत साहू, सरपंच लीला लोकेश्वर साहू, उप सरपंच भेखराम साहू, सावित्री साहू, हेमिन साहू, खोरबाहरा साहू, प्रीतम साहू, चमरू साहू, जनकू साहू, ओसराम ढीढी, डॉ. तुलसी राम साहू, डॉ. लेखराम साहू, यशवंत साहू, मनोज साहू, शिशुपाल बर्मन, गिरवर साहू, लोकनाथ साहू, हीराराम साहू, सुरेश साहू सहित अन्य उपस्थित थें।

नोनी जोहार में शामिल हुए रासेयो स्वयंसेवक

महासमुंद/नवप्रदेश। यूनिसेफ व छत्तीसगढ़ शासन, एलाइंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय शक्ति सम्मान स्वाभिमान के थीम पर नोनी जोहार 04 का आयोजन रायपुर में हुआ। इस आयोजन में राज्य के 15 जिलों के एनएसएस एनवाईकेएस सहित राज्य के 250 से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। कार्यशाला के पहले दिन एबीसी के विशेषज्ञ अभिषेक सिंह ने सत्र का शुभारंभ किया। साथ ही स्वयं सेवकों को ग्लोबल स्पीकर विभूति डुग्गर ने खत लिखा कर भावुक किया। साथ ही छत्तीसगढ़ छालीवुड के एक्टर आकाश सोनी ने भी अपने अनोखे अंदाज में समा बांधा। दूसरे दिन बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की थीम पर महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर से नंदलाल चौधरी ने बैठक आयोजित की। गरिमा दिवाकर ने गीतों से समां बाधा। भारतीय अभिनेत्री स्मृति कालरा ने स्वयं सेवकों के साथ नई उर्जा का संचार किया।

सभापति ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम पोड़ में रविवार दिनांक 21.12.2025 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ ब्रह्मानंद साहू सभापति जनपद पंचायत अभनपुर (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग) द्वारा किया गया जिसमें 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई।

इस अवसर पर ग्राम पोड़ के सरपंच भूपेश ध्रुव, सुपरवाइजर ओमप्रकाश साहू आर एच ओ (एम), स्वास्थ्य कार्यकर्ता गीता साहू सेकंड एएनएम, मितानिन एना वर्मा, लता साहू, रुक्मणी साहू, परागा गिलहरे, ज्ञान निर्मलकर, मीना मन्नाडे, उपस्थिति रही। यहां 0 से 5 वर्ष के बच्चों की संख्या 270 है। जिसमें अधिकांश बच्चों को दवा पिलाई गई जिसके लिए दो बूथ बनाया गया था पहला आयुष्मान आरोग्य मंदिर दूसरा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 अभियान के शुरुआत में सार्थक पाल, शिवांशु पाल, माधुरी सेन, मानसी सा, डिंपल साहू, आवेश साहू, जिज्ञासा साहू को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई। लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया ठंड के बावजूद अपने बच्चों को लेकर स्वस्फूर्त आते रहे।

कलेक्टर एवं सीईओ ने पीएम आवास के कार्यो का किया निरीक्षण

- **मैनपुर के ग्राम जिड़ार में पहुंचकर कार्यों की गति की ली व्यापक जानकारी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके एवं ज़िला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने विकासखण्ड मैनपुर के वनांचल ग्राम जिड़ार में शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आवासों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आवासों के प्रगतिरत निर्माण कार्यों का जायजा लिया। साथ ही उन्हें समय सीमा में पूर्ण कराने

के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री उइके ने अप्रारंभ कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ कर समय सीमा में पूर्ण कराने मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास योजना के हितग्राही लोकेश्वर जगत, रायसिंह कपिल एवं नारायण सिंह जगत से भी आवश्यक चर्चा की।

कलेक्टर श्री उइके एवं सीईओ श्री चंद्राकर ने जिड़ार में शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जमीनी हकीकत का जानकारी लेते हुए पीएम आवस के लाभार्थियों से छत्तीसगढ़ी में चर्चा करते हुए निर्माण कार्यों में शीघ्रता लाने कहा। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों से पीएम आवास के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और सभी कार्यों पर गहन निगरानी रखकर तेजी से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

भूमिपूजन | **10 सीसी सड़क सह नाली निर्माण, 2 वृहद पुल निर्माण व 1 बीटी सड़क नवीनीकरण के लिए भूमिपूजन**

बिरकोनी में बेहतर सड़क ही विकास की रीढ़ होती हैं: रूपकुमारी

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना वर्ष 2025-26 के तहत महासमुंद जिले में कुल 10 सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य (कुल लंबाई 2.971 किलोमीटर) के अलावा 2 वृहद पुल निर्माण एवं 1 बीटी सड़क नवीनीकरण के लिए सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी नंद ने शनिवार को बिरकोनी में भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सांसद

श्रीमती रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं। सड़क बनने से आवागमन सुगम होता है, व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ती है और ग्रामीण विकास को नई गति मिलती है। कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं चातुरी नंद ने अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रस्तावित 10 सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य में ग्राम चारभांठा में स्कूल से महादेव घर तक,ग्राम गोहेरापाली में हॉस्पिटल से टिकेश लाल घर तक ग्राम भुथिया में कांजी हाउस से जोगेश्वर प्रधान के घर तक ग्राम चारभांठा में मंच से मुख्य मार्ग की ओर, इसके अलावा ग्राम जोगनीपाली, ग्राम धुमाभांठा, ग्राम अरेकेल, ग्राम पेण्ड्रावन, ग्राम छुईहा, ग्राम बिरकोनी में सीसी रोड सह नाली निर्माण शामिल है। इसी तरह वृहद पुल निर्माण कार्य में ग्राम केरामुंडा से पथरी सड़क के आरडी. 2750 मीटर पर 63.57 मीटर लंबाई का उच्च स्तरीय पुल एवं ग्राम धवराभांठा से कुरूभाठा सड़क के आरडी 2390 मीटर पर 121.46 मीटर लंबाई का उच्च स्तरीय वृहद पुल निर्माण किया जाएगा। सड़क नवीनीकरण कार्य में ग्राम बकमा से कसेकेरा मार्ग बीटी नवीनीकरण लंबाई 13.52 किमी, लागत 282.42 लाख शामिल है।

शिविर में 35 मरीजों की निः शुल्क सोनोग्राफी : महासमुंद/नवप्रदेश। सोहम हॉस्पिटल लभरा खुर्द में गत दिनों निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. सोमी चंद्राकर एवं डॉ. युगल चंद्राकर ने 35 मरीजों की निः शुल्क सोनोग्राफी की और 40 से अधिक मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया।

CSPDCL

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)/(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN U40108CT2003SGC015822, Email ID - EEONM.BHATAPARA@CSPC.CO.IN
GST Number of CSPDCL -22AADCC6047K1ZR
कार्यालय – कार्यपालन अभियंता (सं/सं.) संभाग भाटापारा

SAVE ENERGY

// बिजली बंद की सूचना //

एतद् द्वारा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2025 दिन सोमवार को समय सुबह 10:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक 220/132/33 के.व्ही. भाटापारा उपकेन्द्र में आवश्यक मरम्मत कार्य (33 के.व्ही. मेन यस सेक्शन आइसोलेटर का सुधार/एलाइनमेंट का कार्य एवं 33 के.व्ही. भाटापारा फीडर कंमाक 03 के बी-फेज कंडक्टर का प्रतिस्थापन) के कारण नीचे दर्शाये क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

क.	33/11 के. व्ही विद्युत लाइन का नाम	33/11 के.व्ही से प्रभावित उपकेन्द्र
1	33 के.व्ही भाटापारा-1 फीडर	33/11 के.व्ही सूरजपुरा, देवरी, कडार एवं सिंगारपुर उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर
2	33 के.व्ही भाटापारा-2 फीडर	33/11 के.व्ही पटपर एवं सैंटमैरी उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर
3	33 के.व्ही भाटापारा-3 फीडर	33/11 के.व्ही टेहका उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर
4	33 के.व्ही निपनिया फीडर	33/11 के.व्ही. निपनिया एवं बिटकुली उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर
5	33 के.व्ही. कोसमंदा फीडर	33/11 के.व्ही. कोसमंदा उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडर
6	33 के.व्ही. इंटर कनेक्टर फीडर, 33 के.व्ही PGCIL फीडर एवं 33 के.व्ही MC Plant फीडर	---------------

उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है एवं आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाये"
"समयावधि मे देयक का भुगतान करें, लाईन विच्छेदन से बचें।"

(व्ही.के. राठिया)
कार्यापालन यंत्री (सं/सं) संभाग छ.
स्टेट पा.डि.कं.लि. भाटापारा
कर्मचारी क्र. 9331181

संक्षिप्त खबरें

छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेज स्नातकोत्तर कोर्स भर्ती में जीरो ईयर होने का खतरा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने कहा कि पिछले तीन महीना में चली आ रही स्नातकोत्तर काउंसलिंग में बार-बार प्रकाशित नियमों में बार-बार फेरबदल होने से सरकार और स्नाकोत्तर सीट में भर्ती के इच्छुक मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त छात्रों के बीच माननीय सुप्रीम कोर्ट और माननीय हाईकोर्ट बिलासपुर में सुनवाई लगातार जारी है।ज्ञात हो स्वास्थ्य विभाग ने अखिल भारतीय मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद राज्य सीटों के कोटे में परिवर्तन कर दिया है जिसके कारण छत्तीसगढ़ के सभी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्रों का कोटा घटकर 25 प्रतिशत रह गया था।न्याय की गुहार पाने के लिए इच्छुक विद्यार्थी माननीय सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट पहुंचे हैं, प्रकाशित नियम देश के सभी राज्यों में प्रचलित सीट आवंटन प्रक्रिया का उल्लंघन है।पिछले सप्ताह माननीय सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान माननीय कोर्ट ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को माननीय हाई कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करने का आदेश दिया था, जिसे राज्य सरकार ने करने में देरी की है, रिव्यू पिटिशन दायर करने के बाद छत्तीसगढ़ में एमबीबीएस पढ़े हुए छात्रों को न्याय प्राप्त हो सकेगा, लेकिन आज तक स्वास्थ्य विभाग ने रिव्यू पिटीशन फाइल ना करके कथनी और करनी में अंतर साबित कर दिया है।

आर्थिक सशक्तिकरण से बदलती महिलाओं की तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मसम्मान तथा समाज में उनकी निर्णायक भूमिका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में उभर रही है। यह योजना महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्वरोजगार एवं आजीविका के नए अवसरों से जोड़ रही है। प्रतिमाह प्राप्त सहायता राशि का सदुपयोग कर महिलाएं छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ कर रही हैं, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि परिवार और समाज में उनकी सशक्त पहचान भी बन रही है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद डॉ संदीप पाठक आ रहे है प्रदेश दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव आगामी तीन दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस दौरान वे प्रदेश संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे।प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं का यह महत्वपूर्ण दौरा है। इस दौरान वे केनाल रोड स्थित पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे व छत्तीसगढ़ के हित में जमीनी लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक संगठन के महत्वपूर्ण लोगो से मिलेंगे व हाल ही में पार्टी का संगठन विस्तार हुआ है जिसमें नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां हुई है उन सभी पदाधिकारी को दोनों नेता पार्टी संगठन और कार्य के लिए दिशा निर्देश देंगे श्री जायसवाल ने आगे कहा कि प्रदेश के सहप्रभारी मुकेश अहलावत जी दुर्ग व राजनांदगांव लोकसभा के पदाधिकारियों से संगठन की समीक्षा कर होने वाले निकाय चुनाव की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण बैठक लेंगे ।

शुक्र उदय 1 फरवरी को, 4 से शुरू होंगे विवाह...

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रहों के राजा सूर्य ने 16 दिसंबर को धनु राशि में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही खरमास शुरू हो गया। इसकी वजह से विवाह, गृह प्रवेश, जनेऊ, मुंडन और नए कार्यों की शुरुआत समेत सभी मांगलिक कार्य 14 जनवरी तक नहीं होंगे। इससे पहले 9 से 15 दिसंबर के बीच शुक्र अस्त रहा, इसकी वजह से आयोजनों में रोक लगी रही। इन्हीं कारणों से 11 दिसंबर के बाद मुहूर्त नहीं होने की वजह से मांगलिक कार्यों में विराम लग गया। शुक्र अस्त होने के कारण जनवरी में मुहूर्त नहीं हैं। ज्योतिषीय मान्यता है कि विवाह के लिए गुरु और शुक्र दोनों का उदय स्थिति में होना अनिवार्य है। खरमास की यह अवधि धार्मिक साधना, दान और व्रतों के लिए विशेष मानी जाती है। लालपुर शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख दंडी स्वामी डॉ. इंदु भवानंद ने बताया कि ऋषिकेष पंचांग के अनुसार शुक्र का उदय एक फरवरी को होगा। फिर 4 फरवरी से विवाह के मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। हालांकि अलग-अलग पंचांगों में शुक्र उदय 3, 4 और 5 फरवरी भी बताया गया है।

वर्ष 2026 में शादी-ब्याह के लग्न

30 और 31 दिसंबर को पुत्रदा एकादशी पड़ रही हैमान्यता है कि सूर्य के धनु राशि में रहते मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। मार्गशीर्ष, पौष का यही समय सूर्य पूजा, एकादशी व्रत और पितृ तर्पण के लिए उत्तम माना गया है। इस बार दिसंबर में तीन एकादशी पड़ रहे हैं।

रायपुर-भिलाई में लीगलएज को सफल छात्रों ने दिलाई नई विश्वसनीय पहचान

रायपुर/भिलाई /नवप्रदेश। लीगलएज कोचिंग इस्टीट्यूट शंकर नगर रायपुर और भिलाई के संचालक मनीष त्रिपाठी ने अपने इस्टीट्यूट की सफ्लता का श्रेय यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को दी है । संस्थान में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में लीगलएज के संचालक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि लीगलएज को विश्वसनीय बनाने वाले छात्र-छात्राओ का बहुत बड़ा योगदान है जिन्होंने क्लैट तथा एलेट 2026 की परीक्षा में सफ्लता के झंडे गाड़कर अपने माता -पिता के साथ संस्थान का नाम रौशन किया है।

लीगलएज में आयोजित विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में मनीष त्रिपाठी ने सफ्ल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह के शाल और संस्थान की ओर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मनीष त्रिपाठी ने संस्थान का संक्षिप्त परिचय देते हुए लीगलएज की शुरूआत कैसे हुए और इस दौरान आने वाली कठिनाइयों को साझा किया।

त्रिपाठी ने बताया कि संस्थान की पहचान उसके विद्यार्थी होते है वहीं संस्थान को उंचाई तक पहुंचाने के मापदंड तय करते है। उत्कृष्टता की विरासत को निरंतर बरकरार रखना अपने आप में बहुत मुश्किल और चुनौती पूर्ण कार्य है। लीगलएज में पढ़ाई करने वालों छात्रों ने इस विरासत को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से बरकरार रखा। अपने बेहतरीन परफार्मेंस से देश भर में आयोजित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयूएस) में प्रवेश परीक्षा क्लैट 2026 के परिणामों में लीगलएज (बाय टापरैंकर्स) ने एक बार फिर अपनी मेधा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफ्लता हासिल की। लीगलएज रायपुर तथा भिलाई के कुल 35 से अधिक छात्र -छात्राओं ने उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर न केवल अपने सपनों को नई उड़ान दी बल्कि राज्य की शैक्षणिक गुणवत्ता का गौरव बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है। लीगलएज के मार्गदर्शन में एलेट 2026 की परीक्षा में केशर जैन ने आल इंडिया रैंक (एआईआर) 11 हासिल किया है। वहीं क्लैट 2026 की परीक्षा में पूर्वी पटेल ने एआईआर 208, आर्यन पांडेय ने एआईआर343 (राज्यवार रैंक 0-3) हासिल किया है। राज्य की श्रेणीवार रैंकिंग में गुंजन रंगडाले ने रैंक 38, अथर्व खंडेलवाल ने रैंक 23, अदिति सिंह ने महिला श्रेणी में रैंक -1, सिद्धि अग्रवाल ने रैंक 22, सृष्टि शुक्ला ने रैंक 31, आदित्य गिरी ने रैंक 13, प्रियांक बघेल ने रैंक 12, वृंदा चौबे ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी में रैंक 12, आयुष मित्तल ने रैंक 40, वैष्णवी कोलकोंडी ने रैंक 157, आदित्य यादव ने रैंक 24, अंशुल सिंह ने रैंक 25, राघन खानखोजे ने रैंक 26, रिया कुर्रे ने एससी महिला श्रेणी में रैंक- तथा अर्पित ने राज्यवार रैंकिंग में रैंक 49 हासिल कर उल्लेखनीय सफ्लता दर्ज की है।

पर्यटन विभाग के सहयोग से रायपुर में पहली बार होगा 'केरा वैन फेस्ट'

विशेष रूप से तैयार की गई कैरा वैन होगी आकर्षण का केंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यटन को नए आयाम देने की दिशा में एक अनूठी पहल के रूप में कैरा वैन फेस्ट'' का आयोजन 22 दिसंबर 2025 को अरन्यम्म रिसॉर्ट, माना बस्ती, माना तूता रोड, रायपुर में किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रायोजन में तथा ओवरलैंडर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से संपन्न होगा। इस आयोजन की थीम है-''अ शार्ट जर्नी इन टू द हार्ट ऑफ छत्तीसगढ़''

शाम 4 बजे से 8 बजे तक चलने वाले इस विशेष फेस्टिवल में एडवेंचर, नेचर और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। कैरा वैन फेस्ट का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को कैरा वैन टूरिज्म, कैंपिंग और अनुभवात्मक यात्रा के एक नए और आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं हैं, नाइट कैंपिंग, स्टारगेजिंग, बॉलीवुड म्यूजिक और स्थानीय छत्तीसगढ़ी व्यंजन हैं। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है और इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है।

कैरावैन एक विशेष प्रकार का वाहन होता है जो कैंपिंग और लंबी यात्राओं के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें रहने, खाने-पीने और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था होती है। यह स्व-निर्भर यात्रा का प्रतीक है, जहां यात्री बिना होटल पर निर्भर हुए सड़क मार्ग से दूरस्थ स्थानों का भ्रमण कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ पर्यटन के संदर्भ में, विशेष रूप से तैयार की गई कैरावैन इस फेस्ट का मुख्य आकर्षण होगी, जो राज्य की प्राकृतिक सुंदरता को अनुभवजन्य तरीके से पेश करेगी।

कैरावैन पर्यटन से राज्य के जंगलों, झरनों और पर्यटन क्षेत्रों तक पहुंच आसान होगी, जिससे अनुभवजन्य यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। यह युवा घुमक्कड़ों और स्थलयात्रा समुदाय (ओवरलैंडिंग कम्युनिटी) को आकर्षित कर पर्यटन आय बढ़ाएगा। आने वाले समय में कैरावैन रूट्स विकसित होने से स्थानीय रोजगार और इको-टूरिज्म को मजबूती मिलेगी।

यह फेस्ट खास तौर पर युवाओं, ट्रैवल एंथूजियास्ट्स और ओवरलैंडिंग कम्युनिटी के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे लोग छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, शांति और सांस्कृतिक विविधता को एक नए अनुभव के साथ महसूस कर सकेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन एनएम इवेंट्स द्वारा किया जा रहा है। अरन्यम्म रिसॉर्ट इस आयोजन का हॉस्पिटैलिटी पार्टनर है और इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएसन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा समर्थित है। आयोजकों ने ट्रैवल ब्लॉगर्स, एडवेंचर प्रेमियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आम नागरिकों से इस अनूठे आयोजन में शामिल होकर छत्तीसगढ़ के दिल की इस छोटी लेकिन यादगार यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया है।

शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह 2025

रायपुर/नवप्रदेश। शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं सर्वांगीण शिक्षा की अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखते हुए राजकुमार कॉलेज, रायपुर, छत्तीसगढ़ ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2025 के प्रथम दिवस का आयोजन 20 दिसंबर को जशपुर हॉल में गरिमा एवं उत्साह के साथ किया। शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह में बाराम्बा के राजा त्रिविक्रम चंद्र देव, प्रबंध समिति के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ देशभक्ति की भावना के साथ ध्वजारोहण से हुआ, जिसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत सभी गणमान्य अतिथि जशपुर हॉल पहुँचे, जहाँ कार्यक्रम का औपचारिक आरंभ विद्यालय गीत 'सारे जहाँ से अच्छा' की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ।विद्यालय के प्रधानाचार्य, लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह (वेटरन) ने उपस्थित जनसमूह का आत्मीय स्वागत किया तथा अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली ज़िंदगी

रायपुर/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाहिल के निवासी हरप्रसाद के लिए पक्का घर कभी केवल एक सपना था। सीमित आय और आर्थिक तंगी के कारण वे वर्षों से खपरे और टीन की छत वाले कच्चे मकान में रहने को विवश थे। बरसात का मौसम उनके लिए सबसे कठिन होता। संसाधनों के अभाव में न तो नया घर बनाना संभव था और न ही पुराने छप्पर की समुचित मरम्मत।

ऐसे समय में शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना हरप्रसाद के जीवन में आशा की नई किरण बनकर आई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना अंतर्गत उनका आवास स्वीकृत हुआ तथा 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि उनके खाते में अंतरित की गई। इससे उन्होंने अपने पक्के मकान का निर्माण कार्य पूर्ण कराया, जो वर्ष 2025-26 में साकार हुआ। आज श्री हरप्रसाद अपने परिवार के साथ पक्के मकान में रह रहे हैं। अब उन्हें न बारिश का भय है और न ही असुरक्षा की चिंता। प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ उन्हें महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत 90 दिवस का रोजगार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से एलपीजी गैस कनेक्शन तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय का भी निर्माण इन योजनाओं ने उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है। हरप्रसाद कहते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं गरीब परिवारों को केवल आवास ही नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा प्रदान करती हैं।

चेम्बर ने नई ट्रेन चलाने और रेल सुविधाओं के महत्वपूर्ण सुझाव दिए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में DRUCC की बैठक में गूंजी व्यापारियों की मांगः चेम्बर उपाध्यक्ष लोकेश जैन ने नवीन ट्रेन चलने की मांग करते हुए रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु रखे महत्वपूर्ण सुझाव

19 दिसम्बर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे , रायपुर मंडल द्वारा मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। इस बैठक में रेलवे प्रशासन और समिति के सदस्यों के बीच यात्री सुविधाओं, नविन ट्रेन चलने एवं रेल विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी जी के मार्गदर्शन में DRUCC सदस्य एवं चेम्बर उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने प्रमुखता से अपनी बात रखी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विभिन्न व्यापारिक संगठनों और चेम्बर की क्षेत्रीय इकाइयों से प्राप्त सुझावों और मांगों को बिंदुवार मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

लोकेश जैन ने व्यापारियों और आम जनता की सहूलियत के लिए निम्नलिखित विषयों पर जोर दिया

नई ट्रेनों का परिचालन :- व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रूटों पर नई ट्रेनों की शुरुआत और फेरे बढ़ाने की मांग साथ ही नई लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग।

स्टॉपेज का विस्तार :- रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले प्रमुख स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की सुविधा।

माल ढुलाई में सुगमता :- व्यापारियों के लिए वैगन की उपलब्धता और लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रियाओं को और अधिक सरल बनाने एवं पार्सल बुकिंग काउंटर और गोडाउन बढ़ाने का सुझाव।

नवीन सुपरफास्ट ट्रेनों का चालन :- रायपुर से अमृतसर,कोल्हापुर,बैंगलोर,उदयपुर,अहमदाबाद,रामेश्वरम एवं न्यू जलपाईगुडी के लिए नई सुपरफास्ट ट्रेने की मांग की ।

नवाचार तकनीक को बढ़ावा :- रायपुर एवं दुर्ग जैसे मॉडर्न स्टेशनों में पुर्णतः नवाचार तकनीक से नविन लाइब्रेरियां प्रारंभ की जाए।

एम्बुलेंस सुविधा :- रायपुर एवं दुर्ग स्टेशन में 24×7 स्थाई रूप से एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

जनता मील (भोजन) :- रायपुर सहित प्रदेश के सभी प्रमुख स्टेशनों में जनता मील (भोजन) सुविधा सुदृढ़ करने हेतु ध्यान आकर्षित किया ।

'नई चेतना 4.0' अंतर्गत राज्य स्तरीय जेंडर कार्यशाला का आयोजन

■ **महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा एवं लैंगिक समानता पर हुआ गहन मंथन**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा राष्ट्रीय अभियान 'नई चेतना 4.0' के अंतर्गत एक दिवसीय राज्य स्तरीय जेंडर कार्यशाला का आयोजन आज नए सर्किट हाउस रायपुर में किया गया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन संचालक अश्विनी देवांगन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में बताया गया कि यह पहल महिलाओं के हक-अधिकारों की रक्षा, सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री सिंह ने कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से महिलाओं को एक सशक्त मंच मिलेगा, जहाँ वे अपने अधिकारों की जानकारी प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिला शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका एवं भागीदारी है।

मिशन संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन देवांगन ने कहा कि जेंडर केवल किसी एक विभाग का विषय नहीं है, बल्कि शासन के सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

2047 तक सिकलसेल मुक्त भारत का संकल्प

छत्तीसगढ़ में 1.65 करोड़ से अधिक की जांच

■ **27 हजार से अधिक सिकल सेल मरीजों की पहचान एवं निःशुल्क उपचार**



रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री द्वारा 1 जुलाई 2023 को प्रारंभ किए गए सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2047 तक सिकल सेल को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य में 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के नागरिकों की व्यापक सिकल सेल स्क्रीनिंग कर सिकल सेल कार्ड का वितरण किया जा रहा है।

राज्य में अब तक लगभग 1 करोड़ 65 लाख लोगों की सिकल सेल जांच कर भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीयन किया जा चुका है। इनमें 3 लाख 35 हजार से अधिक सिकल सेल वाहक तथा 27 हजार 135 सिकल सेल मरीजों की पहचान हुई है। सभी चिन्हित सिकल सेल मरीजों को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क दवाइयां, परामर्श और सतत उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सिकल सेल प्रबंधन की दिशा में उल्लेखनीय तैयारी की है। विगत दो वर्षों में शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में सिकल सेल उपचार में प्रयुक्त हाइड्रोक्सीयूरिया दवा की खपत 1 लाख कैप्सूल से बढ़कर 5 लाख कैप्सूल तक पहुंच गई है, जो उपचार की निरंतरता और पहुंच का प्रमाण है। इसके साथ ही, पिछले एक वर्ष में 5,232 सिकल सेल मरीजों का फॉलोअप किया गया है, जिससे सिकल सेल क्राइसिस और रक्त की आवश्यकता में कमी लाई जा रही है।विभाग द्वारा सभी सिकल सेल मरीजों की हर तीन माह में निःशुल्क रक्त, लीवर एवं किडनी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिला देश में पहला जिला बना है, जहां लक्षित जनसंख्या की शत-प्रतिशत सिकल सेल स्क्रीनिंग पूर्ण की गई है।

सिकल सेल मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए राज्य शासन द्वारा पात्र मरीजों को नियमानुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही, मरीजों की सुविधा हेतु मेडिसिन चार्ट, पेशेंट बुकलेट, दर्द प्रबंधन दिशानिर्देश सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

भविष्य की उन्नत चिकित्सा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एम्स, रायपुर में 'सिकल सेल सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस' विकसित किया जा रहा है, जहां निकट भविष्य में बोन मैरो ट्रांसप्लांट, जेनेटिक एनालिसिस, ड्रग्स टेस्ट जैसी उच्च तकनीकी सेवाएं सिकल सेल मरीजों को उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

न्यूज गैलरी

लायंस इसामे फोरम अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन- अहमदाबाद में लायन मधु यादव सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। समाज सेवी संस्था लायंस क्लब के इसामे फोरम अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन अहमदाबाद9 गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 15 से 19 दिसंबर तक किया गया था जिसमें भारत सहित 30 अन्य देशों के 2500 प्रतिनिधि शामिल हुए। लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन के सत्र 2025-26 में जनहित से जुड़े सामाजिक सरोकार के व्यों की प्रतिपूर्ति निमित्त फंड रेजिंग के 100% टारगेट को पूरा करने पर डिस्ट्रिक्ट 3233-C की एल.सी.आई.एफ कोऑर्डिनेटर लायन मधु यादव को गवर्नर लायन विजय अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन ए पी सिंह और एल सी आई एफके अंतराष्ट्रीय चेयरपर्सन लायन फेब्रिसियो ओलिवेरा द्वारा प्रदान किया गया, जो डिस्ट्रिक्ट और छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। ज्ञात हो लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन में लायन सदस्यों द्वारा लोकसेवा से जुड़े शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक उत्थान और प्राकृतिक विषम संकट वाले स्थानों में जरूरत के अनुरूप धनराशि दान की जाती है। अभी श्रीलंका में आई बाढ़ आपदा में लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा 1 लाख डॉलर की राशि की डोनेट की गई।

1.21 लाख कैश और 90 पौव्वा शराब जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी की सिटी कोतवाली पुलिस ने गांधी नगर इलाके में चल रहे एक बड़े सट्टा और अवैध शराब के नेटवर्क पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 1 लाख 21 हजार रुपये नगद, सट्टा पट्टी और भारी मात्रा में गोवा स्पेशल व्हिस्की बरामद की गई है। इस कार्रवाई में शहर के बड़े सट्टा 'खाईवालों' और शराब सप्लायरों के नामों का भी खुलासा हुआ है। शनिवार शाम सउनि प्रवीण प्रधान को मुखबिर से सूचना मिली कि गांधी नगर में रवि साहू के घर के सामने कुछ लोग सट्टा खिला रहे हैं और अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं। पुलिस ने टीम बनाकर घेराबंदी की, तो वहां भगदड़ मच गई। सट्टा खेलने वाले तो भाग निकले, लेकिन पुलिस ने तीन मुख्य गुर्गों को रंगे हाथों धर दबोचा।

28 दिसंबर को नवा रायपुर में जंगी प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के हजारों अनियमित कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राज्य सरकार की कथित उपेक्षा से नाराज छत्तीसगढ़ अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने आगामी 28 दिसंबर को नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर एक विशाल 'जंगी प्रदर्शन' का ऐलान किया है। इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश भर के 32 अलग-अलग कर्मचारी संगठनों के हजारों सदस्य शामिल होंगे। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि चुनाव पूर्व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनके मंच पर आकर समस्याओं के निराकरण का वादा किया था। 'मोदी की गारंटी 2023' पत्र में भी अनियमित कर्मचारियों की समीक्षा के लिए कमेटी गठित करने की बात कही गई थी।

फर्जी सिम के बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की पुलिस ने 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' के तहत साइबर अपराधियों की रीढ़ कहे जाने वाले फर्जी सिम कार्ड सप्लायरों पर बड़ा प्रहार किया है। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मध्य प्रदेश के मैहर निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो ग्राहकों की जानकारी चोरी कर फर्जी सिम एक्टिवेट करता था और उन्हें देशभर के साइबर ठगों को बेचता था। सिविल लाइन थाना रायपुर में दर्ज अपराध क्रमांक 290/25 की जांच के दौरान रेंज साइबर थाना ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रामकृष्ण कुशवाहा को चिन्हांकित किया। आरोपी मूल रूप से मध्य प्रदेश के मैहर का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में गोवा के संगोल्दा (प्राइम रोज) में छिपकर रह रहा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। जांच में खुलासा हुआ कि छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के पीड़ितों के साथ हुई 18.52 लाख रुपये की धोखाधड़ी में कुल 41 फर्जी सिम कार्ड संलिप्त थे।

गांजा तस्करों पर पुलिस की स्ट्राइक, दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी की देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफचल‍ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी उड़ीसा से ट्रेन के जरिए भारी मात्रा में गांजा लेकर रायपुर पहुंचे थे और शहर के कालीबाड़ी इलाके में माल की डिलीवरी देने की फिराक में थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 14 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब 1.43 लाख रुपये आंकी गई है। शनिवार शाम करीब 3:20 बजे देवेंद्र नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वाल्टियर लाइन रेलवे पटरी (त्रिमूर्ति नगर) के पास दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े हैं।

पर्यटन के समग्र विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजस्थान के अंतर्राज्यीय अध्ययन भ्रमण से लौटने के उपरांत छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के दल ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य मुलाकात की।

इस अवसर पर पत्रकारों ने 15 से 20 दिसम्बर तक राजस्थान भ्रमण के दौरान वहां की विधायिका, प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा पर्यटन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए अंतर्राज्यीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, ताकि अन्य राज्यों के शासन-प्रशासन, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास से जुड़े नवाचारी प्रयासों को पत्रकारों के दृष्टिकोण से समझा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे अध्ययन भ्रमणों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर छत्तीसगढ़ में भी नई और प्रभावी पहल शुरू की जा सकती है।

पत्रकारों से आग्रह: मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे इस यात्रा के अपने अनुभवों को यात्रा-वृत्तांत के रूप में लिपिबद्ध करें, जिससे यह आम पर्यटकों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की लेखनी केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यटन को प्रोत्साहन देने का एक सशक्त साधन भी है।

राज्य की नई उद्योग नीति

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पर्यटन को राज्य की नई उद्योग नीति में शामिल किया गया है। इसके तहत सुदूर वनांचलों में होम-स्टे को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि पर्यटक ग्रामीण परिवारों के साथ रहकर उनकी संस्कृति, खान-पान और जीवनशैली को नजदीक से अनुभव कर सकें। इससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व के 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों में छत्तीसगढ़ के धुड़मारास को शामिल किया जाना प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

बस्तर की धरती स्वर्ग

प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पर्यटन के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से बस्तर धरती पर स्वर्ग के समान है, किंतु नक्सलवाद लंबे समय तक इसके विकास में एक बड़ी बाधा रहा है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में राज्य सरकार पूरी दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है।

पर्यटन केंद्रों को विकसित किया

कोरबा से विजय खेत्रपाल ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण के माध्यम से यह समझने का अवसर मिला कि राजस्थान में सैकड़ों वर्ष पुराने किलों और महलों को आधुनिक जनसुविधाओं से जोड़कर पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित किया गया है। इसके साथ ही रेगिस्तानी क्षेत्रों में जीप सफ़ारी, ऊंट सवारी, पैरा-सेलिंग, डेजर्ट कैंप जैसी गतिविधियों के माध्यम से पर्यटन को आकर्षक रूप दिया गया है, जो छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रभावी केस स्टडी हो सकती है। जगदलपुर के अर्जुन झा ने जयपुर स्थित चोकरधानी के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वहां ग्रामीण जीवन, लोकसंस्कृति और खान-पान को एक ही मंच पर प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसी प्रकार बस्तर पंडुम के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। श्री टिकेश्वर तिवारी ने भी राजस्थानी खान-पान की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों को पर्यटन स्थलों पर प्रमुखता से बढ़ावा देने पर जोर दिया। स्टेट न्यूज़ सर्विस के युवा पत्रकार रजत अवस्थी ने राजस्थानी टोपी साफ़ा से मुख्यमंत्री श्री साय का सम्मान करते हुए पत्रकार भ्रमण योजना को प्रारम्भ करने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह, जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक संजीव तिवारी, संयुक्त संचालक जितेंद्र नागेश सहित पत्रकारगण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

ठगी करने वाले 25 आरोपी गिरफ्तार 174 करोड़ के ट्रांजेक्शन का खुलासा

रायपुर पुलिस का 'ऑपरेशन साइबर शील्ड'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में साइबर ठगों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देशन में चलाए गए 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' के तहत पुलिस ने म्यूल बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने वाले ब्रोकर, फर्जी सिम कार्ड विक्रेता और ठगों के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस ने रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार और मध्य प्रदेश से कुल 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

देशभर के 1236 अपराधों से जुड़े हैं तार: जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफदेश के विभिन्न राज्यों में 1236 शिकायतें दर्ज हैं। इन आरोपियों ने अब तक करीब 77.53 लाख रुपये की सीधी ठगी की है, लेकिन इनके द्वारा संचालित बैंक खातों में कुल 174.5 करोड़ रुपये के संदिग्ध ट्रांजेक्शन पाए गए हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन खातों में मौजूद 2 करोड़ रुपये होल्ड करा दिए हैं।

गूगल रिव्यू और टेलीग्राम टास्क

ऑनलाइन गेमिंग और केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी में किया जाता था। ठगी की रकम का 10 से 20 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के तौर पर रखा जाता था और बाकी रकम मुख्य सरगनाओं तक पहुंचाई जाती थी।

8 टीमों ने 4 शहरों में दी दबिश

साइबर अपराध पोर्टल से मिले डेटा और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस की 8 अलग-अलग टीमें बनाई गई थीं। इन टीमों ने रायपुर के अलावा दुर्ग, बलौदाबाजार और मध्य प्रदेश के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर गिरोह के सदस्यों को दबोचा।

इन-इन थानों में दर्ज हुई है एफआईआर

थाना माना: इंडसइंड बैंक खाते में 20.2 लाख की ठगी (5 गिरफ्तार)। **थाना तेलीबांधा:** यूको बैंक खाते के जरिए 21.29 लाख की ठगी (3 गिरफ्तार)। **थाना राखी:** पंजाब नेशनल बैंक खाते से 23.95 लाख की ठगी (4 गिरफ्तार)। **थाना सिविल लाइन:** डीसीबी और आईडीबीआई बैंक खातों के जरिए लाखों की ठगी (9 गिरफ्तार)। **थाना देवेंद्र नगर:** पंजाब एंड सिंध बैंक खाते से ठगी (4 गिरफ्तार)।

दर्जनों आरोपी धराए

शुभम साहू, पुलकित कुकरेजा, रोहित पीरमानी, प्रवीण सोनी, अब्दुल हिदायत, शुभम नागवानी, दइतारी दीप, पोषण ओझा, संभव यादव, मनीष कुमार सेन, योगेश यादव, मनीष मेश्राम, अजय कुमार, प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र कुमार देशमुख, मनोज वर्मा, कृष्णा निषाद, प्रतिक कुमार श्रीवास, रुपेश सिन्हा, पवन सदानी, गोपी वर्मा, नारायण कोसरिया, मनीष बुलानी, क्रिस्टोफर लौरेंस, रवि वाधवानी

कैसे काम करता था यह सिंडिकेट?

आईजी अमरेश मिश्रा के मुताबिक, ये आरोपी भोले-भाले लोगों को लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे या रेंट पर लेते थे। इन खातों का उपयोग वे, शेयर ट्रेडिंग के फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी इन्वेस्टमेंट।

पीड़ितों को लौटाए गए 4 करोड़ रुपये

रायपुर पुलिस ने केवल गिरफ्तारियां ही नहीं की हैं, बल्कि पीड़ितों की रकम वापसी पर भी जोर दिया है। पिछले 11 महीनों में पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद ठगी के शिकार लोगों को 4 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वापस कराई है। कुल 7 करोड़ रुपये की राशि होल्ड पर है, जिसे वापस दिलाने की प्रक्रिया जारी है।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 44 लाख की ठगी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की रेंज साइबर थाना पुलिस ने 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और दूसरा छत्तीसगढ़ के भिलाई का रहने वाला है। इन आरोपियों के बैंक खातों का जाल इतना बड़ा है कि देश के 18 से अधिक थानों में इनके खिलाफशिकायतें दर्ज हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी सतीश शर्मा (रायपुर) ने रेंज साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात ठगों ने उन्हें शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच देकर 44 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 5/24, धारा 318(4), 111, 3(5) बीएनएस और 66(D) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देशन में साइबर सेल की टीम ने जब तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल नंबरों और बैंक ट्रांजेक्शन की जांच की, तो 'म्यूल बैंक अकाउंट्स' (किराए के खाते) का पता चला।

तबादले के 5 माह बाद भी 20 आरआई ने अब तक नहीं छोड़ी कुर्सी

रायपुर। शासन ने 30 जून को 58 राजस्व निरीक्षकों का तबादला सूची जारी की थी। इसमें रायपुर जिले से 20 आरआई को अन्य जिलों में जाना था। लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारियों की पोस्टिंग की गई थी। लेकिन आदेश को 5 माह से ज्यादा बीत जाने के बाद भी 95 फीसदी राजस्व निरीक्षकों ने वर्तमान पदस्थापना को छोड़कर नवीन जगह पर जॉइन नहीं किया है। अकेले रायपुर जिले में 20 राजस्व निरीक्षकों ने शहर छोड़कर दूसरे स्थान पर जॉइन नहीं किया है। आरआई यह तर्क दे रहे हैं कि उनका ट्रांसफर हो चुका है, ऐसे में नए प्रकरण दर्ज नहीं कर सकते हैं, बल्कि वे पुराने प्रकरणों को निपटाने का काम कर रहे हैं। जबकि ट्रांसफर के बाद भी ये नई पदस्थापना वाली जगह पर जॉइन नहीं करके शासन के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो 20 निरीक्षकों का तबादला हो चुका है। कई ऐसे आरआई भी है जो अपना ट्रांसफर रुकवाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। यही वजह है कि इन्हें दूसरी जगह भेजने के लिए किसी प्रकार का दबाव भी नहीं बनाया जा रहा है।

दुर्ग होटल में हत्या, लाश को बाइक में बैठाकर रायपुर लाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर इलाके में पिछले महीने मिली युवती की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। यह मामला सिर्फएक हत्या का नहीं, बल्कि एक शातिर चोरी गिरोह के काले कारनामों का भी खुलासा है। मुख्य आरोपी हरीश पटेल को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने न केवल युवती की हत्या की, बल्कि अपने साथियों के साथ मिलकर रायपुर समेत देश के अलग-अलग इलाकों में करीब एक दर्जन चोरियों को भी अंजाम दिया था।

प्रयागराज में लोकेशन बदलकर छिप रहा था आरोपी

22 नवंबर को लाश मिलने के बाद आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और रायपुर पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के बाद पुलिस को देवार बस्ती के शातिर चोर हरीश पटेल पर शक हुआ। पुलिस की टीमें महाराष्ट्र, एमपी और यूपी में छापेमारी करती रहीं और आखिरकार उसे प्रयागराज से दबोच लिया गया।

लाश को बाइक पर लाया

आरोपी हरीश पटेल मृतका को लेकर दुर्ग के एक होटल पहुंचा था। युवती पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर दोनों ने गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसे मोटर साइकिल बिठाया और दुर्ग से रायपुर तक सफर तय किया। इसके बाद लाश को अमलीडीह स्थित एक खाली प्लॉट में फेंक कर फरार हो गए।

पहली बार स्वदेशी डिजिटल इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम औषधि-ईआर लॉन्च

एम्स ट्रामा यूनिट में दवाओं की कमी पर मिलेगा ऑनलाइन अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के ट्रामा-इमरजेंसी विभाग में अब दवाओं की कमी मरीजों के इलाज में बाधा नहीं बनेगी। राज्य में पहली बार स्वदेशी डिजिटल इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम औषधि-ईआर लॉन्च किया गया है, जिससे दवाओं की उपलब्धता पर रियल टाइम निगरानी संभव हो सकेगी। स्टॉक में किसी भी दवा की कमी होते ही संबंधित विभाग को ऑनलाइन अलर्ट मिल जाएगा। करीब एक माह तक परीक्षण के बाद 20 दिसंबर को एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने इस सिस्टम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने इसे अन्य विभागों में भी लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस सिस्टम के माध्यम से ट्रामा-इमरजेंसी विभाग में उपयोग होने वाली 110 अतिआवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

ट्रामा-इमरजेंसी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इमरजेंसी यूनिट में मरीजों को दी जाने वाली दवाएं एम्स द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनमें कई जीवनरक्षक इंजेक्शन शामिल हैं, जिनकी कीमत 10-10 हजार रुपये तक होती है। पहले कुछ दवाएं सूची में शामिल न होने के कारण मरीजों के परिजनों को अमृत फॉर्मेसी से लानी पड़ती थीं, भले ही उनकी कीमत बहुत कम होती थी। इस असुविधा को दूर करने के लिए ही यह सिस्टम विकसित किया गया। पहले चरण में यह डिजिटल सिस्टम ट्रामा-इमरजेंसी विभाग के ट्रायेज एरिया तथा ग्रीन और रेड जोन में लागू किया गया है। जल्द ही इसे ट्रामा आईसीयू और आपातकालीन ऑपरेशन थियेटर में भी लागू किया जाएगा।

ग्रीन, यलो और रेड सिग्नल से मिलेगी जानकारी

सिस्टम के तहत सभी 110 अतिआवश्यक दवाओं के अलग-अलग बारकोड वाले बकेट तैयार किए गए हैं। मरीज को दवा देने के बाद बारकोड स्कैन करते ही दवा की खपत और शेष स्टॉक की जानकारी कंप्यूटर स्क्रीन पर आ जाती है। पर्याप्त स्टॉक होने पर ग्रीन, कम होने पर यलो और गंभीर कमी की स्थिति में रेड सिग्नल ब्लिंक करता है। रेड सिग्नल मिलते ही दवा की आपूर्ति तत्काल संबंधित यूनिट तक पहुंचाई जाती है। साथ ही ईमेल अलर्ट के जरिए विभागाध्यक्ष, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफको भी सूचना मिल जाती है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि इस सिस्टम को विकसित करने में डॉ. रोशन मैथ्यू और डॉ. नमन अग्रवाल की अहम भूमिका रही। पहले दवाओं का स्टॉक भारी-भरकम रजिस्टरों में दर्ज किया जाता था, बावजूद इसके कई बार अचानक दवा की कमी हो जाती थी।

खबरों की मरम्मत

जब सदन गूँजा ठहाकों से

ओपनर बेस्टमैन की तरह प्रदेश के वित्तमंत्री जी ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट 2047 में चर्चा शुरू की और म्यू म्यू ने सदन में 5 मिनट तक ठहाके लगा दिए। पारी की शुरुआत हँसी ठहाकों से आगे बढ़ती हुई प्रदेश की शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने की ओर बढ़ी। युवाओं को रोज़गार के नए अवसर उपलब्ध कराने पर फ़ोकस किया गया है । छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई दिशा देने ठोस रोडमैप तैयार किया गया हैं वहीं विपक्ष की अनुपस्थिति पर छक्का जड़ते हुए बोले मैदान में अनुपस्थित रहने वालों को जनता ने 2023 में ही आउट कर दिया था। हमारा विजन 2047 छत्तीसगढ़ की विकासयात्रा का दस्तावेज है।

मास्टर ब्लास्टर अजय चंद्राकर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सत्ता पक्ष से विधायक चंद्राकर मास्टर ब्लास्टर बनकर उभरे हैं। मास्टर ब्लास्टर चंद्राकर ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में विजन 2047 पर चर्चा के दौरान अपने ही सरकार को चौके- छक्कों से ऐसा धोया है कि उनके वक्तव्य पर सदन में केवल एक ही आवाज़ गूंज रही थी लहरा दो लहरा दो गर्दिश में छत्तीसगढ़ विजन 2047 के विजन को लहरा दो। शीतकालीन सत्र के शुरूआत में ही मास्टर ब्लास्टर चंद्राकर ने अपना मास्टर स्ट्रोक लगाते हुए कहा कि नवाँ अँजोर (छत्तीसगढ़ विजन 2047) में विजन की कल्पना हैं इसमें ठोस बुनियाद और स्पष्ट परिणाम नज़र नहीं आ रहा है । नवाँ अँजोर शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कल्पना से रोज़गार नहीं मिल जाएगा क्योंकि कि अनुमान लगाने भर से बाउंड्री नहीं मिलती। अपने संबोधन का शतक पूरा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में नई अवधारणा बनाने काफ़ी पोटेशियल है लेकिन अभी तक कोई नीति नहीं बनी है।

कांग्रेस भी अब दिखाएगी दम

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने भी अब प्रदेश में विपक्ष की सशक्त भूमिका निभाने का फैसला कर लिया है। वह अब अपना दम दिखाएगी और सरकार के नाक में दम करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ अब कांग्रेस जन सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ेंगे। मनरेगा की मूल भावना को खत्म करने का जो कुत्सित प्रयास किया जा रहा है उसके खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन छेड़ा जाएगा। ऐसा हुआ तो इस ठंड के मौसम में सियासत गरमाएगी।

स्कूलों के मिलेंगे नये माई बाप

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकारी स्कूलों की दुर्दशा दूर करने की दिशा में नई पहल की है। उन्होंने प्रदेश के सभी जन प्रतिनिधियों से एक-एक सरकारी स्कूल को गोद लेने का आग्रह किया है ताकि सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हो और वहां छात्र-छात्राओं को अनुकूल वातावरण व सुविधाएं सुलभ हों। देखना दिलचस्प होगा कि कितने जनप्रतिनिधि इसके लिए तैयार होते हैं और बिन माई बाप के हो गए बदहाल सरकारी स्कूलों के जागरूक अभिभावक की भूमिका निभा पाते हैं?

यंत्र तंत्र सर्वत्र प्रदूषण का प्रकोप

ठंड के मौसम में देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रदूषण को लेकर हल्ला बोला जा रहा है लेकिन इस मामले में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, न्यायधानी बिलासपुर और संस्कारधानी दुर्ग- भिलाई भी पीछे नहीं है। यहां भी यत्र तत्र सर्वत्र प्रदूषण का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिस पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कोई कारगर पहल नहीं हो रही। नतीजतन सड़क पर चलने वाले लोग नकाबपोश पर बनने पर बाध्य हो रहे हैं। डाक्टर तो सलाह देने लगे हैं कि प्रदूषण से बचने लोग अनावश्यक घर से बाहर न निकले। मतलब घरखुसरा बनकर बीमारियों से बचें।

ट्वीन सिटी के एंड बेंड बस स्टेंड

ट्वीन सिटी दुर्ग - भिलाई के बस स्टैंड वाकई एंड बेंड मोटर स्टेंड बन गए हैं। बढ़ती आबादी के मिनी बसों व बसों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है लेकिन दुर्ग और भिलाई के वर्षों पुराने बस स्टैंड में जगह जस की तस है। जिससे बसों को सड़क पर ही पार्क करना पड़ता है। बस स्टैंड में वाहनों के अनुपात में जगह कम पड़ने से बस आपरेटरों के साथ ही यात्रियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन पुराने बस स्टैंडों को अन्यत्र स्थापित करने की जरूरत बड़ी शिद्दत से महसूस की जा रही है लेकिन शासन प्रशासन के कानों में जून भी नहीं रेंग रही है।

क्या हैं 1500 करोड़ का मामला

सीएम विष्णुदेव साय से बीजेपी के वरिष्ठ नेता और कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन की ओर से 1500 करोड रुपए मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।सोशल मीडिया में आजकल फेक न्यूज की रफ्तार इतनी बढ़ गई है कि लोग सच्ची खबर को भी फेक न्यूज मान कर इंगोर करने लगे है। पर फेक न्यू की तासिर इतनी गरम है कि चटखारे लेने वाले और सोशल मीडिया में राजनीतिक रोटी सेंकने वालों की निकल पड़ी है। मामला 1500 करोड़ की वसूली का मामला पूरे प्रदेश में तूल पकड़ा हुआ है। सत्ता पक्ष वाले इसे विपक्ष की कारस्तानी बता रहे है तो विपक्ष वाले इसे सौ टका सच की मुहर लगाकर बयान पर बयान पेल रहे है। सत्ता पक्ष तो एफआईआर दर्ज कराई है मामले की जांच कर दोषियों पर ठोस कार्रवाई की मांग कर रही है। अब ये मामला ऐसा भी नहीं है कि थाने से सुलझाया जा सके। ये हाईलेवल मामला है हर कोई अपने हाथ बचाकर राजनीतिक रोटी सेंकने की कोशिशों में लगा हुआ है। भले ही फेक न्यू हो पर 15 घंटे तक प्रदेश में राजनीति को गरमाए रखा है, ताकि कुछ लोगों का रोटी रोजगार चलता रहे।

हेमंत धोटे, कैलाश यादव, चन्द्र शेखर राव, हरि ओम चौहान, शाहीन कुरैशी, रंजन पांडेय।

लंबे समय से सड़क की समस्या जूझ रहे थे ग्रामीण, कई गांवों का संपर्क सुगम हो जाएगा

पीएम ग्राम सड़क योजना: 10.49 करोड़ की लागत से बनेंगी 6 नई सड़कें

तखतपुर/नवप्रदेश। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयासों से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने वाली है। विधायक की पहल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बैच-1 में तखतपुर विधानसभा के लिए 6 महत्वपूर्ण सड़कों की मंजूरी मिली है। इन सड़कों के निर्माण पर कुल 10 करोड़ 49 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इन सड़कों की कुल लंबाई लगभग 11.29 किलोमीटर है।

लंबे समय से जर्जर सड़कों की समस्या झेल रहे ग्रामीण इन मार्गों के बनने की बाट जोह रहे थे। इन सड़कों के बन जाने से बेलपान, कोटा और तखतपुर ब्लॉक के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय और मुख्य मार्गों से सुगम हो जाएगा। बेलपान सिलतरा रोड से खरगा 2.7 किलोमीटर लंबी इस सड़क के लिए 2 करोड़ 58 लाख 22 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। खुरदुर से महुआकापा 2.9 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 2 करोड़ 78 लाख 63 हजार रुपये की लागत से होगा। निगारबंद सूरीघाट रोड से केवटपारा 1.35 किलोमीटर की सड़क 1 करोड़ 23 लाख 19 हजार रुपये में बनेगी। बेलपान मेन रोड से मुड़ापार 1.34 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 1 करोड़ 21 लाख 29 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है।

खम्हरिया बीजा रोड से गुड़ीपारा 1.3 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1 करोड़ 16 लाख 95 हजार रुपये से होगा। सकेती बस्ती से जोगीदीप 1.7 किलोमीटर लंबी इस सड़क के लिए 1 करोड़ 51 लाख 06 हजार रुपये मंजूर हुए हैं। विधायक धमर्जीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और इन सड़कों के बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के लिए ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की राह अब आसान होगी। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि मैं तो सिर्फ2 साल से तखतपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और जितना काम इन 2 वर्षों में मैंने किया है, मुझे लोरमी क्षेत्र में 20 सालों में इतना काम करने की जरूरत नहीं पड़ी। मुझे आश्चर्य होता है कि तखतपुर विधानसभा क्षेत्र इतने वर्षों से इतना अपेक्षित क्यों रहा और क्यों यहां का ध्यान नहीं दिया गया।

सरकार ने बचाए डेढ़ करोड़, पिछले साल की तुलना में 87 फीसदी खरीदी

एक माह में 230 एकड़ रकबा का समर्पण, प्रशासन की अपील का दिखा असर

रायपुर/ बिलासपुर/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के एक माह में जिले के 42 हजार 92 किसानों से 2 लाख 4 हजार 650 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। खास बात यह है कि इस बार प्रशासन ने जिले के किसानों से 93 हेक्टेयर यानी लगभग 230 एकड़ का रकबा समर्पण कराया गया, जिससे सरकार ने 1 करोड़ 49 लाख रुपए की बचत की।

सीधे शब्दों में कहा जाए तो प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी के लालच में किसान छोटे-छोटे रकबे या गैर कृषि जमीन के नाम पर धान बेचते थे। इस पर सरकार ने अंकुश लगाकर बचत करने का प्रयास किया है। धान का समर्थन मूल्य प्रति एकड़ 21 क्विंटल है और सरकार प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए में खरीद रही है। अच्छी खासी राशि मिलने के कारण किसान अपने पूरे रकबे का धान बेचने के फिराक में है। कोटा पूरा करने के लिए किसान एक-एक डिसमिल भूमि के एवज में धान बेचने जूटे हैं। इससे उत्पादन से अधिक मात्रा में धान की बिक्री की शिकायत मिलती है। इसको देखते हुए शासन ने प्रशासन को छोटे-छोटे रकबे और उत्पादन से अधिक धान खपाने वाले किसानों पर रोक लगाने को कहा है।

इसके लिए शासन ने जिला प्रशासन को किसानों से रकबा समर्पण कराने को कहा है। ऐसी स्थिति में प्रशासनिक अमला समितियों में रकबा समर्पण की अपील के साथ-साथ अभियान भी चला रहा है। इसके परिप्रेक्ष्य में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा किसानों से रकबा समर्पण की अपील की जा रही है। खरीदी शुरू हुए एक माह बीत जाने के बाद सामने आए आंकड़े इस पहल की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं। जिले में अब तक किसानों से 93 हेक्टेयर, यानी लगभग 230 एकड़ का रकबा समर्पण कराया जा चुका है। यदि प्रति एकड़ औसतन 21 क्विंटल धान की गणना की जाए, तो लगभग 4,830 क्विंटल धान की खरीदी से बचाव हुआ है। इस तरह सरकार को 1 करोड़ 49 लाख 73 हजार रुपए की सीधी बचत हुई है।

खरीदी और उठाव पर एक नजर

जिले में कुल 1,32,675 किसान पंजीकृत हैं, लेकिन अब तक केवल 42,092 किसानों ने ही धान बेचा है, जो कुल का मात्र 32 प्रतिशत है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अभी भी बड़ी संख्या में किसान खरीदी प्रक्रिया से बाहर हैं। अब तक जिले में कुल 2,04,650 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 87 प्रतिशत है। समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कुल राशि 484.81 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यह आंकड़े जिले में खरीदी की व्यापकता और किसानों की भागीदारी को दर्शाते हैं। धान के उठाव की स्थिति पर नजर डालें तो अब तक 1,31,792 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। जारी किए गए डीओ के विरुद्ध उठाव का प्रतिशत 65 प्रतिशत, जबकि कुल खरीदी के विरुद्ध उठाव 64 प्रतिशत रहा है।

अनावश्यक खरीदी और सरकारी धन की बचत

> रकबा समर्पण जैसी पहल से न केवल अनावश्यक खरीदी पर रोक लगी है, बल्कि सरकारी धन की भी बचत होगी। आने वाले दिनों में भी किसानों से रकबा समर्पण करने की अपील करेंगे। ताकि खरीदी व्यवस्था अधिक पारदर्शी हो।
>
> **अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

सरपंचों ने ग्राम पंचायतों में तालाबंदी की दी चेतावनी

दुर्ग/नवप्रदेश। सरपंचों ने 15वें वित्त की राशि अभी तक पंचायतों में नहीं पहुंचने रोष रोष जताया है। जनपद सभागार दुर्ग में सरपंच संघ की बैठक पश्चात सरपंचों ने संघ के अध्यक्ष युगल किशोर आडिल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इसमें उन्होंने 15 दिवस के भीतर पंद्रहवें वित्त की राशि पंचायतों को नहीं प्रदान किए जाने पर ग्राम पंचायतों में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। सरपंचों ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि 15वें वित्त की राशि अभी तक नहीं आया है, जिससे गांवों में मूलभूत सुविधा जल, सफाई, बिजली आदि कार्य बाधित है, यदि 15 दिवस के भीतर राशि पंचायतों को नहीं प्रदान किया गया तो तालाबंदी किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष युगल किशोर साहू, उपाध्यक्ष अरुण गौतम, सचिव अनिल बंजारे, मीडिया प्रभारी कीर्तन साहू, सरपंचगण रोशन लाल साहू, दिग्विजय सिन्हा, चुम्मन यादव, मीना यादव, भूपेंद्र टंडन, गंगिया रावते, माधो लाल देवांगन, इंद्रजीत साहू, दुष्यंत कुमार साहू, कमल देवांगन, माखन साहू, अमन नारंग आदि उपस्थित रहे।

लापता नाबालिग बालिका हैदराबाद से सकुशल बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लापता नाबालिग बालिका को पुलिस ने हैदराबाद से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में नाबालिग के पिता ने 24 जुलाई को बसंतपुर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू ने बताया कि नाबालिग लड़की के पिता ने 24 रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में गुम इंसान एवं अपराध क्रमांक 327/2025 धारा 137 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

बकाया राजस्व वसूली अभियान के तहत जोन-4 में कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर द्वारा बकाया राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत नगर निगम जोन क्रमांक 4 के राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कटोरा तालाब स्थित बकायादार नेताजी होटल पर सीलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की। यह कार्रवाई पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 अंतर्गत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेताजी होटल पर वर्ष 2019-20 से 2025-26 तक कुल 7 लाख 65 हजार रुपये की बकाया राशि थी, जिसका भुगतान लंबे समय से नहीं किया जा रहा था। बकाया राशि अदा नहीं किए जाने पर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार तथा जोन-4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव एवं उपायुक्त राजस्व जागृति साहू के निर्देश पर नगर निगम जोन-4 के राजस्व विभाग की टीम ने सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू की उपस्थिति में स्थल पर सीलिंग की कार्रवाई की।

बस की चपेट में आने से पिता की मौत, बाल-बाल बचे बच्चे

भिलाई/ जामगांव/नवप्रदेश। पौहा और कुम्हली के मध्य शनिवार शाम एक सड़क हादसे में पौहा निवासी युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो बच्चे बाल-बाल बच गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी ने तत्काल सहायता के तौर पर 25 हजार रुपए देने की पेशकश की, जिसे ग्रामीणों ने लेने से इंकार कर दिया। जानकारी के अनुसार, पौहा निवासी तरुण चंद्राकर (40 वर्ष) कुम्हाली सेवा सहकारी समिति से काम निपटाकर अपने दो बच्चों के साथ पौहा से जामगांव आर की ओर जा रहा था।

इंस्टाग्राम से दोस्ती कर युवती से दुष्कर्म, वीडियो कर दिया वायरल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा क्षेत्र में रहने वाली युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवक उसे घुमाने के बहाने सुनसान जगह पर लेकर शारीरिक संबंध बनाया। इसका वीडियो बनाकर युवक ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। युवती ने जब उसे शादी करने के लिए कहा तो अश्लील वीडियो को वायरल कर दिया। युवती को शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित युवक को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली युवती ने दुष्कर्म की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान बेलगहना क्षेत्र के सोनपुरी निवासी अरुण कुमार भानु (30) से हुई थी। इसके बाद दोनों मोबाइल पर बातचीत करने लगे। इसी बीच युक्क उसे घुमाने के बहाने बाइक पर बिठाकर सुनसान जगह पर ले गया। जहां पर युवक ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसका उसने अपने मोबाइल पर वीडियो भी बना लिया था। युवक इस वीडियो को दिखाकर उसे बार-बार मिलने के लिए बुलाता था। उसने ब्लैकमेल कर युवती से कई बार दुष्कर्म किया। युवती ने जब उसे शादी करने के लिए कहा तो वह मारपीट करने लगा। उसने युवती को वीडियो वायरल करने की भी धमकी दी।

प्यारेलाल सिंह ने देश की आज़ादी के लिए जीवन समर्पित कर दिया

सेनानी ठाकुर प्यारेलाल की जयंती पर प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा

रायपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह की जयंती के अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जोन क्रमांक 5 के सहयोग से जीई मार्ग स्थित आमापारा में छत्तीसगढ़ बुनकर सोसायटी परिसर के प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजधानी की प्रथम नागरिक एवं महापौर मीनल चौबे ने पुष्पांजलि अर्पित कर ठाकुर प्यारेलाल सिंह को सादर नमन किया।

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह ने देश की आज़ादी के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समस्त राजधानीवासियों की ओर से महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्य सुमन अशोक पाण्डेय, पूर्व पार्षद दिलीप यदु, नगर निगम जोन 5 के जोन कमिश्नर खीरसागर नायक सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के परिवारजन, नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं, नवयुवक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रतिमा स्थल पर पुष्प अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह की स्मृति को नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन के माध्यम से देशभक्ति, त्याग और स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को जनमानस तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com